सूर्योदय : 5:59
सूर्यास्त : 6:22
अधिकतम तापमान : 39.0
न्यूनतम : 24.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-304 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 16 अप्रैल 2024
06 शव्वाल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# अभी तिहाड़ में रहेंगे केजरीवाल

**शराब घोटाला**

- केजरीवाल को फिर लगा झटका
- राउज एवेन्यू कोर्ट ने 23 तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने अब समाप्त हो चुकी उत्पाद शुल्क नीति से संबंधित धन शोधन मामले में सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी।

विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत द्वारा उन्हें 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजने के कुछ घंटों बाद 1 अप्रैल को दोपहर में उन्हें तिहाड़ जेल भेज दिया गया। इससे पहले दिन में, मामले में सह-आरोपी, बीआरएस नेता के कविता की हिरासत भी 23 अप्रैल तक बढ़ा दी गई थी। प्रवर्तन निदेशालय ने 21 मार्च को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति के संबंध में केजरीवाल को गिरफ्तार किया था, ने पहले विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की राउज़ एवेन्यू अदालत को बताया था कि वह पूरी तरह से असहयोगी, टालमटोल करने वाले थे, पूछताछ के दौरान उन्होंने भ्रामक जवाब दिए। अपने पहले के रिमांड आवेदन में ईडी ने आरोप लगाया था कि दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति में बदलाव के बाद प्राप्त रिश्वत का इस्तेमाल गोवा विधानसभा चुनावों के लिए आप के अभियान को वित्तपोषित करने के लिए किया गया था। एजेंसी ने केजरीवाल को कथित घोटाले का किंगपिन और मुख्य साजिशकर्ता कहा।



## 21 मार्च को हुई थी गिरफ्तारी

अरविंद केजरीवाल के अलावा आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया भी आबकारी नीति मामले में पिछले साल फरवरी से जेल में हैं। मामले में संजय सिंह को भी गिरफ्तार किया गया था, हालांकि वह हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आए हैं। ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च की शाम दो घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद से वह हिरासत में हैं।

## मणिपुर को टूटने नहीं देंगे : शाह



**नई दिल्ली।** मणिपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने नस्ली हिंसा से प्रभावित मणिपुर को एकजुट रखने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव मणिपुर को तोड़ने वाले और मणिपुर को जोड़कर रखने वालों के बीच है। उन्होंने कांग्रेस पर मणिपुर के विभाजन का एजेंडा बनाने का आरोप लगाया। शाह ने साफ कर दिया कि कोई कितना भी जोर लगा ले, हम मणिपुर को टूटने नहीं देंगे। कांग्रेस पर विभाजन की राजनीति का आरोप लगाते हुए अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस जहां भी जाती है, विभाजन की बात करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पहले भी देश का विभाजन कर चुकी है और अब उत्तर और दक्षिण भारत में बांटना चाहती है।

## सीबीआई-ईडी को लेकर विपक्ष के आरोपों पर पीएम मोदी ने दिया जवाब

# किसी को डरने की जरूरत नहीं है

**साक्षात्कार**

- हमारे लिए आस्था का विषय है राम मंदिर
- एक देश-एक चुनाव पर पीएम मोदी ने रखी अपनी बात
- भ्रष्टाचार ने देश को तबाह किया

### मैं अभी बहुत कुछ करना चाहता हूं



'यह तो सिर्फ ट्रेलर है' का क्या मतलब होता है, इस सवाल का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब मैं कहता हूं कि मेरे मन में बहुत बड़े-बड़े प्लान हैं। इससे किसी को डरने की जरूरत नहीं है। मेरे निर्णय किसी को डराने के लिए नहीं हैं। मेरे निर्णय किसी को दबाने के लिए भी नहीं हैं। मेरे निर्णय देश के सर्वांगीण विकास के लिए हैं। मेरे निर्णय जनकल्याण के लिए हैं। देश के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने में मैं देर नहीं करना चाहता। मैं समय नहीं बिगाड़ना चाहता।

**नई दिल्ली।** मेरे निर्णय किसी को डराने के लिए नहीं हैं। मेरे निर्णय किसी को दबाने के लिए भी नहीं हैं। मेरे निर्णय देश के सर्वांगीण विकास के लिए हैं। यह कहना है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का। एएनआई को दिए गए एक इंटरव्यू में पीएम मोदी ने कहा कि ज्यादातर सरकारों का स्वाभाव होता है कि उन्हें लगता है कि उन्होंने सब कुछ कर लिया लेकिन मैं ऐसा नहीं मानता कि मैंने सब कुछ कर लिया। लेकिन यह जरूर है कि मैंने ज्यादा से ज्यादा करने का प्रयास किया है। एक राष्ट्र-एक चुनाव पर प्रधानमंत्री मोदी ने साक्षात्कार में कहा कि यह हमारी प्रतिबद्धता है। हमने इसके लिए समिति बनाई, जिसे कई लोगों ने अपने सुझाव दिए। एक राष्ट्र-एक चुनाव योजना को लेकर सकारात्मक सुझाव आए हैं। अगर हम इस रिपोर्ट को लागू कर पाए तो देश को बहुत फायदा होगा। गौरतलब है कि रविवार को जारी किए गए घोषणा पत्र में भी भाजपा ने एक राष्ट्र-एक चुनाव लागू करने का वादा किया है। इंटरव्यू में उन्होंने आगे कहा कि ज्यादातर सरकारों का स्वाभाव होता है कि उन्हें लगता है कि उन्होंने सब कुछ कर लिया लेकिन मैं ऐसा नहीं मानता कि मैंने सब कुछ कर लिया। मैंने ज्यादा से ज्यादा करने का प्रयास किया है। सही दिशा में जाने का प्रयास किया है। बावजूद इसके बहुत कुछ है, जो मुझे अभी भी करना है।

## राहुल के खिलाफ भाजपा पहुंची चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा ने कहा है कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ निराधार आरोप लगाए हैं। सोमवार को भाजपा महासचिव तरूण चुघ,सांसद सुधांशु त्रिवेदी और ओम पाठक सहित पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग के अधिकारियों से मुलाकात कर कहा कि गांधी चुनाव आयोग द्वारा पहले नोटिस दिए जाने के बावजूद झूठे और घोर दुर्भावनापूर्ण आरोप लगा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर कर्नाटक के मैसूर में जनसभा के दौरान पीएम मोदी की एक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस ने भी चुनाव आयोग का रुख किया है। बता दें कि पीएम मोदी ने मैसूर में बोलते हुए कांग्रेस को टुकड़े-टुकड़े गैंग का सुल्तान कहा था। भाजपा ने राहुल पर दुर्भावनापूर्ण आरोप लगाने की शिकायत करते हुए चुनाव आयोग से उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# विकासित भारत का ब्लू प्रिंट है संकल्प पत्र: योगी

**गारंटी**

- बिजली बिल जीरो करने पर है हमारा जोर
- युवा, महिला, गरीब व किसान के हित में है संकल्प पत्र
- हमारा मिशन 80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि देश का गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के चार आधार हैं।


उन्होंने कहा ये संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है, जिसमें हमने विकसित भारत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की भी उद्घोषणा की है। उन्होंने यूपी में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नया नारा देते हुए कहा कि 80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार। सीएम योगी पार्टी कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

### देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास

मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से अपना संकल्प पत्र जारी किया है। इसकी पहली चार प्रतियां देश के चार सामाजिक स्तंभों का प्रतिनिधित्व करने वाली हैं। ये हैं गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल मात्र नहीं है, बल्कि यह भारत के विजन को मिशन मानकर प्रभावी ढंग से लागू करने के 140 करोड़ जनता की आकांक्षा बन चुकी है। आज देश का जो भी एंबीशन है वह पीएम मोदी का विजन बन चुका है और हमारे लिए वही मिशन है। इस देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास है। सीएम योगी ने कहा कि संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है। देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार बना है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारा संकल्प पत्र नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकासित भारत का ब्लू प्रिंट है। ये भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध का की उद्घोषणा के साथ ही अन्त्योदय से सर्वोदय और ग्लोबल लीडर भारत के संकल्प को भी दोहराता है। ये संकल्प पत्र जिन-जिन सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है वो मोदी की गारंटी पर आधारित हैं। ये पहला आम चुनाव है जिसके प्रमाण के बारे में आश्वस्ती का भाव पूरे देश में मिल रहा है। लोगों को मोदी जी की गारंटी पर विश्वास है। विकसित भारत की आकांक्षाओं का आधार ये संकल्प पत्र बनेगा।

## तिहाड़ जेल में केजरीवाल से भगवंत मान ने की मुलाकात

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तिहाड़ जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार दोपहर में मुलाकात की। सीएम अरविंद केजरीवाल से मुलाकात के बाद पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा, यह देखकर बहुत दुख हुआ कि उन्हें वे सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, जो कट्टर अपराधियों को भी मिलती हैं। उनकी गलती क्या है? उनके साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है मानो आपने देश के सबसे बड़े आतंकवादियों में से एक को पकड़ लिया हो। पीएम मोदी क्या चाहते हैं? अरविंद केजरीवाल जो कट्टर ईमानदार हैं, जिन्होंने पारदर्शिता की राजनीति शुरू की और भाजपा की राजनीति खत्म की, उनके साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है।







# श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में पांच अगस्त को सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**आस्था**

- हाईकोर्ट में चल रही मूल मुकदमे की सुनवाई पर कोई रोक नहीं
- मुकदमे हाईकोर्ट स्थानांतरित करने के आदेश को चुनौती



**नई दिल्ली।** मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान से सटी शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वे पर फिलहाल रोक जारी है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सर्वे पर रोक का अपना अंतरिम आदेश आगे बढ़ा दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने मामले को पांच अगस्त को सुनवाई पर लगाने का आदेश दिया है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने यह साफ किया है कि इलाहाबाद हाई कोर्ट में इस विवाद से संबंधित मूल मुकदमे में चल रही सुनवाई पर कोई रोक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं लंबित हैं, जिनमें शाही ईदगाह मस्जिद में कोर्ट की निगरानी में सर्वे के इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने गत 16 जनवरी को हाई कोर्ट के 14 दिसंबर 2023 के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी थी, जिसमें शाही ईदगाह मस्जिद में कोर्ट की निगरानी में सर्वे का आदेश दिया गया था। इसके अलावा कृष्ण जन्मस्थान शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में मथुरा की जिला अदालत में लंबित सभी मुकदमे इलाहाबाद हाई कोर्ट स्थानांतरित करने के हाई कोर्ट के 26 मई, 2023 के आदेश को चुनौती दी गई है। सोमवार को ये सभी मामले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष सुनवाई पर लगे थे। पीठ ने मामले की सुनवाई अगस्त तक टालते हुए सभी पक्षों को तब तक प्लीडिंग यानी उत्तर प्रति उत्तर दाखिल करने का काम पूरा करने को कहा है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि इस बीच सभी अंतरिम आदेश जारी रहेंगे। जब मंदिर पक्ष की ओर से पेश वकील ने कहा कि हाई कोर्ट में 16 अप्रैल को सुनवाई होनी है।

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने हावड़ा में जुलूस निकालने की दी अनुमति

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को हावड़ा शहर में रामनवमी पर जुलूस निकालने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने शर्त लगाई है कि आयोजन बिना की तनाव के संपन्न हो। हालांकि, अदालत ने यह अनुमति कई शर्तों के साथ दी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, याचिकाकर्ताओं ने शिबपुर आईआईईएसटी के पास से हुगली नदी के तट पर स्थित रामकृष्णपुर फेरी घाट तक शोभायात्रा निकालने की अनुमति देने का अनुरोध किया था।






## पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे एलन मस्क

**नई दिल्ली।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क इस महीने के आखिर में अपनी भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। हाल ही में सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने ट्वीट कर इसका खुलासा किया था। ऐसे में इस बात को लेकर चर्चा तेज है कि मस्क की यह यात्रा संभावित रूप से टेस्ला के निवेश योजनाओं और देश में एक नया कारखाना खोलने की घोषणा के साथ होगी।

वहीं, इस मुद्दे पर पीएम मोदी की टिप्पणी से इस चर्चा को बल मिलता है। पीएम मोदी ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि एलन मस्क भारत के समर्थक हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या हम भारत में टेस्ला कारें, स्टारलिंक देख सकते हैं, पीएम मोदी ने कहा, एलन मस्क मोदी के समर्थक हैं यह एक बात है, लेकिन मूल रूप से वह भारत के समर्थक हैं। मस्क संभवतः 22 अप्रैल को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे।

# देशभर में गजराज की हुई दर्दनाक मौतें

**हादसा**

- करंट से 100 और ट्रेन की चपेट में आने से 15 हाथियों की गई जान



**नोएडा।** सरकारी प्रयासों के बावजूद देश में हाथियों की मौत के मामलों में कमी नहीं आ रही है। यह खुलासा जानवरों के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे शहर निवासी समाजसेवी रंजन तोमर की आरटीआई में सामने आया है। उन्होंने केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय में आरटीआई लगाकर जानकारी मांगी थी।

मंत्रालय की ओर से हाथियों के संबंधी में जानकारी उपलब्ध कराई गई है। रंजन ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में सरकार के नए प्रयासों के बावजूद करंट लगने से मरने वाले हाथियों की संख्या बढ़ती जा रही है। वर्ष 2019-20 में 76 हाथी इस कारण से मारे गए थे। 2020-21 में यह संख्या घटकर 65 रही, जबकि 2021-22 में 57, लेकिन 2022-23 में यह बढ़कर 100 होना चिंताजनक है। इसमें सबसे ज़्यादा हाथी ओडिशा, आसाम, तमिलनाडु और कर्नाटक में हुई है। वहीं ट्रेन हादसों में भी हाथियों की मौत में कमी नहीं आई है। 2018-19 में 19, 2019-20 में 14 , 2020-21 में 12, 2021-22 में 15 और 2022-23 में फिर 15 हाथियों की मौत हुई।







## डीएम-एसपी ने नामांकन की तैयारियों का लिया जायजा

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार चतुर्थ चरण में खीरी और धौरहरा लोकसभा सीट पर 18 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। सोमवार सुबह डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एवं एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कलेक्ट्रेट में नामांकन प्रक्रिया के संबंध में व्यवस्थाओं और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी नेपाल सिंह एवं एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह को व्यवस्थाओं के संबंध में दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। 18-अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। डीएम के न्यायालय कक्ष में 28 खीरी संसदीय क्षेत्र और एडीएम के न्यायालय कक्ष में 29-धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन दाखिल होंगे।डीएम-एसपी ने कलेक्ट्रेट परिसर के मुख्य द्वार से लेकर नामांकन स्थल पर लगने



वाली बैरिकेडिंग व अन्य व्यवस्थाएं के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए। मुख्य द्वार से कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। केवल सीमित लोगों को ही प्रवेश दिया जाएगा। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने एएसपी को सभी बैरियर, चेक प्वाइंटों पर पुलिस की तैनाती के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था निर्धारित होनी है। कलेक्ट्रेट पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में नामांकन की प्रक्रिया चलेगी। केवल प्रत्याशी, उनके प्रस्ताव व निर्धारित संख्या में ही लोग नामांकन स्थल पर प्रवेश कर पाएंगे।मालूम हो कि 28द्बखीरी सीट के नामांकन डीएम महेंद्र बहादुर सिंह बतौर रिटर्निंग अफसर तो 29द्बधौरहरा सीट की नामांकन प्रक्रिया मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में पूरी कराएंगे। नामांकन पत्र प्राप्त करने की अवधि 18 अप्रैल से शुरू होकर 25 अप्रैल तक चलेगी। 26 अप्रैल को नामांकन की जांच के साथ 29 अप्रैल को नाम वापसी का दिन निर्धारित है। शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए जिले को 24 जोन और 207 सेक्टरों में बांटा है। 2890 बूथ और 1638 मतदान केंद्र बनाए हैं।

## मनोयोग से प्राप्त करे मतदान प्रक्रिया का सैद्धान्तिक प्रशिक्षण, सीखें ईवीएम संचालनः अनिल कुमार सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए नियुक्त किये गये पीठासीन एवं मतदान अधिकारियो के लिए धर्म सभा इंटर कॉलेज में आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन दो पालियों में प्रथम पाली में कोड संख्या 01 से 1000 तथा द्वितीय पाली में कोड संख्या 1001 से 2000 तक के मतदान कार्मिकों को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सीडीओ/प्रभारी अधिकारी (मतदान कार्मिक) अनिल कुमार सिंह ने प्रशिक्षण स्थल के उन सभी कक्षों का विधिवत् निरीक्षण किया, जहॉ पर कार्मिकों को सैद्धान्तिक एवं ईवीएम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मतदान कार्मिकों को इस बात के निर्देश दिये कि मतदान के दौरान ईवीएम मशीन में एरर आने पर उसे दूर करने के तरीकों को भली प्रकार से सीख लें। इसके अलावा एसएमएस और पंजिका को भरने के बारे में भी पूरी जानकारी प्राप्त की जाय। सभी कार्मिकों को सुझाव दिया कि प्रशिक्षण के दौरान आप में इतनी परिपक्वता आ जाए कि मतदान के दिन यदि कोई दिक्कत आती है तो आपको पता होना चाहिए कि आपको क्या करना है। मतदान कार्मिकों का आह्वान किया कि पूरे मनोयोग के साथ ईवीएम संचालन तथा मतदान प्रक्रिया के बारे में सैद्धान्तिक प्रशिक्षण प्राप्त कर लें ताकि पोलिंग डे पर आपको को किसी प्रकार असुविधा न हो। सीडीओ ने मतदान कार्मिकों को मतदान प्रतिशत संकल्प एप्प (स्वीप) के सम्बंध में जानकारी दी गई इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी (प्रशिक्षण) पीडी एसएन चौरसिया, जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, बीएसए प्रवीण तिवारी सहित काफी संख्या में पीठासीन अधिकारी मौजूद रहे।



### सीडीओ की दो टूक, अनुपस्थित कार्मिक प्राप्त करें प्रशिक्षण, अन्यथा होगी विभागीय कार्यवाही

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने प्रशिक्षण स्थल डीएस कॉलेज में सोमवार से शुरू हुए प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों का ब्यौरा तलब किया। वही अनुपस्थित कार्मिकों को एक और मौका देते हुए मंगलवार को दूसरी शिफ्ट में अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए अन्यथा की स्थिति में अनुपस्थित कार्मिकों पर विभागीय कार्यवाही शुरू की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित कार्मिकों का डाटा सीडीओ ने स्वयं अपने पास नोट किया। बताते चलें कि प्रथम पाली में 87 कार्मिक एवं द्वितीय पाली में 76 कार्मिक अनुपस्थित रहे।

## हाइड्रा से छत के ऊपर टैंक चढ़ाते समय अचानक पलटा हाइड्रा, बिजली लाइन क्षतिग्रस्त

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर-निघासन रोड पर गौशाला के पास छत पर टैंक चढ़ाते समय हाइड्रा पलटा बिजली लाइन हुई छतिग्रस्त लखीमपुर-निघासन रोड पर गौशाला के निकट एक छत पर हाइड्रा से छत के ऊपर टैंक चढ़ाया जा रहा था जिसे देखने के लिए मौके पर भारी भीड़ जमा थी इसी दौरान छत पर टैंक चढ़ाते समय हाइड्रा अचानक पलट गया। जिससे मौके पर मौजूद लोगों में हड़कम्प मच गया और लोग इधर-उधर भागने लगे। बताते हैं कि हाइड्रा के अचानक पलट जाने से बिजली लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। हालांकि किसी के हताहत नहीं हुआ।

## सामान्य प्रेक्षक संकेत एस भोंडवे ने किया बूथों की मैराथन निरीक्षण

**सहारनपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्वक और सुगमता से कराने के मद्देनजर सामान्य प्रेक्षक संकेत एस भोंडवे द्वारा बूथों की मैराथन विजिट करते हुए देवबन्द विधान सभा के कुल 38 बूथ जिसमें 16 क्रिटिकल बूथ शामिल थे का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने रणखण्डी, शहजादपुर, लालनाला, रेहटी देवी तथा मानकी सहित अन्य बूथों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस की संयुक्त टीम को निष्पक्ष व अधिकाधिक मतदान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने उपजिलाधिकारी देवबंद से मृतक व विस्थापित वोटरों की तत्काल सूची बनाने और औद्योगिक व कृषि मजदूरो की मतदान में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## जिलाधिकारी ने गर्मी व लू के प्रकोप से बचने के लिए जारी की एडवाइजरी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र ने गर्मी के मौसम में लू के प्रकोप से जनसामान्य को बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में लोग कुछ सावधानियां अपनाकर स्वयं को और अपने परिवार को गर्मी व लू के प्रकोप से सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में चाहे इंसान हो या पशु या फिर कोई पालतू जानवर सभी को विशेष देखभाल की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि बच्चों व बुजुर्गो का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग की ओर से जारी की गयी एडवाइजरी के अनुसार आगामी दिनों में दैनिक तापमान में तेजी से वृद्धि होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। हीट वेव असामान्य रूप से उच्चतम तापमान की अवधि है जब तापमान सामान्य तापमान से अधिक दर्ज किया जाता



है। वर्तमान समय में जनपद में परिस्थितियां लू के अनुकूल बनी हुई है। उच्च आद्रता तथा वायुमंडलीय परिस्थितियों के कारण उच्च तापमान लोगों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है, जिसके कारण शरीर में पानी की कमी और ऐंठन की शिकायत होने लगती है जिसके कारण लोगों को किसी गंभीर समस्या होने की संभावना बढ़ जाती हैं। हीट वेव (लू) से वृद्ध, बच्चे, गर्भवती महिलायें, बीमार मजदूर झोपड पट्टी में रहने वाले गरीब, दुर्बल एवं निराश्रित लोग अधिक प्रभावित होते है। इसके अतिरिक्त हीट वेव (लू) ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, जंगलों, जल संसाधनों, कृषि एवं पशुपालन, स्वास्थ्य तथा विद्युत आपूर्ति आदि को भी प्रभावित करता है। उन्होंने आमजन को लू के प्रकोप से बचने के लिए सलाह दी कि कड़ी धूप में विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से 03 बजे के बीच बाहर जाने से बचें। हल्के रंग के ढीले-ढाले और सूती कपडे पहनें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें, कपडे, टोपी या छाता का उपयोग करें। पर्याप्त और नियमित अन्तराल पर पानी पीतें रहें। सफर में पीने का पानी हमेशा साथ में रखें।

## वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित

**सहारनपुर।** चैत्र नवरात्र में आज महानगर के गौरी शंकर मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई। इस दौरान धर्माचार्यो के सानिध्य में यज्ञ में विधि-विधान के साथ पूर्णाहूति दी गई। बाजोरिया रोड स्थित गौरी शंकर मंदिर में आज धर्माचार्यो के सानिध्य में विधि-विधान के साथ यज्ञ में पूर्णाहुति दी गई और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भव्य श्री राम दरबार, शिव दरबार, लक्ष्मी नारायण, राधा कृष्ण, गणपति जी, हनुमान जी, सरस्वती जी, सिन्दूरी हनुमान जी एवं नर्मदेश्वर जी की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा कर विराजमान किया गया। कार्यक्रम में पं. अरुण व पंडित कौदंड ने कहा कि समस्त जनमानस का कल्याण हो। इसलिए सनातन धर्म की परंपरानुसार वैदिक मंत्रोच्चारण कर आचार्यजनों द्वारा यह धार्मिक कार्य किया जा रहा है।

## पिता का आरोप पुत्री के साथ मार पीट की और उसके बाद मार डाला

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** थाना अलीगंज क्षेत्र में नौरंगाबाद निवासी विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उसके मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि मृतका के शरीर पर चोटों के कई निशान थे। मुंह से खून भी निकल रहा था। उन्होंने ससुरालियों पर मामले को छिपाने का भी आरोप लगा रहे हैं। शिकायत पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी है गांव अटकोहना (थाना माधौटांडा) निवासी पिता कुलदीप सिंह ने बताया कि बेटी हरप्रीत कौर की पांच साल पहले अलीगंज के नौरंगाबाद निवासी मनप्रीत सिंह के साथ शादी की थी। बेटी का साढ़े तीन साल का एक बेटा भी है। आरोप है कि ससुरालियों ने पुत्री के साथ मारपीट की और उसे मार डाला उसके शरीर पर चोट के निशान थे।

मुंह से खून भी निकल रहा था उन्होंने ससुरालियों पर आरोप लगाते हुए बताया कि पांच दिन पहले सूचना दी थी कि बेटी ने कुछ जहरीला पदार्थ खा लिया था उसे लखनऊ में उपचार कराने की बात कही थी लेकिन लखनऊ पहुंचने से पहले ससुराली बिना किसी सूचना के पुत्री को वापस घर ले आए इसके बाद भी मौत की सूचना नहीं दी। बेटी के साथ किसी तरह की अनहोनी होने की आशंका होने पर मामला पुलिस को बताया। सूचना पर पहुंची डायल -112 ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के मायके वालों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही तहरीर दी जाएगी।

### 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** खीरी पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वांछित अभि0 पप्पू मारूती उर्फ मोइन पुत्र बाबू ड्राईवर नि0मौ0 बाजार कस्बा खीरी थाना व जिला खीरी सम्बन्धित मु0अ0सं0 0194/2024 धारा 2(ख)(6)/3 उत्तर प्रदेश गिरोह बन्द एंव समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधि0 1986 को कस्बा खीरी चौराहे से समय करीब रात्रि 22.55 बजे गिरफ्तारी कर माननीय न्यायालय भेजा गया अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### मोटरसाइकिल बरामद कर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना पढुआ पुलिस टीम द्वारा कार्यावाही करते हुए एक अदद मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलेक्स रजि0 नं0 UP34BH0257 बरामद करके अभियुक्त गामा उर्फ सूफियान पुत्र छोटकन्ने निवासी बिनौरा थाना पढुआ को औघड बाबा मन्दिर के पास वहद ग्राम ढखेरवा नानकार से समय 11.40 बजे गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 165/2024 धारा 411 भादवि0 पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा रहा है।

### पत्तियों के ढेर में लगी आग

**लखीमपुर खीरी।** फायर स्टेशन लखीमपुर के अंतर्गत थाना फरधान ग्राम- मऊ दाउदपुर में मुनेंद्र पुत्र युवराज सिंह, देवी दयाल पुत्र सोहनलाल , पप्पू पुत्र फकीरा, सुरेश चंद्र पुत्र ऋषिकांत, के छप्पर के बने घरों एवं बगीचे में इकट्ठा पत्तियों के ढेर में आग लगी थी ।जिसकी सूचना पर फायर स्टेशन लखीमपुर की यूनिट द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पूर्ण रूप से बुझाया गया ।छप्पर में रखा भूसा कंडा जल गया परंतु कोई जनहानि नहीं हुई।

### डीसीए के राजीव गुप्ता अध्यक्ष व लतीफुर्रहमान बने सचिव

**सहारनपुर।** डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन की बैठक में सर्वसम्मति से समाजसेवी राजीव गुप्ता को अध्यक्ष व लतीफ़ उर्रहमान को सचिव बनाया गया। इस मौके पर सभी ने सहारनपुर में क्रिकेट खेल को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। अंबाला रोड स्थित सभागार में आयोजित बैठक के दौरान सहारनपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन की कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर राजीव गुप्ता अध्यक्ष, लतीफ़ उर्रहमान सचिव, परविंदर सिंह उपाध्यक्ष, गोपाल कृष्ण उर्फ पाली कालड़ा कोषाध्यक्ष, महेश शर्मा ज्वाइंट सेक्रेटरी, भूपेंद्र कच्छल ज्वाइंट सेक्रेटरी स्पोर्ट्स और सैयद मशकूर को मीडिया प्रभारी और अपेक्स काउंसिल मेंबर साजिद उमर को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया। एसडीसीए सचिव लतीफ़ उर्रहमान ने बताया कि राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, सांसद हाजी फजलुर्रहमान, विधायक राजीव गुंबर, पूर्व विधायक संजय गर्ग, सपा के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रुद्रसैन, एमएलसी शाहनवाज खान, भाजपा नेता राजकुमार राजू और अमर गुप्ता को संरक्षक बनाया गया है। कार्यकारिणी घोषित होने के बाद सभी ने एक दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दल/प्रत्याशियों को रैली, जनसभा, लाउडस्पीकर, हेलीपैड, वाहन आदि की अनुमति सुविधा एप के माध्यम से दी जाएगी

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य



निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु बचत भवन सभागार में समस्त पार्टियों के जनप्रतिनिधियों के साथ नामांकन, पोस्टल बैलेट से मतदान एवं विभिन्न प्रकार की अनुमति जारी करने के संबंध में बैठक की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव संबंधी सभी अनुमतियों के लिए सुविधा पोर्टल/मोबाइल एप विकसित किया गया है। इसके माध्यम से प्रत्याशी/राजनैतिक दल ऑनलाइन आवेदन कर जनसभा, रैली, लाउडस्पीकर, नुक्कड़ सभा, वाहन, हेलीकॉप्टर, हेलीपैड, पोस्टर, बैनर, होर्डिंग, अस्थाई पार्टी कार्यालय आदि की अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए अब प्रत्याशियों/राजनैतिक दलों को निर्वाचन कार्यालय के चक्कर नहीं काटने होंगे इन सभी अनुमतियों के लिए उन्हें सुविधा एप पोर्टल पर 48 घंटे पूर्व ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उन्होंने कहा कि सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न अनुमतियों हेतु निर्धारित प्रारूप, अनुलग्नक एवं साथ में दिए जाने वाले दस्तावेजों की चेक लिस्ट दी जा चुकी है। अनुमति न मिलने की दशा में आयोजन सभा, रैली, वाहन प्रयोग विधिक रूप से अमान्य माना जाएगा एवं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के रूप में लिया जाएगा, इसलिए अनुमति प्राप्त करने हेतु निर्धारित प्रारूप पर 48 घंटे पूर्व ऑनलाइन आवेदन किया जाना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति के उपरोक्त आयोजन किए जाने पर संबंधित प्रत्याशी/राजनैतिक दल के विरुद्ध भा0दं0सं0 1951 की धारा 153 ए, 153 बी, 171 सी, 295 ए, 505(2), 130, 77(1), 127 एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अंतर्गत कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही राजनैतिक पार्टी के स्टार प्रचारक के आने व चुनाव प्रचार करने की अनुमति भी ली जाएगी, यदि अनुमति नहीं ली जाती है तो वह आरपी एक्ट की धारा 77(1) के अंतर्गत आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा और उस राजनैतिक पार्टी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

## नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाला आरोपी दबोचा

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा अपहृता को भी सकुशल बरामद करने में सफलता हासिल की है। गौरतलब रहे कि 14 अप्रैल 2024 को पीड़ित ने थाने में एक लिखित तहरीर देकर अभियुक्त राहुल पुत्र चमन निवासी ग्राम नैनखेडा थाना रामपुर मनिहारन पर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर घर के पास से भगा ले जाने के संबंध मे मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। एसएसपी डॉ.विपिन ताडा ने घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए अपहर्ता की शीघ्र सकुशल बरामदगी एंव अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दिशा-निर्देश दिये, जिसके अनुपालन मे पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी द्वारा गठित टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अपहृता को सकुशल बरामद करते हुए अभियुक्त राहुल पुत्र चमन निवासी ग्राम नैनखेडा थाना रामपुर मनिहारन को काशीराम बस अड्डे के पास रॉयल इनफिल्ड एजेन्सी के सामने से गिरफ्तार किया।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन से संबंधित समस्त नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र,निष्पक्ष,सकुशल एवम शांतिपूर्ण संपन्न कराने तथा समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारियों के साथ बचत भवन में बैठक की। उन्होंने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी निर्वाचन से संबंधित जिम्मेदारियां दी गई है उसका पालन करना सुनिश्चित करें। आयोग से प्राप्त निर्देशों की प्रतियां समय-समय पर संबंधित प्रभारी अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए। निर्धारित समय सारणी व निर्देशों के अनुसार कार्रवाई की जाए। अपने कार्य एवं दायित्व के निर्वहन में आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त निर्देशों का पालन न करने के फलस्वरूप किसी भी त्रुटि के लिए संबंधित नोडल अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदाई होंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही और शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने नोडल अधिकारियों से उनसे संबंधित कार्यों की प्रगति जानी।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी, अपर जिला अधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नगर मजिस्ट्रेट के अतिरिक्त निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मदरसा मौहम्मदिया का वार्षिक परीक्षाफल किया घोषित



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** शिक्षण संस्था मदरसा मौहम्मदिया का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर अपनी-अपनी कक्षाओं में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया। सडक दूधली स्थित मदरसा मौहम्मदिया में आज आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें कक्षा 8 में कुमारी हमरा व सोफिया जैनब, कक्षा 7 में कुमारी नाजिया व उजमा, कक्षा 6 में अली व कुमारी जेनुल, कक्षा 5 में कुमारी नबीया, कक्षा 4 में कु जैनब व जिया, कक्षा 3 में कु. सना व आयशा, कक्षा 2 में कु. शिफा व मो वासिफ, कक्षा 1 में रहिमा व मो. आहाद को सर्वोच्च अंक हासिल करने पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मण्डल महासचिव आरिफ मलिक ने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया और शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान बनने का आह्वान किया।

प्रधानाचार्य डा. नौशाद अहमद व उप प्रधानाचार्य नवाब ने बच्चों को अन्दर मेहनत लगन, ईमानदारी और कठोर परिश्रम सत्यनिष्ठता और पढ़ाई को टाईम टेबल बनाकर पढने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षका श्रीमति कविता सैनी, श्रीमति शिवानी कश्यप, कु. आयशा परवीन, मियू कुमारी, अंजली कुमारी, नगमा, कु. रुपाली, नाजिया तथा इन्तजाम अली, मौ. मुकीम, मौ. राशिद, मौ. मुर्सलीन, मौ. आबिद आदि मौजूद रहे।

## सभी मतदाता क्षेत्रवासी 20 मई को होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लें

*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** जनपद के थाना मोतीगंज क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पुलिस चौकी कहोबा के चौकी प्रभारी शिव लखन सिंह ने लोकसभा चुनाव में 20 मई को जनपद गोंडा मैं होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान में क्षेत्र के लोगों से जागरुक करते हुए बताया कि सभी मतदाता क्षेत्रवासी 20 मई को होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर कर हिस्सा ले और अपने अपने मतों का प्रयोग करें उन्होंने लोगों को जागरुक करते हुए बताया की चुनाव में मतदान के समय अगर कोई भी अराजक तत्व या आपराधिक किस्म का व्यक्ति गड़बड़ी करने की कोशिश करता है तो उसे फोन नहीं जाएगा वह चाहे जो हो और कितना पहुंच वाला क्यों ना हो उसे बक्सा नहीं जाएगा उन्होंने चुनाव को तथा मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करना हमारा कर्तव्य है चौकी प्रभारी शिव लखन सिंह ने यह भी बताया कि क्षेत्र में अराजक तत्वों व आपराधिक किस्म के व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है हमारे सिपाही क्षेत्र में रात दिन भ्रमण करते हैं करते हैं और अपराधियों व रजत तत्वों पर कड़ी नजर रख रहे हैं।

वैसे तो जब से कहोबा पुलिस चौकी पर चौकी प्रभारी के पद पर शिव लखन सिंह की तैनाती हुई है अपराधी किस्म के व्यक्ति व अराजक तत्व या तो अपराध करना छोड़ दिए हैं या जिला छोड़ दिया है क्योंकि चौकी प्रभारी द्वारा



चौकी का चार्ज लेते समय यह ऐलान कर दिया गया था कि हमारे रहते हुए कोई भी अपराधी अगर अपराध करता है तो उसे बक्सा नहीं जाएगा।

अपराधी या तो अपराध करना छोड़ दे या जिला नहीं तो उनको अंजाम भुगतना पड़ेगा।

## योगी आदित्यनाथ का अग्रवाल धर्मशाला से घंटाघर तक रोड शो आज

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कल (आज) अग्रवाल धर्मशाला से घंटाघर तक प्रस्तावित रोड शो में आईआईए के पदाधिकारियों ने कोरियोग्राफर नेहा सुम्मी की अगुवाई में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत करने का निर्णय लिया।

प्रताप मार्केट स्थित इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना की अध्यक्षता में आहूत बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भव्य रोड शो में आईआईए द्वारा श्रीराम चौक कपूर कैंप के निकट भव्य स्वागत किए जाने को लेकर रणनीति बनायी गयी। आईआईए के चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कल (आज) को अग्रवाल धर्मशाला से घंटाघर तक जाने वाले रोड़ शों में आईआईए द्वारा श्रीराम चौक कपूर कैंप के निकट भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमें उनके स्वागत हेतु कोरियोग्राफर नेहा सुम्मी द्वारा गणपती वन्दना, शिव ताडंव, कृष्ण सुदामा, कृष्ण राधा महारस, दुर्गा एवं राम सिया राम आदि सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जायेगी। साथ ही मुख्यमंत्री का पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत व अभिनन्दन भी किया जायेगा। उन्होंने आईआईए के पदाधिकारियों से परिवार सहित श्रीराम चौक पर कपूर कैप के निकट योगी आदित्यनाथ का भव्य स्वागत करने के लिए भारी संख्या में पहुंचने की अपील की। बैठक में चैप्टर सचिव अशोक छाबडा, कोषाध्यक्ष राही मक्कड, एफएफएसएआई वर्किंग ग्रुप चेयरमैन संजय बजाज, एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट वर्किंग ग्रुप चेयरमैन ऋषभ अग्रवाल, मंडलीय सचिव गौरव चोपडा, पूर्व चैप्टर चेयरमैन सन्दीप गुप्ता, उपाध्यक्ष अतीश गुप्ता, श्रम विभाग कंवीनर अनुज कुमार जैन आदि उपस्थित रहे।

## कालरात्रि स्वरूप का दर्शन कर निहाल हुए भक्त

# जय माता दी के लगे जयकारे

**चैत्र नवरात्रि**

- देवी मंदिरों में लगी भक्तों की लंबी कतार, श्रद्धालुओं ने की मां कालरात्रि की पूजा अर्चना







**प्रभात कुमार सिन्हा**

**लखनऊ।** चैत्र नवरात्रि की सप्तमी पर घरों और मंदिरों में आदिशक्ति मां जगदंबा के सप्तम स्वरूप महाकालरात्रि का विधि विधान से पूजन किया गया। घरों में स्थापित कलश पर गुड़हल का पुष्प अर्पित कर अक्षत, रोली, हल्दी, मौली सहित सौंदर्य प्रसाधान के सामान अर्पित किए गए। लखनऊ में साकेतपुरी भिलावां स्थित मां वैष्णों देवी मंदिर में मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई। वही गृहस्थों ने भी घट स्थापना और देवी अनुष्ठान के तहत मां कालरात्रि की आराधना की। मां दुर्गा की सातवीं शक्ति के रूप में कालरात्रि की पूजा अर्चना की जाती है। इनकी उपासना से भक्तों का कल्याण होता है मां कालरात्रि को यंत्र मंत्र और तंत्र की भी देवी कहा जाता है। यह शुभंकरी देवी हैं। देवी के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि के स्वरूप की आराधना की गई। मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देवी के दर्शन के लिए लगी रहीं। पुराणों में कहा गया है कि रक्तबीज का वध करने के लिए देवी दुर्गा ने अपने तेज से कालरात्रि को उत्पन्न किया था।

# कुशीनगर में गिने-चुने मीडिया तक सिमट कर रह गया मोदी की दस साल की उपलब्धियों का बखान

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** सूबे के कारागार मंत्री ने सोमवार को नगर के एक होटल में कुछ गिने चुने इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया के साथियों से मुखातिब होकर विपक्ष पर प्रहार किया और मोदी की गारंटी की चर्चा कर चलते बने। मजे की बात यह है कि स्थानीय स्तर पर संगठन के मीडिया प्रभारी द्वारा कारागार मंत्री के प्रेसवार्ता की सूचना कुछ गिने चुने लोगो को छोड़ किसी भी प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के साथियों को नही दी गई लेकिन मंत्री जी का समाचार सभी अखबारो मे भेजा गया। ऐसे में यह कहना गलत नही होगा साहब ! यह कवरेज नही मीडिया मैनेज है।

काबिले जिक्र है कि 15 अप्रैल सोमवार को सूबे के सभी जनपदों मे लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा चुनावी कैंपेन का शंखनाद की है। यूपी के 75 जिलों में भारतीय जनता पार्टी के मंत्री, सांसद, विधायक और बड़े नेताओं द्वारा पत्रकारों से मुखातिब होकर %%मोदी की गारंटी%% व मोदी सरकार के दस वर्षों की उपलब्धियों को गिनाना था। इसके पीछे शीर्ष नेतृत्व की मंशा यह है कि मीडिया के जरिए टीवी चैनलों और अखबारो के माध्यम से मोदी सरकार की नीतियां और उपलब्धियां जन-जन तक न सिर्फ पहुंच सके बल्कि प्रसारित भी हो। किन्तु अफसोस कुशीनगर में यह कार्यक्रम गिने-चुने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व अखबारो के बीच में सिमट कर रह गया। इसको लेकर मीडिया में तरह-तरह की कानाफूसी हो रही और चर्चाओं का बाजार गरम है।

- मीडिया कर्मियों में कानाफूसी के साथ चर्चा का बाजार गरम

### किस जिले में किसको गिनाना था सरकार की उपलब्धि

बता दे कि सूबे के वजीरे आला योगी आदित्यनाथ को लखनऊ मे मोदी सरकार की नीतियों और उपलब्धियों का चर्चा मीडिया के समक्ष करना था। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी- मेरठ, उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य मुरादाबाद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कानपुर केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा नोएडा, मंत्री बेबी रानी मौर्य शामली, स्वतंत्र देव सिंह बरेली, सुरेश खन्ना, शाहजहांपुर लक्ष्मी नारायण चौधरी मथुरा, जेपीएस राठौर रायबरेली, नंद गोपाल नंदी अमेठी, गिरीश यादव जौनपुर, दिनेश प्रताप सिंह कौशांबी, दयाशंकर मिश्र दयालु मिर्जापुर, एके शर्मा मऊ, राकेश सचान फतेहपुर, संजय गंगवार पीलीभीत, नरेंद्र कश्यप गौतम बुद्धनगर, सुनील शर्मा बागपत, धर्मवीर प्रजापति सम्भल, ब्रजेश सिंह अमरोहा, असीम अरुण सहारनपुर, सोमेंद्र तोमर मुजफ्फरनगर, कपिल देव अग्रवाल आगरा, दारा सिंह चौहान को कुशीनगर में पत्रकारों से रुबरु होकर मोदी की गारंटी व दस वर्षों का लेखा-जोखा देना था।

# धुआटीकर पंचायत भवन में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

### भारी मात्रा में चोरी का सामान जिसकी कीमत 15 लाख रूपए हुई बरामद

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** पंचायत भवनों व घरों की रेकी कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन अभियुक्तों के पास से भारी मात्रा में चोरी के सामान व उपकरण बरामद किया गया है। बरामद सामानों की कीमत 15 लाख रुपए बताई जा रही है।

सोमवार को चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में हो रही चोरी की घटनाओं के रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना रामकोला पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त अभियान में धुआटीकर के पास पंचायत भवन मे चोरी करने वाले गैग का पर्दाफाश करते हुए उनके पास से चोरी की 15 बैटरी, 7 इन्वर्टर, 1 स्टेपलाईजर, 2 डीवीआर, 1 मनीटर, 2 यूपीएस, 2 लेमिनेशन मशीन, 3 प्रिन्टर, 6 पीओएस/मन्त्रणा मशीन 1 गैस चूल्हा, 3 टेबल फैन, 2 सीलिंग फैन, 1 टुल्लू पंप, 3 सीपीयू, 1 हिट ब्लोवर मशीन, 2 ताला तोड़ने वाला राड , 1 पेचकश, 1 पिलास, 1 हेक्सा ब्लेड , 1 लोहे की हथौडी , 2 देशी तमंचा चालू हालात में, 4 जिन्दा कारतुस 315 बोर, 1 चोरी की मोटरसाईकिल के साथ दो अभियुक्तों राजू यादव पुत्र महन्थ यादव निवासी रोआरी टोला नरकटिया थाना रामकोला जनपद कुशीनगर व कलामुद्दीन अंसारी पुत्र मंजुर अंसारी निवासी बभनौली थाना रामकोला जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई।

पुलिस दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाई करते हुए जेल भेज दिया।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के द्वितीय चरण में सोमवार को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें करीब दो दर्जन प्रतिभागियों ने लोकतंत्र में मतदान का महत्व और आओ मिलकर हम सब मतदान करें विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। स्वीप नोडल अधिकारी डॉ संदीप कुमार श्रीवास्तव ने भाषण प्रतियोगिता में युवा मतदाताओ को जागरूक करते हुए कहा कि लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के युवा मतदाता उत्साहित हैं। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शामिल सहायक आचार्य डॉ. अवेद्यनाथ सिंह ने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में जिम्मेदार नागरिक के रूप में हम सभी को वोट के प्रति सतर्क और जागरूक रहना है। मत का अधिकार हमारा मौलिक अधिकार है। सहायक आचार्य डॉ. किरण कुमार ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि 18वीं लोकसभा चुनाव में वोटिंग के ग्राफ को शत प्रतिशत करने का प्रयास हम सभी को मिलजुल कर करना होगा। भारत में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले 40 प्रतिशत युवा मतदाता पंजीकृत हुए हैं। भाषण प्रतियोगिता में अंशिका सिंह, अर्चना कुमारी, अनुभव, आशीष दूबे, सूरज यादव, निखिल प्रकाश पांडेय, उज्ज्वल पाठक, अमन यादव, नम्रता शर्मा, उत्कर्ष सिंह, निखिल प्रकाश, अभिषेक ओझा आदि ने अपनी बात रखी। संचालन खुशी गुप्ता ने किया। निर्णायक मंडल ने उत्कर्ष सिंह को प्रथम, आशीष दूबे को द्वितीय और आंशिक को तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया।

# मुरारी इंटर कॉलेज सहजनवा में सार्वभौम अभ्युदय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** मुरारी इंटर कॉलेज सहजनवा में इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सहयोग से एक सार्वभौम अभ्युदय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें आनंद मार्ग के आचार्यो द्वारा जीवन में नैतिक मूल्यों का महत्व एवं किशोरावस्था में योगासन का औचित्य विषय पर प्रकाश डाला गया।

आचार्य सत्याश्रयानंद अवधूत ने अपने वक्तव्य में बताया कि नैतिकता वह गुण है जो हमें सही और गलत के बीच भेद करने में मदद करता है, सही कार्यो को प्रोत्साहित करता है और अच्छे मानवीय गुणों को बढ़ावा देता है। यह हमें अपने कर्मो की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करता है ताकि हम समाज में उपयुक्त और न्यायसंगत ढंग से जी सकें।,वर्तमान में नैतिक मूल्यों का बहुत ह्रास हुआ है। जीवन के हर क्षेत्र हर स्तर में अनैतिकता ने अपना पांव फैला दिया है। उन्होंने बताया कि दिव्यता की प्राप्ति मानव जीवन का लक्ष्य है। नैतिकता आधार है योग साधना का अभ्यास दिव्यता प्राप्ति का साधन है। आचार्य जी ने बताया कि नैतिक मूल्यों की स्थापना के लिए योग साधना का अभ्यास आवश्यक है। आचार्य रागानुगानन्द अवधूत जी ने अपने व्याख्यान में बताया कि आसन का अर्थ होता है एक स्थिति जिसमें व्यक्ति को सहज महसूस होता है - स्थिरसुखमासनम। आसन वे व्यायाम हैं जिनका नियमित अभ्यास करने से शरीर स्वस्थ और मजबूत रहता है और कई बीमारियाँ ठीक हो जाती हैं। लेकिन आसनों को सामान्य रूप से बीमारियों के उपचार के लिए नहीं निर्धारित किया जाता केवल वे बीमारियाँ जो ध्यान के मार्ग में बाधा उत्पन्न करती हैं, वे विशेष आसनों की मदद से ठीक हो सकती हैं, ताकि साधना को आसानी से किया जा सके। शारीरिक शरीर और मन के बीच का संबंध बहुत गहरा होता है। मानसिक अभिव्यक्ति वृत्तियों के माध्यम से होती है, और वृत्तियों की प्रधानता शरीर के विभिन्न ग्रंथियों पर निर्भर करती है। शरीर में कई ग्रंथि होती हैं और प्रत्येक से एक विशेष हार्मोन का निकास होता है।

# बाबा साहब द्वारा लिखित संविधान की रक्षा का लें संकल्प

**अवधनामा संवाददाता**



- अंबेडकर जयंती समारोहों में बोले लोकसभा प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी

**महराजगंज।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डा.भीम राव अंबेडकर की 133 वीं जयंती जिले भर में पूरी श्रद्धा व सद्भाव के साथ मनाया गया। जिले के तहसील,ब्लाक,कस्बों के अलावा गांव गांव में बाबा साहब का जन्मदिन मनाया गया। कुछेक जगहों पर बाबा साहब के नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण भी हुआ। यूं तो सभी राजनीतिक दलों ने बाबा साहब का जन्मदिन अपने अपने तरीकों से मनाया लेकिन इस बार खास बात यह देखी गई कि कांग्रेस के बैनर तले मनाए गए बाबा साहब के जन्मदिन समारोह में दलित समाज की संख्या अपेक्षाकृत बहुत ज्यादा रही। पूर्व में बसपा संगठन के पदाधिकारी और कैडर के बसपाई भी कांग्रेस के साथ बाबा साहब की जयंती धूम धाम से मनाए। इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी व फरेंदा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी जिले भर में आयोजित बाबा साहब की जयंती समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर जिले के नौतनवां विधानसभा क्षेत्र में आयोजित सबसे बड़े जुलूस में शिरकत करते हुए उन्होंने कहा आज के दिन हमें संकल्प लेना होगा कि हम संविधान के साथ छेड़ छाड़ अथवा बदलने की कोशिश कामयाब नहीं होने देंगे क्योंकि कुछ लोग हैं जो संविधान बदलने की कुत्सित मंशा के साथ सरकार में आना चाहते हैं। संविधान बदला गया तो समाज के वंचितों के बराबरी का सपना चकनाचूर होगा। समाज में गैरबराबरी का बोलबाला होगा,जो गरीब हैं,वे और गरीब होंगे और जो अमीर हैं वे और अमीर होंगे। बेरोजगारी में बेतहाषा वृद्धि होगी। चारों ओर नफरत का माहौल होगा। लोकसभा प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी ने अपने विधान सभा क्षेत्र के फरेंदा में अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जिले भर में आयोजित बाबा साहब की जयंती समारोहों में शामिल हुए। इसी क्रम में भिटौली में रिटायर्ड डिप्टी एसपी राम प्रसाद के आवासीय परिसर में नवनिर्मित बाबा साहब की मूर्ति का अनावरण कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष राम प्यारे प्रसाद,दीप चंद तिवारी आदि मौजूद थे। महराजगंज नगरपालिका में आयोजित बाबा साहेब की जयंती समारोह में नगरपालिका अध्यक्ष पुष्पलता मंगल और उनके पति सपा नेता निरमेश मंगल द्वारा आयोजित जलूस में हजारों लोग उपस्थित होकर बाबा साहब अमर रहे,संविधान की रक्षा हम करेंगे जैसे गगन चुंबी नारे लगाते हुए पैदल चले। बाबा साहब की जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में खास तौर पर साथी रमाकांत,पूर्व चेयरमैन जय प्रकाश लाल,डा राम नरायन चौरसिया, पूर्व चेयरमैन विनोद गुप्ता, दुर्गा बाबा, सफीक, देबी शरन दूबे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश मौर्या, अरविंद मौर्या, गोरख प्रसाद, सभासद मो. सफीक आदि लोगों ने संवोधित किया। फरेंदा में आयोजित कार्यक्रम का संचालन भीम सेन गौतम ने किया।


# भाजपा, सपा और बसपा ने मनाई अंबेडकर जयंती, प्रतिमा पर किये पुष्प अर्पित



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** समाधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133 बी जयंती सरकारी कार्यालय निजी संस्थाओं के अलावा राजनीतिक दलों ने भी डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर जाकर उन्हें पुष्प अर्चन कर उनकी जयंती मनाई। देश के संविधान के रचयिता डॉक्टर अंबेडकर की जयंती बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई, उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया तो वहीं भाजपा के नगर अध्यक्ष अभय सिंह राजावत, पवन अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष रामेंद्र सिंह, नगर पालिका प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ,सभासद मलखान दोहरे ,पप्पू चौहान, ललित शुक्ला, आदि ने पहले नगर पालिका में स्थित अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात अंबेडकर इंटर कॉलेज तथा मोहल्ला दलालनपुरा में बनी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष गौरीश द्विवेदी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका में स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर जाकर माल्यार्पण कर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला, सरकारी कार्यालय में भी अंबेडकर की प्रतिमा को रखकर उन्हें पुष्प अर्पित किए गए। इस मौके पर गौरीश द्विवेदी नगर अध्यक्ष ,थोपन यादव, दीपू त्रिपाठी, विनय श्रीवास्तव, शाहरुख, सरताज खान, सानु रायन,जाकिर सिद्दीकी, सहित एक दर्जन सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गृहे गृहे संस्कृत द्वारा सरल संस्कृत भाषा शिक्षण कक्षाओं का हुआ शुभारंभ

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** आज उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा संचालित गृहे गृहे संस्कृत योजना के अंतर्गत अप्रैल मासीय बारह दिवसीय संस्कृत शिक्षण शिविर केंद्रों का शुभारंभ निदेशक विनय श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने अपने वक्तव्य से सभी शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डॉ दिनेश मिश्र ने कहा कि यह संस्थान की प्राथमिक योजना हैं। जो जनपद स्तर पर संचालित हो कर पूरे प्रदेश में संस्कृत का प्रचार प्रसार कर रही हैं। प्रशासनिक अधिकारी डॉ जगदानन्द झा ने कहा कि आकर्षक रूप में संस्कृत पढ़ाने से छात्रों में रुचि उत्पन्न होती हैं। उसी के फलस्वरूप संस्कृत कक्षा में छात्र बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। योजना सर्वेक्षक श्री भगवान् सिंह चौहान ने कहा कि सभी शिक्षक जोर शोर से अपने जनपद में शिक्षण केंद्रों का संचालन करें। जिससे संस्कृत की सुगंध पूरे प्रदेश में प्रसारित हो। योजना समन्वयक डॉ अनिल गौतम ने समागतों का स्वागत किया। उद्घाटन सत्र में कार्यालय के कर्मचारी श्री महेन्द्र पाठक, श्री नितेश श्रीवास्तव, श्रीमती पूनम।




### अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** अज्ञात कार चालक द्वारा बाइक सवार को टक्कर मार देने पर उसकी इलाज के दौरान मौत हो जाने की सूचना मृतक के पिता ने कोतवाली में की। ग्राम धनोरा कला निवासी लाल बहादुर पुत्र वृंदावन ने कोतवाली में सूचना देते हुए बताया कि उसका बेटा शुक्रवार को किसी काम के चलते गांव से छीरिया सलेमपुर गया था तभी अज्ञात कार चालक ने उसके पीछे से टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर आरोपी अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया।

### शोभायात्रा के लिये हिंदू संगठनों ने बनाई रणनीति

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** रामनवमी पर नगर में शोभायात्रा निकले जाने को लेकर हिंदू संगठन ने बैठक कर बनाई रणनीति, शोभायात्रा को भव्य और आकर्षक बनाए जाने के लिए किया गया मंथन। संघ कार्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक कार्तिक के नेतृत्व में सभी हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं की एक बैठक की गई जिसमें 17 अप्रैल को रामनवमी पर नगर में प्रभु राम की भव्य शोभायात्रा निकले जाने की रूपरेखा तैयार की गई । इस यात्रा को और भी भव्य रुप देने के लिए मंथन किया गया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रूकुम सिंह को कैंसर इलाज हेतु 10000/- रुपए की नगद धनराशि प्रदान की गयी

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** माँ गायत्री जनसेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा दिनांक 15 अप्रैल को लखनऊ मेडिकल कॉलेज पहुंचकर जनपद कासगंज के रहने वाले रूकुम सिंह को कैंसर इलाज हेतु 10000/- रुपए की नगद धनराशि प्रदान की। संस्था के अध्यक्ष वा संयोजक भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर अरुण प्रताप सिंह एवं नीशू वेलफेयर की अध्यक्षा वा सह संयोजक भाजपा लखनऊ महानगर गुंजन वर्मा ने बताया कि रुकुम सिंह को आंत में कैंसर है चिकित्सकों ने सलाह दी है कि समय पर इलाज ना मिला तो स्थिति गड़बड़ हो सकती है। उन्होंने फोन के माध्यम से हम दोनो से संपर्क किया और अपनी आर्थिक स्थिति से अवगत कराया। उनके पास जांच, दवा खरीदने वा किराये तक के पैसे नही है। दोनों संस्थाएं उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में सामाजिक कार्यों में कार्यरत हैं शिक्षा, चिकित्सा के क्षेत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, रोजगार उपलब्ध कराने, गरीब परिवार को इलाज कराने, गरीब परिवार की बेटियों की शादी में मदद, राशन उपलब्ध कराना, दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराना, शिक्षा के क्षेत्र में गरीब परिवार के बच्चों को फीस मुहैया कराना व कॉपी किताब उपलब्ध कराना, महिलाओं के रोजगार हेतु सिलाई मशीन उपलब्ध कराना, महिलाओं के प्रशिक्षण हेतु मेरी यात्रा निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र संस्था द्वारा चलाए जा रहे हैं जिसमें अब तक हजारों महिलाएं प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बन चुकी हैं एवम डोमेस्टिक वायलेंस पर संस्था द्वारा बृहद स्तर पर महिलाओं बच्चियों के लिए कार्य किया जा रहा है। अब तक दोनों संस्थाओं द्वारा जनसहयोग के माध्यम से लगभग 210 से अधिक गरीब बेटियों की शादी में मदद की जा चुकी है। इन्होंने बताया संस्था का उद्देश्य है हमारा यही प्रयास, कोई लौट न निराश। संस्था समय-समय पर सम्मान समारोह का आयोजन करती है जिसमें पत्रकार, पुलिस, जनसेवा के क्षेत्र में कार्यरत सभी को सम्मानित किया जाता है एवं महिला सशक्तिकरण पर बल दिया जा रहा है, लखनऊ हस्तशिल्प महोत्सव, हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव एवं यूपी हस्तशिल्प महोत्सव जैसे आयोजन हस्तशिल्प को बढ़ाने के लिए संस्था द्वारा किए जाते हैं।

# नगरपालिका गाजीपुर के ईओ घर में फंदे से लटक की खुदकुशी




**गाजीपुर अवधनामा संवाददाता।** आजमगढ़ जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र के बूढ़नपुर कस्बा निवासी नगरपालिका गाजीपुर के ईओ ने रविवार की रात घर में ही फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। देर रात परिजनों को घटना की जानकारी हुई। सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बूढ़नपुर कस्बा निवासी आलोक कुमार सिंह (43) पुत्र कृपाशंकर सिंह नगरपालिका गाजीपुर में अधिशासी अधिकारी के पद पर तैनात थे। वह कुछ महीनों से उपार्जित अवकाश पर चल रहे थे। ऐसे में वे अपने गांव आए हुए थे। एक साल पूर्व आलोक कुमार की पत्नी का निधन हो गया था। उसके बाद से ही वे डिप्रेशन में चल रहे थे। रविवार को आलोक कुमार घर पर अकेले थे और इसी दौरान उन्होंने घर में ही फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। देर रात पट्टीदारों व पड़ोसियों को इसकी जानकारी हुई। सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर अतरौलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक दो पुत्रियों के पिता थे। दोनों पुत्रियां बाहर रहकर पढ़ाई कर रही हैं। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। घटना की खबर लगते ही गाजीपुर नगर पालिका पूर्व चेयरमैन विनोद अग्रवाल, भाजपा के नगर महामंत्री अजय कुशवाहा, जेई विवेक बिंद, एकाउंटेंट सत्यम राय ईओ आलोक सिंह के पैतृक आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। नगरपालिका चेयरमैन के प्रतिनिधि विनोद अग्रवाल ने बताया कि अधिशासी अधिकारी आलोक सिंह कुछ महीनों से उपार्जित अवकाश पर चल रहे थे।

### 80 लोकसभा सीटों पर भाजपा को मिलेगी विजय

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह सोमवार को बरेली में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी श्री छत्रपाल गंगवार के नामांकन में सम्मिलित हुए। उसके बाद हुई पत्रकार वार्ता में उन्होंने केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर भाजपा को विजय मिलने की बात कही। प्रदेश के जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी शक्ति के उत्थान के लिए काम किया है। विपक्ष हताशा और निराशा में अनर्गल प्रलाप करने में व्यस्त है। इस बार प्रदेश में विपक्ष का सूपड़ा साफ़ हो जाएगा। सपा मुखिया अपने परिवार की भी सीटें नहीं बचा पायेंगे। पहले और दूसरे चरण में बने माहौल से स्पष्ट है कि इंडी गठबंधन को प्रदेश की जनता जीरो पर आउट करने जा रही है। श्री सिंह ने कहा कि अब यूपी में गुंडई के नाते पलायन की समस्या ख़त्म हो गई है।

### भक्तों की सभी मुरादें पूरी करती मां जालौन वाली देवी



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** द्वापर त्रेता को भक्ति का आदिकाल माना जाता है लेकिन यदि देखा जाये तो कलियुग में भी भक्ति का परिदृश्य सभी के समक्ष है। ऐसे ही माता रानी के अनन्य भक्त हैं जोकि अपने माई की भक्ति पर भरोसा रखते हुए नवरात्रों में अपने समस्त कार्यो को विराम कर नौ दिन माता की भक्ति में समय देते हैं। यह भक्त उस दौर से माँ जालौन देवी का अनन्य भक्त है जब बीहड़ में खूंखार डाकुओं का खौफ हुआ करता था। पिछले कई दशकों तक डाकुओं ने हड़कंप मचा रखा था इस डर से लोग माँ के दर्शन के लिए भी नही जाते थे। क्योंकि कभी माँ का दरवार उन खूंखार डाकुओं का अड्डा हुआ करता था। समय बीतता गया कई लोगों ने इस डर से गांव छोड़ शहर की ओर पलायन कर लिया ।उन में उस माँ के भक्त को भी गांव छोड़ शहर की ओर जाना पड़ा। मुश्किलों का बड़ा दौर आया लेकिन उसने माँ की भक्ति नही छोड़ी। जब भी वह परिवार के साथ गाँव आता तो वह पहले अपने माँ के दरवार में शीश झुकाने जाता ।समय उपरांत वह नौनिहाल भक्त शहर चंडीगढ़ में एक बड़े कारखाने का मालिक हुआ। रुपये पैसे की कमी ना थी पर माँ की भक्ति भी असीम थी। कहीं ना कहीं उस भक्त पर माँ की असीम कृपा ऐसी बनी कि उसका मोह अपने परिवार के आलावा अपने गांव व क्षेत्र की ओर भी बढ़ता गया। समय कुछ करने का उस क्षेत्र के लिए आया जिसमें उस माँ के भक्त ने भी अपनी किस्मत को आजमाया। जिसमें माँ की भक्ति ने उसे ब्लाक के विकास के लिए चुन लिया। सभी क्षेत्रीय जनों के सहयोग से उसे ब्लाक प्रमुख चुन लिया गया। उस भक्त की आकांक्षा थी कि उसे प्रेम मिलता रहे जिससे उनके नाम के आगे कुंअर अजीत सिंह सेंगर नाम से सम्बोधित किया गया वैसे तो यूँ कहना गलत नही होगा जिस बीहड़ मे बसी माँ जालौन देवी जिसमें रात्रि मे लोग ठहर नही पाते थे आज वहाँ लोग चैत्र की नवरात्रों मे रात्रि जागरण कर माता की भक्ति का आनंद लेते है प्रति वर्ष नवरात्रों में अजीत सेंगर माँ का दरवार सजाये लोगों को भक्ति के रस में सराबोर करने के लिए जागरण कार्यक्रम का आयोजन करते है जिसमें माँ के दरवार में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन करने आते है तो रात्रि में जागरण कार्यक्रम में समलित होकर माँ की भक्ति करते है।

# श्रद्धालु रात 11 बजे तक कर सकेंगे रामलला के दर्शन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** श्रीरामलला मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रामनवमी पर रात्रि 11 बजे तक दर्शन हो सकेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय ने इस संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि श्रीराम नवमी महोत्सव के दौरान मंगला आरती के पश्चात ब्रह्म मुहूर्त में अति प्रातः 3ः30 बजे से अभिषेक, शृंगार एवं दर्शन साथ-साथ चलते रहेंगे। श्रंगार आरती प्रातः 5ः00 बजे होगी, श्री रामलला का दर्शन एवं सभी पूजा-विधि यथावत साथ-साथ चलती रहेंगी। भगवान को भोग लगाने के लिए समय-समय पर अल्प-काल को पर्दा रहेगा। रात्रि 11ः00 बजे तक दर्शन का क्रम पूर्ववत चलता रहेगा, तत्पश्चात परिस्थिति अनुसार भोग एवं शयन आरती होगी। तीर्थ क्षेत्र की ओर से बताया गया कि रामनवमी पर शयन आरती के पश्चात मन्दिर निकास मार्ग पर प्रसाद मिलेगा। दर्शनार्थी अपना मोबाइल, जूता, चप्पल, बड़े बैग एवं प्रतिबंधित सामग्री आदि मंदिर से दूर सुरक्षित रखकर आएं। बताया कि दिनांक 16, 17, 18 एवं 19 अप्रैल को सुगम दर्शन पास, वीआईपी दर्शन पास, मंगला आरती पास, श्रंगार आरती पास एवं शयन आरती पास नहीं बनेंगे। सुग्रीव किला के नीचे, बिड़ला धर्मशाला के सामने, श्री रामजन्मभूमि प्रवेश द्वार पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा यात्री सेवा केन्द्र बनाया गया है जिसमें जन-सुविधाएं उपलब्ध हैं। श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में संपन्न होने वाले सभी कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण अयोध्या नगर निगम क्षेत्र में लगभग 80 से 100 स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाकर दिखाया जाएगा। यह कार्य प्रसार भारती द्वारा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किया गया है। इसका सीधा प्रसारण उपलब्ध रहेगा। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि रामनवमी पर भगवान रामलला के ललाट पर सूर्य किरण 12:16 मिनट के करीब 5 मिनट तक पड़ेगी, इसके लिए महत्वपूर्ण तकनीकी व्यवस्था की जा रही है। वैज्ञानिक इस अलौकिक पलों को पूरी भव्यता से प्रदर्शित करने के लिए जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर का बचा हुआ कार्य भी दिसंबर 2024 तक पूरा हो जाएगा

# मुस्लिम इदरीशी महासभा की बैठक में दर्ज़ी समाज के उत्थान और विकास पर विस्तार से की गयी चर्चा

*अवधनामा संवाददाता*

**मया - बाजार-अयोध्या।** मुस्लिम इदरीशी महासभा इदरीसिया (दर्ज़ी) समाज की वार्षिक बैठक उस्ताद देग की फातिहा के मुबारक़ मौके पर आज मया ब्लॉक के बेरासपुर में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का आगाज़ आयते कलामुल्लाह अल्लाह के मुकद्दस कलाम से शुरू हुआ। और नातिया कलाम पेश करते हुये बुजुर्ग मौलवी अब्दुल जब्बार ने हज़रते इदरीस अलैहिस्सलाम के बयानात पेश किये। जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में मुस्लिम इदरीशी महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रमुख महाराष्ट्र जनाब मसूद हक्कानी इदरीशी जी ने सभा को सम्बोधित करते हुये समाज को एकजुट करने आपसी मेल- मिलाप ,भाईचारा कायम रखने वा समाज को संगठित रहने की बात कहीं। और विशिष्ट अतिथि के रूप में मुस्लिम इदरीशी महासभा अम्बेडकर नगर के जिला संगठन मंत्री नसीम इदरीशी ने समाज के विकास पर अपनी राय बेबाकी से रखीं। एवं तुगलकाबाद नई दिल्ली से आये शौकत अली और मोहम्मद समीर ने समाज के प्रति हर विषम परिस्थिति में अपने समाज की हर तरह से खिदमत करने की बात कहीं।मुस्लिम इदरीशी महासभा मया ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिगिनियाँ सरजमीं आस्ताने के ख़ादिम वा युवा समाजसेवी मास्टर मुबारक़ अली इदरीशी जी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुये अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के हित में चलाई जा रही प्री - मैट्रिक ,पोस्ट मैट्रिक, मेरिट कम मीन्स, बेगम हजरत महल वा मौलाना आजाद शादी शगुन जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं क्रान्तिकारी वीर अब्दुल हमीद के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में इदरीसिया(दर्ज़ी)समाज से जुड़ी कई समस्याओं और मामलों का बिरादरी की सर्वसम्मति से निस्तारण भी किया गया।




और अन्त में कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम का संचालन कर रहे मुस्लिम इदरीशी महासभा के मया ब्लॉक अध्यक्ष मास्टर मुबारक़ अली इदरीशी सहित सभी बिरादरी के लोगों ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जनाब मसूद हक्कानी इदरीशी को माला पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर उन्हें सम्मानित भी किया गया।इस अवसर पर बिरादरी के चौधरी मौलवी अब्दुल जब्बार, पूर्व चौधरी जाबिर अली, मास्टर राहत अली सलमानी,उस्मान गनी,सोहराब अली,जियाउल्लाह, मुसीबत अली, मोहम्मद मुस्लिम, मोहम्मद कैफ इदरीशी, मेराज अली, बरकत अली,असगर अली एवं इरशाद इदरीशी पार्षद नगर निगम अयोध्या सहित बड़ी संख्या में इदरीशी बिरादरी के लोग मौजूद रहें।

## युवक की पिटाई का मामला, पिता की तहरीर पर दो नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**तारुन-अयोध्या।** ईंट भट्ठे पर निराश्रित गोवंशों को लादने वाले लोगों द्वारा एक युवक की पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। घायल युवक का जिला चिकित्सालय में चल रहा है। घटना तारुन थाना क्षेत्र के गदुरहवा गांव की है।पीड़ित के पिता रामयज्ञ का आरोप है कि 12 अप्रैल की रात 11ः00 बजे बेटा दीपक शौच करने गया था। उसे क्या मालूम की बंद चल रहे ईंट भट्ठे पर छुट्टा गोवंशों के लदान का काम आरोपियों द्वारा किया जा रहा है। इसी थाना क्षेत्र बेलगरा गांव निवासी आकाश सिंह, नीरज सिंह तथा दो अज्ञात ने पकड़ लिया और कहा कि दो दिन पहले तुम पुलिस को सूचना दिए थे, लेकिन उसे ऐसे मामले की कोई जानकारी नहीं थी। पीड़ित का पुत्र आरोपियों से बहुत गिड़गिड़ाया मुझे छोड़ दीजिए, लेकिन आरोपियों ने एक भी न सुनी।

# तस्करी प्रकरण में एक तस्कर को 10 माह कठोर कारावास

**बाराबंकी।** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय ने मादक पदार्थ की तस्करी से सम्बन्धित अभियुक्त को 10 माह कठोर कारावास व 5,000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए कार्ययोजना के तहत मॉनीटरिंग सेल द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी व साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को प्रस्तुत कराकर न्यूनतम समय में अधिकतम सजा दिलाये जाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना फतेहपुर पर मादक पदार्थ की तस्करी की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त मो0 शोएब पुत्र महबूब अली निवासी तिलगिरान थाना जैदपुर को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय अपर जिला सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-10 द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 10 माह का कठोर कारावास व 5,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त कार्यवाही से जनता में न्याय के प्रति विश्वास बढ़ा। उपरोक्त अभियोग पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे अन्य जघन्य सनसनीखेज अपराध के तहत चिन्हित अभियोग है।

## कांग्रेस जिला महासचिव, सचिव समेत सैकड़ों लोगों ने थामा भाजपा का दामन

**अयोध्या।** लोक सभा चुनाव कार्यालय पर कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव विजय पाण्डेय, सचिव रामबली रावत समेत मिल्कीपुर क्षेत्र के सैंकड़ो लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने उन्हें पार्टी का ध्वज देकर सदस्यता दिलाई।

इस दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि 2014 में पदभार सभांलने के बाद प्रधानमंत्री मोदी जी ने हर नीति में भारत प्रथम के संकल्प को स्थापित किया है। पीएम मोदी के दो कार्यकाल में सर्वांगीण, सर्वसमावेशी, सर्वस्पर्शी विकास ने यह सुनिश्चित किया है कि इस विकास यात्रा में कोई पात्र व्यक्ति, कोई वर्ग छूटने न पाए। सराकर ने वंचित, शोषित लोगों को मुख्य धारा से जोड़ा व उनका सशक्तिकरण किया। अयोध्या को विश्व मानचित्र पर स्थापित किया। अयोध्या के सर्वांगीण विकास से रामनगरी विश्व की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में उभर रही है।

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि सरकार के दो कार्यकाल में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखा। देश के सभी नागरिक इस अभूतपूर्व विकास के साक्षी रहे हैं। पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में देश निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

पार्टी की सदस्यता लेने वाले विजय पाण्डेय ने कहा कि भाजपा की नीतियों व राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन हम सभी करेंगे। चार जून को लोकसभा क्षेत्र भगवामय होगा।

पार्टी में शामिल होने वालों में जिला सचिव कांग्रेस रामबली रावत, पूर्व बीडीसीगण शिव कुमार मिश्रा संदीप मिश्र, कप्तान तिवारी, राजकुमार दूबे, शुभम् रावत, जयप्रकाश गुप्ता, उत्तम चन्द्र श्रीवास्तव, मुरारी लाल कोरी सहित सैकड़ों कांग्रेसियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## डीएम ने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने चैत्र रामनवमी के दौरान गर्मी को देखते हुये सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को गर्मी से बचाव हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को मेले के दौरान निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति करने तथा सम्पूर्ण मेला परिसर में साफ सफाई व्यवस्था एवं आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि रामनवमी मेले में विदेशों एवं विभिन्न प्रदेशों से बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, इसके दृष्टिगत मेला क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण हेतु पर्याप्त मात्रा में होल्डिंग एरिया बनाये जाय तथा सभी होल्डिंग एरिया में धूप से बचाव हेतु पर्याप्त कैनोपी व पीने के पानी की व्यवस्था रहे। उन्होंने बताया कि रामनवमी मेले के लिए नया घाट पुलिस चौकी के पीछे कंट्रोल रूम पूर्ण रूप से स्थापित हो गया है तथा सक्रिय हो गया है यहां पर अधिकारियों की 24 घंटे ड्यूटी लगायी गयी है जिसमें पुलिस विभाग के और सिविल विभाग के अधिकारी/सहायक है। इसके अलावा मण्डलायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा भी बेहतर समन्वय से रामनवमी के पर्व को सम्पन्न कराने हेतु निर्देश दिये गये है। मेला नियंत्रण कक्ष के नम्बर 05278-232043, 232044, 232046, 232047, 9120989195, 9454402642 कोई भी व्यक्ति उक्त नम्बर पर मेला के सम्बंध में जनोपयोगी जानकारी का आदान प्रदान कर सकता है।



# भक्तों में किया प्रसाद वितरण

**अयोध्या।** प्रभु श्री राम के जन्म उत्सव रामनवमी पर्व के शुभ अवसर पर 17 अप्रैल को खत्री सभा अयोध्या फैजाबाद शहर के चौक घंटाघर स्थित गणेश स्कूल बुक डिपो के बगल इंस्टॉल लगाकर बड़ी संख्या में भक्तों को प्रसाद के रूप में फल वितरण करेगा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए खत्री सभा अयोध्या फैजाबाद के अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खत्री समाज द्वारा फल वितरण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है प्रभु श्री राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्ष पर रामनवमी पर्व बड़ी तादाद में अबकी बार फल वितरण किया जाएगा फल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद डॉक्टर निर्मल खत्री श्री दुर्गियाना मंदिर कमेटी अमृतसर पंजाब के भंडारा प्रबंधक श्री गुलशन कोहली जी तथा अतिथि के तौर पर श्री दुगना मंदिर कमेटी अमृतसर पंजाब के पवन साबू श्री दुगना मंदिर कमेटी अमृतसर पंजाब के कर्ताधर्ता माधव द्वारा 17 अप्रैल 2024 दिन बुधवार प्रात 10:30 बजे किया जाएगा।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चार किमी की छात्र मानव श्रंखला, डीएम ने किया नेतृत्व

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत आज जिलाधिकारी आवास से जेब्रा पार्क तक मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस मानव श्रृंखला में जनपद के विभिन्न कॉलेजों से आये करीब 4 हजार छात्र छात्राओं ने मानव श्रंखला बनाते हुए मतदाता जागरूकता से जुड़े तरह तरह के आकर्षक स्लोगन लिखी तख्ती लेकर लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया।

मानव श्रंखला के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी, एसडीएम सदर विजय कुमार त्रिवेदी, एसडीएम सुश्री श्वेता मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पाण्डेय, जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य, सीओ सिटी, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्र



अधिकारी यातायात सहित अनेक विभागों से आए अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम एसडीएम सदर ने जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार सहित मुख्य विकास अधिकारी और पुलिस अधीक्षक को मतदाता जागरूकता की कैप अलंकरण किया। तत्पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी, सत्येंद्र कुमार ने जनपद मुख्यालय के विभिन्न इंटर कॉलेज और महाविद्यालय से आए हुए छात्र- छात्राओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए मतदाता जागरूकता अभियान की मानव श्रृंखला का अवलोकन व निरीक्षण किया। विद्यार्थियों को पंक्ति में खड़ा करके मानव श्रृंखला का आकार प्रदान किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मानव श्रंखला का अवलोकन किया गया। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ एनसीसी स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा लगाए जा रहे मतदाता जागरूकता के नारों से माहौल पूर्ण रूप से सकारात्मक दिख रहा था। संपूर्ण व्यवस्था को देखने में यातायात विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग के तमाम वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षकों के देखरेख में पूर्ण अनुशासन में मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आशीष पाठक, तौहीद खान, अनंत कुमार अस्थाना, इकबाल फातिमा, आर एस धीमान, रितु अग्निहोत्री, अभिसारिका वर्मा, राहुल सूर्यवंशी, राजेंद्र त्रिपाठी, रामाधार भारती सहित अनेक शिक्षकों ने कर्मठता के साथ सहयोग प्रदान किया।

# मोदी सरकार को नही मंहगाई और बेरोजगारी से कोई लेना देनाः तनुज

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भाजपा के संकल्प पत्र में गरीब की थाली, नौजवान की बेरोजगारी का जिक्र न होना साबित करता है कि देश की मोदी सरकार को मंहगाई और बेरोजगारी से कोई लेना देना नहीं है। भाजपा का संकल्प पत्र कारपोरेट घराने के वातानुकूलित कमरे की देन है जहां से बेरोजगारी, मंहगाई जैसी विकट समस्याओं के दीदार नहीं होते है इनका संकल्प पत्र झूठ का पुलिंदा है और कांग्रेस पार्टी का न्याय पत्र आवाम की आवाज है। उक्त बाते आज विकास खण्ड देवां की न्याय पंचायत मलूकपुर, देवादेहात, कोटवाकलॉ, टेराकलॉ, हरई, खेवली में जनसम्पर्क अभियान के दौरान 53 लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने आयोजित चौपालो मे कही। जनसम्पर्क अभियान के दौरान सदर विधायक धर्मराज यादव उर्फ सुरेश यादव सपा के विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव तथा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो0 फरीद मुख्य रूप से मौजूद थे। विकास खण्ड देवां के सलेम पुर, बीकर, देवगांव, बबुरिहा मजरे कोटवाकलॉ, लोसारी बाजार, उदवत नगर, खनवाहा, कुरखिला, शरीफाबाद, टीपहार में आयोजित चौपालो मे इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने हाथ के पंजे के निशान का बटन दबाकर जनता से आर्शीवाद देने की अपील की। समाजवादी पार्टी के सदर विधायक धर्मराज यादव सुरेश यादव ने इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को भारी मतो से जिताने की अपील की। इस दौरान अनिल यादव, शिव विशाल वर्मा, पिन्टू वर्मा, नन्द कुमार सिंह, त्रिभुवन यादव अवधराम, रमेश यादव, होलीराम, राधेलाल, विजय वर्मा, रामलखन, जैसीराम, सन्दीप वर्मा, प्यारे मियाँ, शब्बू भाई, शिवहर्ष यादव, राहुल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे जिले में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में सोशल रूरल टीम की ओर से रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सबसे पहले बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इसके बाद लेखपाल संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष साकेत रावत, एसआरटी प्रमुख गीता रावत, सुरेश चंद्र अर्जुन प्रसाद मायाराम सरोज विमला धीमान मीना देवी शिवाजी रावत, पिंटू गौतम, अशोक कुमार विनीत वर्मा राम सिंह प्रदीप रावत आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा संकल्प पत्र देश वासियों की आकांक्षाओं का प्रतीकः गोविंद नारायण शुक्ला

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री व एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ल ने कहा कि भाजपा सिर्फ एक दल नहीं बल्कि भारत के 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं का प्रतीक है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान के शिल्पी बाबा साहब आंबेडकर की जयंती पर 18 वीं लोकसभा के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया। यह संकल्प पत्र नए भारत का, श्रेष्ठ भारत का,आत्मनिर्भर और विकसित भारत का ब्लू प्रिंट है।यह संकल्प पत्र देश को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने का, अंत्योदय से सर्वोदय का एवम ग्लोबल भारत बनाने की मोदी गारंटी देता है। भाजपा प्रदेश महामंत्री सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर मीडिया से मुखातिब थे। कहा हर भारतवासी मोदी के विजन को अपना मिशन मानकर योगदान देगा। कहा यह पहला आम चुनाव है जिसमे लोग 4 जून को आने वाले परिणाम के प्रति आश्वस्त है।कहा देश के विभिन्न सेक्टरों और प्रत्येक तबके को यह संकल्प पत्र स्पर्श करता है। 80 करोड़ लोगो को अगले पांच वर्ष मुफ्त राशन तथा



60 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत की सुविधा के साथ इसका दायरा बढ़ाने की गारंटी देता है। जिसके सभी वर्गो के 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गो को आयुष्मान योजना का लाभ सुनिश्चित कराना है। इसके अलावा भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक लड़ाई छेड़ने,समान नागरिक संहिता लागू करने, अदालती कार्यवाही में तेजी लाने के साथ ही वन नेशन वन इलेक्शन की प्रतिबद्धता भी संकल्प पत्र में दोहराई गई है। उन्होंने कहा पीएम सूर्य योजना के तहत हर गरीब परिवार का बिजली बिल शून्य करने के साथ ही उनकी कमाई बढ़ाने का संकल्प भी लिया गया है। मोदी ने विगत दस साल में जो परिवर्तन करके दिखाया है उसी नए भारत का हम दर्शन कर रहे हैं जिसमे विरासत पर गर्व और अपनी संस्कृति पर स्वाभिमान का भाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है। कहा कि गांव, गरीब, किसान एवम नौजवान पर फोकस करते हुए योजनाओं को जमीन पर उतारने का जो काम हुआ है वो मोदी की गारंटी का आधार है। योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ हर तबके को मिलते हुए देश ने पहली बार देखा है।

## शहीद बाबा का मनाया गया उर्स

**जाना बाजार - अयोध्या।** जाना बाजार के शहीद बाबा की मजार पर सालाना उर्स के दौरान गंगा जमुनी तहजीब का अनोखा संगम सोमवार को दिखाई दिया । हर वर्ष की बात इस वर्ष भी 15 अप्रैल को जाना बाजार के नए पुरवा स्थित शहीद बाबा का उर्स मनाया गया । मौलाना दिलशाद रजा के नेतृत्व में पछियाना गांव से गागर चादर लेकर पहुंचे जायरीनों बाबा की मजार पर चादर चढ़ाकर दुआएं मांगी । मेले और उर्स के आयोजक मंडल के अध्यक्ष राम भवन वर्मा, प्रवक्ता महेश कुमार वर्मा प्रवीण वर्मा पवन वर्मा नरेंद्र वर्मा ने उर्स के मौके पर आए हुए जायरानों का स्वागत किया । क्षेत्र के मुन्ना कव्वाल ने शहीद बाबा के कसीदे पढ़कर वाह-वाही लूटी । तमीनगंज बाजार और पछियाना गांव से सर पर गागर रख कर और चादर के साथ पहुंचे जफर अली अनवर अली मोहम्मद हाशिम अख्तर अली अली राजा रमजान अली शाहिद नौशाद अली आजाद सिराज सहित ने शहीद बाबा से चयन और अमन की दुआएं मांगी ।

# सिसवा के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष की मार्ग दुर्घटना में मृत्यु

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** सिसवा बाजार निवासी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश कुमार पुरी की सोमवार दोपहर में घुघुली थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैना के पास मार्ग दुर्घटना में मृत्यु हो गई।



सूचना मिलते ही सिसवा नगर में शोक की लहर दौड़ गई। ग्राम लालपुर थाना कोतवाली निवासी मनोज कुमार(25) और पूर्व चेयरमैन उमेश पूरी की बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें मनोज कुमार और लल्लन (60) घायल हो गए। वहीं मौके पर पूर्व चेयरमैन उमेश पूरी (54) की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है की पूर्व चेयरमैन महराजगंज से कुछ जरूरी काम निपटाकर वापस सिसवा घर के लिए लौट रहे थे। यह छात्र जीवन से ही मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के बैनर तले सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष करते रहे । इसी संघर्ष के बल पर यह वर्ष 1995 में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी एवं सबसे कम उम्र के उत्तर प्रदेश में सिसवा नगर पंचायत के अध्यक्ष चुने गए। अपने राजनीतिक प्रतिद्वंदियों के तमाम के विरोध के बावजूद उन्होंने पाँच साल का कार्यकाल पूरा किया था। नगर पंचायत अध्यक्ष पद से हटाने के बाद प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह द्वारा भाजपा से अलग होकर बनाई गई राष्ट्रीय क्रांति दल के प्रदेश अध्यक्ष रहे। इसके उपरांत वह भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर अब तक वह भाजपा कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते रहे।इनके निधन पर भाजपा नेता जितेंद्र बहादुर सिंह,रामेश्वर जायसवाल ,व्यवसायी हरिराम भालोटिया जयप्रकाश भालोटिया अन्य तमाम सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शोक प्रकट किया है।

## प्रतियोगिता में सफल अभ्यर्थी अन्य के लिए प्रेरणा स्रोत हैंः जिलाधिकारी

**महराजगंज।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में चयनित जनपद के परीक्षार्थियों से कलेक्ट्रेट सभागार में संवाद किया गया। जिसमें चयनित अभ्यर्थियों से बात करते हुए सभी को सफलता की बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी अभ्यर्थी के सफलता के तीन सूत्र होते हैं-परिश्रम, परिवार का साथ और प्रेरणा। उन्होंने कहा कि अब आप लोग भी अनेक लोगों के लिए प्रेरणास्रोत



हैं। इसलिए जिला प्रशासन की ओर से मेरा अनुरोध है कि आप लोग स्वीप कार्यक्रम में एंबेसडर की भूमिका निभाते हुए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। निश्चय ही लोगों में विशेषकर युवाओं में आपकी अपील का प्रभाव होगा और मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहायता मिलेगी। अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा द्वारा सफल अभ्यर्थियों और उनके परिवारजनों को उनकी सफलता के लिए बधाई प्रेषित किया गया। उन्होंने सभी सफल अभ्यर्थियों से स्वीप अभियान में सहयोग देने की अपील की।

# लोकसभा चुनाव के लिए 328 पुलिस कर्मी गैर जनपद रवाना



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है। पारदर्शी व शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन से 328 पुलिसकर्मी गैर जनपद के लिए भेजे गए। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस फोर्स की ब्रीफिंग की गई । पुलिसकर्मियों को दायित्वबोध कराते हुए सकुशल चुनाव संपन्न कराने के लिए आयोग की गाइडलाइन का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चुनाव सकुशल संपन्न कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसे लेकर सजगता बरतें। ड्यूटी के दौरान अपने आचरण-व्यवहार को लेकर सावधान रहें। किसी के साथ अपशब्द का प्रयोग न करें, क्रोध न दिखाएं। अपने शरीर या वाहन पर किसी दल या उम्मीदवार का प्रतीक चिन्ह या झंडा न लगाएं। निष्पक्ष होकर निष्ठापूर्वक अपने दायित्व का निर्वहन करें, जिससे मतदाता भयमुक्त होकर मतदान करें। मतदान में किसी भी तरह की बाधा पहुंचाने वालों के विरुद्ध सख्ती से पेश आएं। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी लाइन्ब, प्रतिसार निरीक्षक सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### भाजपा का संकल्प पत्र को लेकर बस्ती में प्रेस वार्ता की

# पीएम आवास में दिव्यांगों को जोड़ा जाएगा



**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व जिला प्रभारी समीर सिंह और जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने भाजपा का संकल्प पत्र को लेकर बस्ती में प्रेस वार्ता की इस दौरान उन्होंने कहा की मोदी जी का गारण्टी कार्ड है। इसका एक-एक शब्द सत्य को समर्पित है। भाजपा सिर्फ वादा ही नही करती, उसे 100 प्रतिशत पूरा भी करती है। पूर्व में जितने भी वादे किए उन्हे मोदी जी की सरकार ने पूरा किया है। लोकल स्तर पर भी जिले में सडको का जाल बिछा है तथा यहाँ के जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार विकास के कार्य हो रहे है। कहाँ की हमारे संकल्प पत्र में इस बार मुफ्त राशन योजना जारी रहेगी, जन औषधि केंद्रो पर 80 प्रतिशत डिस्काउंट की दवाई मिलती रहेगी और उनका विस्तार होगा। 3 करोड़ और नए पीएम आवास बनेंगे, 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो को आयुष्मान योजना का लाभ मिलेगा, आयुष्मान योजना जारी रहेगी। बिजली बिल जीरो हो और उसके साथ उपभोक्ता कमाई भी कर सके इसलिए पीएम सूर्य घर योजना में 1 करोड़ रजिस्ट्रेशन हुए उस पर तेजी से काम होगा। मुद्रा योजना की सीमा 10 लाख से बढ़कर 20 लाख रुपए होगी। स्वनिधि योजना में 50 हजार की लिमिट को बढ़ाया जाएगा और शहरों से छोटे कस्बों और गांवों तक ले जाया जाएगा। पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ आगे भी मिलता रहेगा। भाजपा ने ट्रांसजेंडर को पहचान देने का काम किया है। अब उन्हें आयुष्मान योजना का भी लाभ मिलेगा। पीएम आवास में दिव्यांगों को जोड़ा जाएगा। दुनिया की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना शुरू हो गई है। श्री अन्न पर विशेष फोकस किया जाएगा। इससे मोटा अनाज पैदा करने वाले 2 करोड़ से ज्यादा छोटे किसानों को लाभ मिलेगा। दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भर बनने के लिए किसानों को मदद करेंगे। सब्जी उत्पादन और स्टोरेज के लिए नए कलस्टर बनाए जाएंगे। 10 करोड़ स्वयं सहायता समूह बने हुए हैं उन्हें आईटी, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन से जोड़ा जाएगा। एक करोड़ लखपति दीदी बनी है उन्हें 3 करोड़ बनाया जाएगा। नमो ड्रोन दीदी योजना का विस्तार किया जाएगा। नैनो यूरिया के इस्तेमाल पर जोर दिया जाएगा, किसान समृद्धि केंद्रों का विस्तार होगा। भारत फूड प्रोसेसिंग हब बनेगा। अगले वर्ष को जनजाति गौरव वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाएगा। जनजातीय योगदान के अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा। वन आधारित स्टार्टअप और स्वयं सहायता समूह को बढ़ावा दिया जाएगा। 700 से ज्यादा एकलव्य स्कूलों के निर्माण का लक्ष्य है। छात्रवृति योजनाओं का विस्तार होगा। रामायण को दुनिया भर में बढ़ाने के लिए रामायण उत्सव मनाये जाएंगे। टूरिज्म के नए केंद्र विकसित किए जाएंगे। होमस्टे के लिए महिलाओं को विशेष आर्थिक मदद दी जाएंगी। सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर, फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा दिया जायेगा। सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर में नई यूनिवर्सिटी, नए मेडिकल कॉलेज और आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू होंगे।

> जनजातीय योगदान के अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा : विवेकानन्द मिश्र

# मतदान करने के लिये किया गया जागरूक



**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** यदि व्यक्ति अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करता है तो सिस्टम की अव्यवस्था और अपने साथ हो रहे अन्याय की आलोचना का अधिकार भी उसको नहीं है। मतदान अधिकार के साथ साथ कर्तव्य भी है। उपर्युक्त उद्गार बाबा बरूआ दास स्नातकोत्तर महाविद्यालय परुइया आश्रम के प्राचार्य प्रो. परेश कुमार पाण्डेय ने महाविद्यालय द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में व्यक्त किया। बाबा बरुआ दास पीजी कॉलेज, परुइया आश्रम, अंबेडकर नगर में आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत चुनाव का पर्व, देश का गर्व थीम पर उपप्राचार्य पवन कुमार गुप्ता ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन होते रहने से छात्रों में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा एवं बौद्धिक चिंतनशक्ति का विकास होता है। प्रतियोगिता के आयोजन में डॉ. सुधीर कुमार पाण्डेय, डॉ. सत्य प्रकाश पाण्डेय, डॉ. अराधिका, डॉ. अमरनाथ जायसवाल, डॉ. राजित राम यादव, डॉ. अंजू कुमारी तेवतिया, डॉ वीरेंद्र यादव, डॉ. साजिदा सिद्दीकी एवं रितेश मोदनवाल का सक्रिय सहयोग रहा। प्रतियोगिता में छात्र/छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। उक्त प्रतियोगिता में कुल 18 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से चार टीमों का चयन किया गया।

## अधिवक्ताओं ने किया विदाई समारोह का आयोजन



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** अपर व सत्र न्यायाधीश बांसी शफीक अहमद का स्थानांतरण सीतापुर के लिए होने पर सोमवार को बार भवन मे अधिवक्ताओं ने विदाई समारोह का आयोजन अधिवक्ताओं कर विदा किया। बार एसोसिएशन अध्यक्ष आदित्य प्रकाश मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता मे अधिवक्ताओं ने एडीजे मो शफीक को फूल माला पहनाकर विदा किया। इस अवसर पर ईश्वर चंद दुबे, रमेश चंद्र उपाध्याय श्री प्रकाश लाल श्रीवास्तव, अवध नरेश दुबे एवं अन्य कई अधिवक्ताओं नेअपना विचार व्यक्त किया बैठक में गंगा प्रसाद यादव, बदरे आलम, सुभाष पाठक, तमन्ना हैदर रिजवी, मोहम्मद इस्माइल खान, शिव कुमार लाल, सहित तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विनोद कुमार सिंह एडवोकेट ने किया अंत में एडीजे मो शफीक ने सभी अधिवक्ताओं के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

## दुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर निकली शोभा यात्रा



**पौली अवधनामा संवाददाता।** पौली क्षेत्र के बघौडा दुर्गा मंदिर के निर्माण के बाद दुर्गा माता मुर्ती स्थापना के लिए सोमवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा मन्दिर परिसर से गाँव मे भ्रमण करते हुए बघौडा, मटौली, किशुनपुर, चकिया, सकुरचक, खलीलपुर सहित क्षेत्र मे भ्रमण कराया गया। यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं व कन्या शामिल हुई। इस दौरान जय माता के नारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। शोभा यात्रा पुनः मन्दिर परिसर पहुँची। जहां माता की मुर्ती स्थापित करना है वहां बिश्राम के लिए रखा गया। इस मौके पर महेंद्र यादव सपत्नीक हरिराम प्रजापति शिवम, श्री राम प्रजापति, रबिंद्र, बिरेंद्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार का दरिया बना मनरेगा योजना



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** शासन स्तर से जन कल्याणकारी योजनाओं मे भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए सरकार तमाम कयास कर रही है परन्तु ज़िम्मेदारों द्वारा सरकारी योजनाओं और संसाधनों में लूट के तरीके में कोई तब्दीली नहीं आई है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की एक और रिपोर्ट सामने आई है, जो बताती है कि कैसे महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कानून के तहत गरीबी दूर करने के लिए शुरू की गई योजना को भ्रष्टाचार के खुले खेल का मैदान बना दिया गया।

वही भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों द्वारा फर्जी जॉब कार्ड बनवाए गए।फोटो से फोटो खींच कर कागजों पर काम दिखाया गया। परन्तु नतीजा भी वही। जो पैसा गरीबों के पेट भरने के लिए अपने देश में बहुत कुछ बदल गया है, लेकिन सरकारी योजनाओं और संसाधनों की लूट के तरीके में कोई तब्दीली नहीं आई है। मामला जनपद सिद्धार्थनगर के विकास खण्ड बांसी अन्तर्गत 22 ग्राम पंचायतों में 371 मास्टरोल में चल रहे कार्यों का है। जहां स्थलीय जानकारी के अनुसार तमाम जगहों पर मे कोई कार्य नहीं चल रहा है जहां चल भी रहा है वहां मजदूरों की संख्या मे कमी की गयी है बाऊजूद फोटो से फोटो ग्राफ लगाकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगाने का काम ग्राम प्रधान सचिव व रोजगार सेवक,के साथ साथ तकनीक सहायक तथा ब्लाक के जिम्मेदार मिल जुल कर महीनों से मनरेगा योजना अन्तर्गत बिना काम के साइट पर फोटो अपलोडिंग कर खाना पूर्ति कर रहे हैं जबकि इस तरह का भ्रष्टाचार आयें दिन खबरों में चल रहा है मगर जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते कोई जांच पड़ताल नहीं होता है जिससे योजनाओं में खेल चल रहा है तो जिम्मेदार कहां है जिनके ऊपर जिम्मेदारी है। खाऊं कमाऊं नीति के तहत चल रहें कार्यों पर किसी जिम्मेदार का नजर न पड़ना तो दूर जानकारी होने के बाद कुंभकरणी नींद ले लेते हैं अधिकारी वास्तव में मनरेगा के मजदूर मजबूर होते चले जा रहे हैं। रविशंकर पान्डेय डीसी मनरेगा सिद्धार्थनगर ने इस संबंध में कहा कि अभी वी.डी.ओ.बांसी से कहता हूँ कि मनरेगा कार्यस्थल पर पहुंच कर जांच करें। गलती पाये जाने पर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करायें।

# एनटीपीसी में अग्निशमन सेवा सप्ताह का हुआ शुभारम्भ



**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टाण्डा में तैनात केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की अग्निशमन शाखा द्वारा दिनॉक 14.04.2024 को अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी टाण्डा, अशेष कुमार चट्टोपाध्याय, केऔसुब के उप कमांडेन्ट धर्मेन्द्र राजपूत, महाप्रबंधक चिकित्सा डॉ उदयन तिवारी, महाप्रबंधक परियोजना, अतुल गुप्ता, महाप्रबंधक ऑपरेशन, अभय कुमार मिश्रा, सहायक कमांडेन्ट संजीव कुमार सिंह एवं केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के निरीक्षक/अग्नि रोशियो बाबु, निरीक्षक/कार्य राजीव कुमार एवं प्रवीण कुमार तथा एनटीपीसी परियोजना के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहायक कमांडेन्ट, संजीव कुमार सिंह ने 14 अप्रैल 1944 को शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों के बलिदान को याद करते हुए एवं अग्नि सुरक्षा जागरूकता के संबंध में जागरूक सप्ताह के दौरान आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम की विधिवत् जानकारी दी।

## शिक्षक ने लूटी नाबालिग छात्रा की अस्मत, गिरफ्तार

**उरई (जालौन)।** नाबालिक छात्रा के साथ एक शिक्षक ने दुष्कर्म कर उसकी अस्मत लूटी, छात्रा का आरोप है उक्त शिक्षक द्वारा उसको नशीला पदार्थ खिलाकर उसकी अश्लील वीडियो बनाकर उसके साथ ब्लैकमेलिंग किया जाता था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक को पकड़कर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा। नगर के एक मोहल्ले की नाबालिक छात्रा तथा उसके पिता ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि मोहल्ला चुरखी बाल निवासी दीपेश कुशवाहा पुत्र तुलाराम एक प्राइवेट शिक्षक है जो उसकी बेटी को घर पर कोचिंग पढ़ने आता था, 1 अप्रैल को वह घर में अकेली थी तभी शिक्षक एक कोल्ड ड्रिंक लेकर आया और उसने उसे पिला दिया उसमें नशीला पदार्थ मिला होने से वह बेहोश हो गई तभी उसने उसके साथ दुष्कर्म कर उसकी अश्लील वीडियो भी बना लिया तथा वह बेहोशी की हालत पर छोड़कर भाग गया। जब मेरे पिता आए तो मैने पूरी घटना को बताया, आरोपी शिक्षक द्वारा उसे तथा उसके पिता को धमकी दी गई कि अगर उसने इसकी शिकायत की तो वह अश्लील वीडियो को वायरल कर देगा।

## भाजपा युवा मोर्चा के मण्डल कार्यसमिति की बैठक



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता युवा मोर्चा विशेषरगंज मंडल के कार्यसमिति की बैठक श्री राम रेखा धाम में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता लोकसभा चुनाव के संयोजक सर्वेश शर्मा ने करते हुए पदाधिकारियों को संघटन के आगामी कार्यक्रमों से अवगत कराया उन्होंने पदाधिकारियों को बस्ती में कमल खिलाने एवं हरीश द्विवेदी को पुनः सांसद बनाने का मंत्र दिया। मण्डल अध्यक्ष अजय चौहान ने बताया कि बस्ती में जातिवाद की लहर अब नहीं चलेगी क्योंकि बस्ती की जनता राष्ट्रवादियों के साथ है । बैठक में मण्डल संयोजक अनुराग भट्ट, मण्डल उपाध्यक्ष रामराज तिवारी, मण्डल मीडिया प्रभारी दीपक सोनी, मण्डल मंत्री अमित भट्ट, मण्डल मंत्री पवन भट्ट, मण्डल मंत्री हेमन्त चौधरी, मण्डल कार्यसमिति सदस्य विकास भट्ट, मण्डल कार्यसमिति सदस्य किस्मत अली आदि सैकड़ों के संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीता स्वयंवर की कथा व मंचन देखकर भाव विभोर हुए श्रोता



**अवधनामा संवाददाता**

**जोगिया सिद्धार्थनगर।** शक्तिस्थल मां योगमाया मन्दिर जोगिया में चल रहे नौ दिवसीय श्रीराम कथा अमृत वर्षा कथा में बीती रात्रि रात्रिकालीन कथा में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी के यज्ञ के रक्षार्थ विश्वामित्र द्वारा दसरथ से उनके राम और लक्ष्मण को मांगना, राम और लक्ष्मण का विश्वामित्र के साथ वन गमन, अहिल्या उद्धार और जनकपुर सीता स्वयंवर उत्सव देखना तथा स्वयंवर में बड़े-बड़े योद्धाओं द्वारा शिव का विशाल धनुष न टूटने पर भगवान श्रीराम ने उस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़कर उसे खंडित किया और राम नाम के जयकारे लगे राम के साथ-साथ लक्ष्मण और अन्य भाइयों के विवाह का भी मंचन कथा में किया गया। कथा व्यास विशाल पाठक जी महाराज द्वारा बड़े ही सुंदर ढंग से श्रीराम कथा का संगीतमय प्रवचन किया जा रहा है। इस कथा के व्यवस्थापक महात्मा गौतम बुद्ध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोगिया के प्रधानाचार्य और समाजसेवी बृजेश कुमार द्विवेदी है।

इस अवसर पर ग्राम सभा और क्षेत्र जवार के बहुत से श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया जिसमें जोगिंदर कर पाठक, प्रमोद कर पाठक, शिवपूजन कर पाठक, शिवकुमार कर पाठक,चंद्र प्रकाश कर पाठक, अजय कर पाठक, पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला महामंत्री विजय कर पाठक, तपानाथ दुबे, गोविंद साहनी, शंकर साहनी, शंभू साहनी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे।

# बसखारी बाज़ार में संविधान निर्माता की मनायी गयी धूमधाम के साथ आज जयंती



**दानिश मेंहदी/मुकीम खान**

**किछौछा अम्बेडकरनगर।** बसखारी बाज़ार में सोमवार को 14 अप्रैल के मौके पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के बसखारी क्षेत्र में डॉक्टर अंबेडकर की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जहां लोगों ने जमकर जय भीम के नारे लगाए और जय भीम गाने पर युवा खूब थिरके वहीं, सुरक्षा को लेकर हर चौक-चौराहों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के बसखारी मलिकपुर मखदूम नगर, व ग्राम सभा डोंडों एदिलपुर, जमऊपुर, मकोइया हरैया खेमपटी कोतुपुर तथा अन्य कई गांव के लोग 15 अप्रैल को अंबेडकर जयंती का जुलूस का आयोजन जय भीम चेतना समिति ट्रस्ट के तत्वाधान में सोमवार 3 बजे से जुलूस यात्रा निकाला गया सर्वप्रथम या जुलूस बौद्ध मठ से निकलकर पश्चिमी चौराहे से होते हुए बसखारी मुख्य बाजार से अम्बेडकर चौक (पूर्वी चौराहा) आजमगढ़ रोड पर पहुँचा जहां मखदूम नगर के लोग अपने जुलूस के साथ मिलें फिर सभी लोग डोडो होते हुए जहांगीरगंज रोड पर आएं जहां पर ग्राम सभा जमऊपुर, मलिकपुर तथा मकोइया के लोग शामिल हुए फिर सभी लोग एक साथ पुण्य बसखारी बीच बाजार होते हुए थाना गेट बसखारी तक गए और वहां से फिर पूरा जुलूस वापस होकर पश्चिमी चौराहे से बौद्ध नगर में कार्यक्रम का समापन हुआ वही भी चेतना समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहाँ ने बताया कि आज बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर हमारे समाज द्वारा बसखारी शहर में उनकी शोभा यात्रा निकाली गई है। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब एक महान व्यक्ति थे जो अपने समाज के सभी अधिकारों के लिए बहुत ही लड़े तब जाकर हमारे समाज को एक पहचान मिली और आजादी मिली वही इस मौके पर जय भीम चेतना समिति के संरक्षक सैयद आलेमुस्तफ़ा (छोटे बाबू) डा निनकू, निरंजन सभासद, रुपचन्द, विनय, माखनलाल, सागर बाबा राम नयन सहित चेयरमैन ओमकार गुप्ता, गुड्डू तिवारी, प्रतीक उपाध्याय, सैयद खलीक, गुरू प्रसाद, विनोद भारती, रामकुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र दिया गया प्रशिक्षण



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थित में मतदान कार्मिकों के पहले चरण का रेंडमाइजेशन कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में किया गया। इस दौरान ईपीडीएस सॉफ्टवेयर पर कार्मिकों के फीड डाटा के अनुसार पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय के रूप में चिन्हित किए गये कर्मचारियों का मिलान परीक्षण किया। उन्होंने बताया कि रेंडमाइजेशन के बाद जिन कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव में लगी है, उनके पहले चरण के प्रशिक्षण का कार्य शुरू हो जाएगा। पहले चरण का प्रशिक्षण पूरा होने के बाद दूसरे चरण का रेंडमाइजेशन कर फिर से कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी अकबरपुर, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा, जिला सूचना अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी,जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# भय, भूख और भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार कर रही कार्य : जयप्रकाश



> सरकार की सभी योजनाओं का लाभ बिना भेद भाव सभी वर्ग और समाज के लोगों को समान रूप से मिला है

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** हर गरीब, दलित, शोषित, वंचित और महिलाओं को भाजपा सरकार ने मुख्य धारा से जोड़ा हैं, भय, भूख और भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उक्त बातें शहर के जिला पंचायत आवास पर पूर्व राज्य मंत्री व वर्तमान रुद्रपुर विधायक जयप्रकाश निषाद ने कहीं। उन्होंने भाजपा के 76 पन्नो के संकल्प पत्र को साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संकल्प पत्र तैयार करने के लिए पूरे देश की जनता से विचार मांगे गए थे और उन्ही विचारों में से चुनिंदा विचारों को संकलित कर भाजपा ने अपना संकल्प पत्र तैयार किया है जिसमे गरीब, किसान, नौजवान, मजदूर, महिला और युवाओं को ध्यान में रखते हुए अपनी आगामी योजनाएं बनाई हैं । उन्होंने कहा कि मोदी जी के ऊपर लोगों का अटूट विश्वास है क्योंकि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ बिना भेद भाव सभी वर्ग और समाज के लोगों को समान रूप से मिला है । पार्टी ने बुजुर्गो का भी ध्यान रखते हुए 70 साल से ऊपर के हर व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाने की बात अपने चुनावी घोषणा पत्र में की हैं, किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने, तथा 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का संकल्प लिया है, इसके साथ ही 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का संकल्प देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है और देश की जनता का आशीर्वाद एक बार पुनः मोदी जी को मिलने जा रहा है। इंडी गठबंधन के नेताओं के पास कोई एजेंडा नहीं है न कोई तैयारी है, वो आपस में ही एक राय नहीं हैं। ये लोग देश को सिर्फ लूटना चाहते हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, विशंभर मिश्रा, महामंत्री श्रीनिवास मणि, प्रभाकर तिवारी, संतोष मिश्रा, गोविंद चौरसिया भी उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी टांडा में डॉ अम्बेडकर जी की 133वीं जयंती मनाई गई



**अवधनामा संवाददाता**

**टांडा।** एनटीपीसी टांडा में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की 133वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन अनुसूचित जाति/ जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति की ओर से एनटीपीसी टांडा के आवासीय परिसर स्थित सरगम ऑडिटोरियम में किया गया, जहां कार्यकारी निदेशक (एनटीपीसी टांडा) श्री ए के चट्टोपाध्याय एवं अन्य अतिथियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करके एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) डा उदयन तिवारी, महाप्रबंधक (परियोजना) श्री अतुल कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक (प्रचालन) अभय कुमार मिश्रा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री रजनीश कुमार खेतान एवं समिति के पदाधिकारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करके अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके पूर्व समिति के अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार, सचिव श्री सुरेंद्र कुमार, श्री रविन्द्र कुमार एवं अन्य वरि पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विप राजकीय इंटर कालेज की छात्राओं द्वारा बुद्ध वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों से संवाद स्थापित करते हुए अतिथियों ने कहा कि बाबा साहेब का यथेष्ट सम्मान उनके विचारों के अनुसरण करने में निहित है। बाबा साहेब के बताये गये रास्तें पर चल कर ही समतामूलक समाज की उनकी संकल्पना को साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता के रूप में उन्होंने हमें ऐसा संविधान दिया है, जिससे आज हमारी पहचान पूरी दुनिया में एक महान लोकतांत्रिक देश के रूप में है। उन्होंने बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए उन्हें एक निपुण राजनेता एवं महान समाज सुधारक बताया। इस अवसर पर अतिथियों ने समिति द्वारा समय-समय पर आसपास के जरूरतमंद लोगों के लिए किए गये कल्याणकारी कार्यों की भी सराहना की।

## सिकरी राजा के छात्र विक्रम का सैनिक स्कूल में चयन

**उरई (जालौन)।** मेधावी छात्र विक्रम प्रताप सिंह का ऑल इंडिया सैनिक स्कूल में चयन होने पर क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। घर परिवार और शुभचिंतकों ने मुंह मीठा कराकर उसे बधाई दी। सिकरी राजा निवासी रमन सिंह के 13 वर्षीय होनहार बेटे विक्रम प्रताप सिंह ने कठिन परिश्रम कर ऑल इंडिया सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उसने साथी छात्र छात्राओं के समक्ष एक उदाहरण प्रस्तुत किया है कि कठोर परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। विक्रम का चयन मैनपुरी स्थित सैनिक स्कूल में कक्षा 6 में हुआ है। शनिवार को गांव सिकरी राजा में परिवार एवं गांव के लोगों ने विक्रम को मिठाई खिलाकर और फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान विक्रम की मां राखी देवी और गांव ग्राम प्रधान आलोक वर्मा कमलेश कुमार हाकिम सिंह बृजमोहन मोहन रामेंद्र श्याम जी आदि लोग भी उपस्थित रहे क्षेत्रवासियों ने विक्रम सिंह की इस सफ़लता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# समाजवादी पार्टी को मुसलमानो से दूरी बनाना चुनाव में कहीं पड़ न जाये भारी



**मिन्नतुल्लाह/दानिश मेंहदी अम्बेडकरनगर।** मुसलमानों को पार्टी कही जाने वाली समाजवादी पार्टी ने इस लोकसभा चुनाव में अभी तक पूरे पूर्वांचल में अफ़ज़ाल अंसारी के अलावा किसी और सीट पर मुस्लिम प्रत्याशी नही दिया है यहाँ तक की मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रो में भी गैर मुस्लिम प्रत्याशियों को मैदान में उतारा गया है जिसकी चर्चा जनपद की चाय पान की दुकानों और चौराहों पर हो रही है इसके साथ ही अम्बेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र में भी मुस्लिम समाज खुद को उपेक्षित महसूस कर रहा है यहाँ पर टाण्डा विधानसभा में इससे पहले विधानसभा चुनाव में जहाँ समाजवादी पार्टी की तरफ से लोग मुस्लिम प्रत्याशी की आस लगाए हुए थे वही ऐन वक्त पर समाजवादी पार्टी ने राममूर्ति वर्मा को टिकट देकर टाण्डा विधानसभा से प्रत्याशी घोषित कर दिया और लोगो ने उनको जिताकर विधानसभा भेजा और अब लोकसभा चुनाव में भी समाजवादी पार्टी ने पूर्व कैबनेट मंत्री कद्दावर नेता लाल जी वर्मा को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है जो सर्व समाज को अपने साथ जोड़ने में लगे हुए है लेकिन उनकी पार्टी द्वारा मुस्लिम समाज की उपेक्षा किये जाने की चर्चा पूरे टाण्डा नगर क्षेत्र की चाय पान की दुकानों पर हो रही है।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024



# ग्रामीण या शहरों में रहने वाली हर कन्या देवी : राज्यपाल

## प्रेरणा संस्था की ओर से चैत्र-नवरात्रि को 2100 कन्याओं का भव्य पूजन एवं वंदन कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मार्गदर्शन से संचालित संस्था प्रेरणा की ओर से सोमवार को चैत्र-नवरात्रि के दिन 2100 कन्याओं का भव्य पूजन एवं वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोमतीनगर विस्तार स्थित सीएमएस ऑडिटोरियम में मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इस अवसर पर कहा कि जिस प्रकार हम भारत माता की पूजा करते हैं, ठीक उसी प्रकार हमें कन्याओं की भी पूजा करते हैं। इसका पर्याय यह है कि यही बच्चियॉं बड़ी होकर एक आदर्श समाज का निर्माण करती हैं। आदिवासी, वनवासी, ग्रामीण या शहरों में रहने वाली हर कन्या देवी है। इनकी शिक्षा और सुरक्षा हमारा प्रमुख दायित्व है। इस अवसर पर लखनऊ की पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएसएस के क्षेत्र प्रचारक अनिल जी व प्रांत प्रचारक कौशल जी, क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख सुभाष जी, सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं राष्ट्रधर्म पत्रिका के निदेशक मनोजकांत जी, विश्व संवाद केंद्र के प्रमुख डॉ उमेश, क्षेत्र प्रचारिका शशि, सह प्रांत संघचालक सुनीत खरे, राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री, स्वतंत्र प्रकाश, पीएन द्विवेदी और पूर्व राज्य सूचना आयुक्त सुभाष सिंह, एकल विद्यालय अभियान के माधवेंद्र जी, प्रशांत भाटिया एवं डॉ सुनीता गांधी सहित समाज के विभिन्न वर्गों के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।





■ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि लड़कियों की शिक्षा और सुरक्षा समाज और सरकार का प्रथम कर्तव्य

**कन्याओं के चरण धोये एवं तिलक लगाया :** सेवा बस्तियों में रहने वाली 2100 कन्याओं का प्रेरणा परिवार द्वारा सोमवार को सुबह 10:00 बजे चैत्र-नवरात्रि के पावन अवसर पर पूजन-वंदन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कई संभ्रांत परिवारों की 200 से अधिक महिलाओं ने कार्यक्रम की शुरुआत में कन्याओं के चरण धोये एवं तिलक लगाया। इसके बाद राष्ट्रगान के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आरम्भ किये गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कन्याओं के चरण धोये। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हर परिवार की जिम्मेदारी है कि वह वह अपनी कन्याओं को उचित शिक्षा दे। यही कन्यां देवी का स्वरूप हैं। वह बड़ी होकर समाज का उन्नत विकास करने में अहम योगदान देती हैं। बेटी चाहे आदिवासी समाज की हो या पिछड़े बस्तियों में रहने वाली उन्हें उचित शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था मिलनी चाहिये। समाज के हर व्यक्ति का दायित्व है कि वह कन्याओं का विशेष ध्यान रखे। इस बीच उन्होंने मातृशक्तियों के सन्दर्भ में कहा कि एक महिला जब गर्भावस्था से गुजर रही होती है तो वह जो खाती है।

# 17 अप्रैल दोपहर 12 बजकर 16 मिनट पर रामलला का अभिषेक करेंगी सूर्य किरणें

**अयोध्या।** रामनवमी के दिन राम लाल भक्तों को 19 घंटे दर्शन देंगे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने केवल राम जन्मोत्सव के दिन यानी 17 अप्रैल को ही दर्शन की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। राम जन्मोत्सव के दिन सुबह 3:30 बजे से ही भक्त दर्शन के लिए लाइन में लग सकेंगे। रात 11 बजे तक श्रृंगार, राग-भोग व दर्शन साथ-साथ चलते रहेंगे।




रामनवमी मेले में श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि बताया कि श्रीराम नवमी महोत्सव के दौरान मंगला आरती के बाद ब्रह्म मुहूर्त में अति प्रातः 3:30 बजे से अभिषेक, श्रृंगार एवं दर्शन साथ-साथ चलते रहेंगे। श्रृंगार आरती प्रातः 5:00 बजे होगी। श्री रामलला का दर्शन एवं सभी पूजा-विधि यथावत साथ-साथ चलती रहेगी। भगवान को भोग लगाने के लिए समय-समय पर अल्प-काल को पर्दा रहेगा। रात्रि 11:00 बजे तक दर्शन का क्रम पूर्ववत चलता रहेगा। इसके बाद परिस्थिति अनुसार भोग एवं शयन आरती होगी। तीर्थ क्षेत्र की ओर से बताया गया कि रामनवमी पर शयन आरती के बाद मंदिर निकास मार्ग पर प्रसाद मिलेगा। दर्शनार्थी अपना मोबाइल, जूता, चप्पल, बड़े बैग एवं प्रतिबंधित सामग्री आदि मंदिर से दूर सुरक्षित रखकर आएं। बताया कि वीआईपी दर्शन पर रोक एक दिन बढ़ा दी गई है अब 19 अप्रैल तक वीआईपी दर्शन पर रोक रहेगी। सुगम दर्शन पास, वीआईपी दर्शन पास, मंगला आरती पास, श्रृंगार आरती पास एवं शयन आरती पास नहीं बनेंगे। सुग्रीव किला के नीचे, बिड़ला धर्मशाला के सामने, श्री रामजन्मभूमि प्रवेश द्वार पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से यात्री सेवा केंद्र बनाया गया है जिसमें जन-सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां श्रद्धालुओं के बैठने से लेकर इलाज तक के इंतजाम है।

# प्राईवेट स्कूलों में आप भी पा सकते हैं मुफ्त दाखिला, प्रक्रिया शुरू

**लखनऊ।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में मुफ्त दाखिले के लिए सोमवार से तीसरे चरण की प्रक्रिया शुरू हो गई। इस चरण में आठ मई तक अभिभावक अपने बच्चे का नर्सरी व कक्षा एक में प्रवेश कराने के लिए आवेदन कर सकेंगे। सभी जिलों में बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) 15 मई तक आवेदन फार्मों का सत्यापन करेंगे फिर 16 मई को दाखिले के लिए लाटरी निकाली जाएगी। अभी तक दो चरणों में 1.29 लाख बच्चों को निजी स्कूलों में सीटें आवंटित की जा चुकी हैं।

उप शिक्षा निदेशक (समग्र शिक्षा) डॉ. मुकेश कुमार सिंह के मुताबिक अभिभावक वेबसाइट https://rte.upsdc.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन फार्म भर सकते हैं। गरीब परिवारों के बच्चों को नर्सरी व कक्षा एक में 25 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश का प्राविधान है। सभी जिलों में बीएसए कार्यालय में हेल्प डेस्क बनाने के निर्देश दिए गए हैं। आवेदन फार्म भरते समय अगर अभिभावक से कोई गलती हो रही है या फिर फार्म में जरूरी दस्तावेज कम हैं तो उन्हें एक अवसर देने का आदेश भी दिया गया है। बावजूद इसके पहले व दूसरे चरण में आए कुल 2.76 लाख आवेदन फार्मों में से 69,749 आवेदन फार्म निरस्त किए जा चुके हैं। यानी अब तक आए कुल आवेदन फार्म में से 25 प्रतिशत फार्म किसी न किसी गड़बड़ी के चलते रद किए जा चुके हैं। वहीं 56 हजार निजी स्कूलों में कुल 5.25 लाख सीटें हैं। बीते शैक्षिक सत्र में 1.04 लाख सीटें ही भर पाई थी। ऐसे में अब इस शैक्षिक सत्र 2024-25 में न्यूनतम दो लाख सीटें भरने का लक्ष्य तय किया गया है।

■ बीएसए 15 मई तक आवेदन फार्मों का सत्यापन करेंगे

# सीएमएस बच्चों को ज्ञानवान व संस्कारवान बना रहा : मुख्य सचिव

## फिल्म अभिनेता रूद्र सोनी, कृष सोनी, ब्रिजेन्द्र काला एवं सुहानी सरीन ने बढाई फिल्मोत्सव की रौनक

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के फिल्म्स डिवीजन के तत्वावधान में विश्व का सबसे बड़ा अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव (आई.सी.एफएफ-2024) आज से सी.एम.एस. सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में प्रारम्भ हो गया। मुख्य अतिथि दुर्गा शंकर मिश्र, आई.ए.एस., मुख्य सचिव, उ.प्र. ने दीप प्रज्वलित कर बाल फिल्मोत्सव का उद्घाटन किया जबकि फिल्म जगत से जुड़ी प्रख्यात हस्तियों अभिनेता रूद्र सोनी, कृष सोनी, ब्रिजेन्द्र काला एवं अभिनेत्री सुहानी सरीन ने अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा में चार-चाँद लगा दिये। इस अवसर पर लगभग 10,000 से अधिक छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों की उपस्थिति ने आयोजन की सार्थकता सिद्ध कर दी। अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव का आयोजन 15 से 21 अप्रैल तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है।





बाल फिल्मोत्सव का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि श्री दुर्गा शंकर मिश्र, आई.ए.एस., मुख्य सचिव, उ.प्र. ने कहा कि इस अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव के माध्यम से सी.एम.एस. सिर्फ अपने ही नहीं अपितु सभी स्कूलों के छात्रों को ज्ञानवान व संस्कारवान बना रहा है। श्री मिश्र ने आगे कहा कि सिनेमा हमें बहुत सी अच्छी बुरी चीजें सिखाता है परन्तु आज मुझे सी.एम.एस. संस्थापक स्व. डा. जगदीश गाँधी जी बहुत याद आ रहे हैं, जिन्होंने बच्चों को सिर्फ अच्छी चीजें सिखाने के लिए बाल फिल्म महोत्सव की शुरूआत की थी। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा भारती गाँधी ने इस अवसर पर बाल फिल्मों से प्रेरणा ग्रहण करने पधारे हजारों छात्रों से कहा कि आप सब जीवन में बड़ा लक्ष्य रखें। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस अवसर पर सभी आमन्त्रित अतिथियों व विशिष्ट हस्तियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि अच्छी फिल्में बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव डालती हैं और उन्हें संस्कारवान बनाती हैं। उद्घाटन समारोह के उपरान्त अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव का शुभारम्भ बाल फिल्म 'विश्व एकता के पथिक - डा. जगदीश गाँधी' से हुआ। यह फिल्म शिक्षा जगत के महानायक एवं विश्व एकता व विश्व शान्ति के अग्रदूत रहे स्वं. डा. जगदीश गाँधी की जीवन यात्रा को दर्शाती है। इस फिल्म में डा. जगदीश गाँधी की शून्य से शिखर तक की जीवन यात्रा एवं शिक्षा जगत, सामाजिक उत्थान एवं भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास में उनके योगदान को फिल्माया गया है।

इस अवसर पर आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में लखनऊ पधारे विशिष्ट अतिथियों ने इस ऐतिहासिक आयोजन पर अपने विचार व्यक्त किये। पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रख्यात फिल्म अभिनेता श्री ब्रिजेन्द्र काला ने कहा कि सही मायनों में स्कूल ही बच्चों का मार्गदर्शन करता है। बच्चों के चारित्रिक विकास के लिए बाल फिल्मों का उपयोग सी.एम.एस. की एक अनूठी पहल है। अभिनेत्री सुश्री सुहानी सरीन ने कहा कि बच्चे बच्चों के लिए बनी फिल्में ही देखें। इसी प्रकार अभिनेता रूद्र सोनी व कृष सोनी ने एक स्वर से कहा कि यह महोत्सव बच्चों को अपने अन्दर छिपी प्रतिभा को पहचानने में मदद करेगा। बाल फिल्मोत्सव के फेस्टिवल डायरेक्टर श्री आर. के. सिंह ने कहा कि सी.एम.एस. बच्चों को अच्छी फिल्में दिखाने के लिए संकल्पित हैं। बाल फिल्मोत्सव के सात दिनों में प्रतिदिन दस हजार से अधिक बच्चे बाल फिल्मोत्सव का आनंद उठायेंगे।

■ अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव (आईसीएफएफ) का भव्य उद्घाटन

# एल्युमिना डॉ. रेनू पर टीएमयू गौरवान्वित

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** हिन्दू कालेज, मुरादाबाद की शिक्षा विभाग की एचओडी एवम् तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के बीएड प्रथम बैच की एल्युमिना डॉ. रेनू यादव ने कहा, टीएमयू का शैक्षिक वातावरण गुणवत्तापूर्ण है। यूनिवर्सिटी निरंतर अपने लक्ष्य की ओर गतिमान है। यहां अनुभवी शिक्षक और उत्कृष्ट मानदंड हैं। इसकी विशेषता उच्च शिक्षा में छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति है, जिससे छात्र न केवल ज्ञान की प्राप्ति करते हैं, वरन तकनीकी से भी अपडेट रहते हैं।

डॉ. यादव तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन और एल्युमिनाई रिलेसन्स सेल-एआरसी की ओर से एजुकेशन एंड फिलॉसफी पर आयोजित एल्युमिनाई टाक में बतौर मुख्य वक्ता बोल रही थीं। इससे पहले एल्युमिनाई वक्ता डॉ. रेनू ने बतौर मुख्य वक्ता, एआरसी के ज्वाइंट रजिस्ट्रार प्रो. निखिल रस्तोगी ने बतौर मुख्य अतिथि, डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने बतौर विशिष्ट अतिथि, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या प्रो. रश्मि मेहरोत्रा, डॉ. अशोक कुमार लखेरा आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके वंदना के संग कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उल्लेखनीय है, डॉ. रेनू यादव ने टीएमयू के फैकल्टी ऑफ़ एजूकेशन के बीड के प्रथम बैच की उच्चतम अंक प्राप्त करने वाली स्टुडेंट रही हैं। हिंदू कॉलेज मुरादाबाद से एमएड डिग्री और नेट परीक्षा पास की है। उन्होंने टीएमयू के शिक्षा संकाय में भी अपनी सेवाएं दी हैं। हिंदू कॉलेज के शिक्षा विभाग की एचओडी डॉ. यादव ने दर्शनशास्त्र की व्याख्या करते हुए कहा, दर्शन हमारी सोच है, हमारा दर्शन कर्म और सत्य पर निर्भर करता है। यद्यपि वर्तमान में दर्शन से तात्पर्य आदर्शवाद, अध्यात्मवाद, प्रकृतिवाद, प्रयोजनवाद का शिक्षा के साथ संबंध से है। डॉ. यादव ने छात्र-छात्राओं के प्रश्नों का भी उत्तर दिया। बीएड सेकेंड सेमेस्टर की छात्रा हेमा के प्रश्न के उत्तर में बोलीं, उन्होंने टीएमयू के शिक्षकों से संपूर्ण तैयारी के साथ कक्षा में पढ़ने की विधि और स्वअवलोकन की कुशलता को सीखा। एमएड सेकेंड सेमेस्टर के छात्र अमन के प्रश्न के उत्तर में कहा, विभिन्न पुस्तकों के स्थान पर किसी एक संपूर्ण सिलेबस पर तैयार, योग्य ऑथर की पुस्तक को अपना बेसिक बनाकर एक प्लान के अनुसार, सतत स्मरण की ओर जुड़कर आप अपने कॉम्पिटेटिव एग्जाम्स को पहली बार में क्रेक सकते हैं।



# लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने बनाई समन्वय समिति

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के लिए शहर कांग्रेस ने समन्वय समिति बनाई है, जिसमें 40 सदस्य शामिल किए गए हैं। इसके अलावा लखनऊ लोकसभा चुनाव प्रभारी, कंट्रोल रूम प्रभारी और सोशल मीडिया प्रभारी भी नामित कर दिए गए हैं। इसे लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी और डॉ. शहजाद आलम की ओर से रविवार को घोषणा भी कर दी गई।

शहर अध्यक्ष अमित त्यागी ने बताया कि लखनऊ लोकसभा क्षेत्र का चुनाव प्रभारी बृजेश सिंह, सोशल मीडिया का प्रभारी अमन यादव व सलमान कादिर, कंट्रोल रूम का प्रभारी एफएएस चर्चिल, आफताब मोहसिन, मोहम्मद हाशिम, सच्चिदानंद नाथ व अमित यादव को बनाया गया है। विधि प्रभारी आरबी सिंह को बनाया गया है।

चुनाव समन्वय समिति में जिनको शामिल किया गया है उनमें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष शिव पांडे, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, पूर्व विधायक पंडित राम गोपाल मिश्रा, पूर्व मंत्री नकुल दुबे, पूर्व मंत्री राजबहादुर, कमलेश भारती, सुरेंद्र राजपूत, मुकेश सिंह चौहान, बोधलाल शुक्ला, सरोज शुक्ला, राजेंद्र शुक्ला, अनुसुईया शर्मा, ममता चौधरी, वीरेंद्र मदान, सुबोध श्रीवास्तव, प्रमोद सिंह, ओंकारनाथ सिंह, अमरनाथ अग्रवाल, आरपी सिंह, नईम सिद्दीकी, पंकज तिवारी, नितिन शर्मा, अरशद आजमी, प्रदीप सिंह, विनोद मिश्रा, अर्शी रजा, अंकित तिवारी, अनस रहमान, नसीम खान, राजेश मिश्रा राजन, राजेश सिंह काली, संगीता जायसवाल, मनोज तिवारी, सहाना सिद्दीकी, सदफ जफर, सिराज, गौरव चौधरी, विजय बहादुर, नरेश वाल्मीकि व राजेंद्र पांडे शामिल हैं।

■ इन नेताओं को किया शामिल

# भव्य श्रीराम हनुमत महोत्सव बनारस की आरती के साथ हुआ सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** श्री राम हनुमत महोत्सव का दो दिवसीय भव्य आयोजन हनुमत सेवा समिति की ओर से 13 और 14 अप्रैल को अशोक मार्ग स्थित बलरामपुर गार्डन में किया गया। इसके पहले दिन सुंदरकांड, सम्मान समारोह, सत्संग, हनुमत झांकी और विश्वविख्यात हनुमत संग्रहालय के दर्शन ने भक्तों को श्रीराम हनुमत भक्ति से सराबोर कर दिया। विवेक पाण्डेय के संयोजन में ही रविवार 14 अप्रैल को सुंदरकांड का पाठ, हनुमत क्विज, भजन गायन, बनारस की गंगा आरती के साथ ही झारखंड से आई वायरल गर्ल स्नेहल सोनी साचु का सुमधुर भजन गायन भी हुआ। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी उपस्थित रहे।

आयोजन स्थल में सच्चे फूलों के श्रृंगार के साथ अलंकृत राम दरबार आगंतुकों को खासा पसंद आया। इसके साथ ही भक्तों ने मंच पर विराजमान हनुमान जी महाराज के मूर्त स्वरूप के भी दर्शन लाभ अर्जित किये। दूसरी ओर आगंतुक लिम्का और गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कृष्ण कुमार चौरसिया के संग्रह की प्रदर्शनी में भी खासी दिलचस्पी दिखायी। उस संग्रह में चालीस हजार से अधिक हनुमान महाराज की तस्वीरें, मूर्तियां, सिक्के, पेन्टिंग और पुस्तकें प्रदर्शित की गई थीं। महोत्सव के दूसरे दिन रविवारीय 14 अप्रैल को मंगलाचरण के बाद शाम को नई दिल्ली से आमंत्रित विश्वविख्यात स्वर सम्राट, अजय याग्निक द्वारा सुण्दरकाण्ड का सस्वर सामूहिक पाठ किया गया। वरिष्ठ पत्रकार और मंच संचालक प्रेम कान्त तिवारी ने रामायण और हनुमान जी महाराज पर आधारित ज्ञानवर्धक हनुमत क्विज आयोजित की।



■ रविवेक पाण्डेय के संयोजन में हुआ सुंदरकांड का पाठ, हनुमत क्विज और भजन गायन

# 51 शक्ति पीठ में मां का फूलों से हुआ श्रृंगार



**लखनऊ।** नंदन बक्शी का तालाब स्थित 51 शक्तिपीठ धाम में वासंतिक नवरात्र की सप्तमी को कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई। आज के पिंडी पूजन का सौभाग्य सुनीता वार्ष्णेय को प्राप्त हुआ। 51 शक्तिपीठ तीर्थ में आज मां का पुष्प श्रंगार हुआ।

मंदिर की की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि मंगलवार को मन्दिर मे अष्टमी मनाई जायेगी और माँ महागौरी का पूजन होगा। शाम को पुष्पा, आकांक्षा, गीता, वंदना, कुमकुम ने भजन सुनाये।

# 'सूअर का मांस-चावल खिलाते, लगाते थे बिजली का करंट'

**लखनऊ।** सूअर का मांस और चावल खिलाते थे, उल्टी होने पर बेल्ट और डंडे से मारते थे। कभी-कभार तो उल्टा लटका देते थे। प्रताड़ना की सारी हदें पार कर देते थे म्यांमार के अपहर्ता। नींद आने पर बिजली का करंट लगाते थे और 22 घंटे तक चाइना के लिए साइबर ठगी करवाते थे। नहाने और नित्य क्रिया करने के लिए भी जाने नहीं देते थे। ज्यादा दिक्कत होने पर बहुत गिड़गिड़ाना पड़ता था। इसके बाद उनके लोग अपने साथ लेकर नित्य क्रिया कराने के लिए आंख पर पट्टी बांधकर ले जाते थे।

म्यांमार में साइबर अपराधियों के चंगुल से छूटकर रविवार रात लौटे गुडंबा के आधार खेड़ा के रहने वाले सागर चौहान ने आपबीतीसुनाई है। सागर बेहद डरे हुए थे। वह आपबीती सुनाने के दौरान कई बार तो फूट-फूटकर रोने लगे। सागर ने बताया कि म्यांमार में उनके जैसे कई देशों के 2500 से अधिक डाक्टर, इंजीनियर, साइबर एक्सपर्ट और कंप्यूटर का काम जानने वाले लोगों को बंधक बनाकर रखा गया है। उन सबको साइबर ठगी में लगाया गया है। तमाम तरीह के ऐप का इस्तेमाल करते हैं।



म्यांमार में कई भारतीय, पाकिस्तानी, श्रीलंका, आस्ट्रेलिया, नेपाल, समेत अन्य देशों के लोग बंधक है। सागर ने बताया कि अभी तक उनके दोस्त अजय और राहुल वहीं बंधक हैं। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल के इंस्पेक्टर दशरथ सिंह ने बताया कि सागर आ गया है। अब राहुल और अजय को लाने के लिए दूतावास से पत्राचार जारी है। सागर का मेडिकल परीक्षण सोमवार को कराकर बयान दर्ज किया जाएगा।

सागर ने बताया कि उसके एक पड़ोसी ने बीते शुक्रवार को दस करोड़ रुपये की ठगी की थी। अमेरिका के एक व्यक्ति को झांसा देकर ठगी की गई थी। वहां बड़ी ठगी करने वाले के लिए तालियां बजाई जाती हैं। ठगी करने वाले को मनपसंद खाना, पीना, सोने का समय मिलता है, जबकि जो उनकी मर्जी के मुताबिक काम नहीं करते है, उन्हें टॉर्चर किया जाता है। सागर ने बताया कि उनके भाई जोगिंदर चौहान से आरोपितों ने 8.14 लाख रुपए मंगवाया था।

■ म्यांमार में साइबर अपराधियों के चंगुल से छूटे युवक ने सुनाई आपबीती

# गर्मी जनित और संक्रामक रोगों की निगरानी बढ़ी

## लू के मरीजों की देखभाल के भी निर्देश, संचारी रोग अभियान के दौरान विशेष जागरूकता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे होते जा रहे हैं। ऐसे में लू के साथ ही अन्य संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बढ़ गई है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से गर्मी जनित बीमारियों के साथ ही संक्रामक रोगों के प्रति निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) को भी निरंतर खाद्य पदार्थों की जांच करते रहने के लिए कहा गया है। हालांकि अप्रैल माह में एक ही स्थान पर बड़ी संख्या में मरीज मिलने की कोई घटना नहीं हुई है।

प्रदेश के सभी अस्पतालों में गर्मी की वजह से होने वाली बीमारियों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। कमरों को ठंडा रखने के लिए एसी और कूलर की व्यवस्था की गई है। लू के मरीजों को भर्ती करने के लिए सभी अस्पतालों में वार्ड तैयार किए गए हैं। इस मौसम में विभिन्न तरह के खाद्य पदार्थों के जरिये संक्रामक रोग फैलने की भी आशंका रहती है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों एवं अधीक्षकों को नए सिरे से निर्देश जारी किए हैं।



इसमें निर्देशित किया है कि लू के मरीजों की यह भी जांच की जाए कि वे किन परिस्थितियों में उल्टी दस्त के शिकार हुए हैं। एक ही स्थान पर पांच अथवा अधिक मरीज मिलने पर टीम बनाकर जांच की जाए ताकि बीमारी की वजह स्पष्ट हो सके। एक ही स्थान पर करीब पांच मरीज मिलते हैं तो वहां स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम अथवा नगर पंचायत, ग्राम पंचायत की टीम लगाई जाए। ऐसे मामलों की हर दिन की रिपोर्ट मुख्यालय भेजने के भी निर्देश दिए हैं।

प्रदेश में 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में प्रमुख सचिव ने अभियान के दौरान गर्मी जनित और संक्रामक बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया है। इसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ 12 अन्य विभागों की टीमें भी जुड़ी हैं। विभिन्न विभागों के समन्वय से प्राथमिकता के आधार पर लोगों को बीमारी के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### एफएसडीए ने बढ़ाई निगरानी

गर्मी के मौसम में विभिन्न स्थानों पर खुले में जूस, फल एवं खाद्य पदार्थ की बिक्री होती है। इसके संक्रमित होने की आशंका रहती है। ऐसे में एफएसडीए की टीम निरंतर निगरानी करेगी। एफएसडीए के उपआयुक्त हरिशंकर सिंह ने सभी खाद्य निरीक्षकों को हर रोज जांच करने और उसकी रिपोर्ट मुख्यालय भेजने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी विक्रेताओं से अपील की है कि गुणवत्तायुक्त खाद्य तेल का प्रयोग करें। एक ही तेल को बार-बार गरम करके उससे खाद्य पदार्थ तैयार न करें।

# राजनीतिक दलों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु एवं आदर्श आचार संहिता नामांकन तथा अन्य बिंदुओं पर चर्चा किए जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने अवगत कराया कि समस्त राजनीतिक दल जिलाधिकारी आवास चौराहा से पश्चिम की ओर स्थित कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के पास खाली पड़े मैदान में अपना वाहन खड़ा करेंगे। उन्होंने कहा कि समस्त प्रत्याशी जिला अधिकारी चौराहे से विकास भवन की ओर विकास भवन के सामने से जिलाधिकारी कार्यालय गेट नंबर 1 से नामांकन हेतु प्रवेश करेंगे। उन्होंने समस्त राजनीतिक दल प्रत्याशियों के साथ गेट नंबर 1 से चेकिंग के उपरांत नामांकन कक्ष के लिए अंदर आएंगे तत्पश्चात जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में जाकर नामांकन रिटर्निंग ऑफिसर को प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि नामांकन के समय जो भी व्यक्ति अपने निजी कार्य से कोर्ट कार्य से आएंगे वह कलैक्ट्रेट नंबर तीन प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के बराबर वाले गेट से प्रवेश करेंगे। उन्होंने कहा कि समस्त राजनीतिक दल दिनांक 18 अप्रैल 2024 से दिनांक 25 अप्रैल 24 तक पूर्वाहन 11:00 से अपराह्न 3:00 बजे तक रिटर्निंग ऑफिसर को जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में नामांकन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि अंदर नामांकन कक्ष में भगदड़ शोर सरावां ना करें इसका सम्मान किया जाए जिससे नामांकन प्रक्रिया में कोई भी समस्या ना हो साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया की राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव प्रचार किया जाएगा उसका खर्चा कैंडिडेट पर जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के साथ नामांकन कक्ष में पांच कैंडिडेट से ज्यादा अनुमन्य नहीं है। उन्होंने समस्त राजनीतिक दलों से अपील की कि जुलूस आदि की परमिशन अवश्य ले ली जाए, साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, क्षेत्राधिकारी शहर अमित कुमार सिंह , सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार, मलखान सिंह यादव कांग्रेस पार्टी, उदय भान सिंह यादव समाजवादी पार्टी, विक्रम अग्रवाल भाजपा, रविंद्र कुमार बिल्लू महासचिव बीएसपी, संजीव शाक्य जिला अध्यक्ष आम आदमी पार्टी, जिला अध्यक्ष अपना दल, इकरार अहमद जिला महासचिव आम आदमी पार्टी सहित समस्त राजनीतिक दल आदि उपस्थित रहे।

## वैरावट माता मन्दिर पर हुआ धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

**ललितपुर।** वैरावट माता मन्दिर सिद्धपीठ माना गया है। इस मन्दिर पर श्रद्धालुओं की काफी आस्था है। दूर दूर से श्रद्धालु वैरावट माता मन्दिर पर मां दुर्गा के दर्शन करने के लिये सुबह शाम रोज आते है। यहां पर चैत्र नवरात्रि पर जवारों का आयोजन हर साल होता है। इस नवरात्रि की पंचमी पर अनेक श्रद्धालुओं की उपस्थिति में वैरावट माता मन्दिर पर मां दुर्गा का गाजे बाजे के साथ अभिनव श्रृंगार किया गया। दिन भर माता के भजनों का कार्यक्रम चलता रहा। रात्रि में मां दुर्गा को पान का बीड़ा चढ़ाया गया। मां दुर्गा की छोटी आरती मां के जयकारों के साथ सम्पन्न हुई। सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रबंधक नारायण सिंह यादव कक्का, अजय श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, राकेश यादव, विजय यादव, अनूप श्रीवास्तव, पार्षद मनमोहन चौबे, धन्ना कुशवाहा, कल्लू कुशवाहा, गनेशराम यादव, घनश्याम यादव, अरविन्द यादव आदि श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# हज ट्रेनिंग शिविर का हुआ आयोजन

**हज यात्रियों को उमरे से लेकर हज की पूरी प्रक्रिया को बारीकी से समझाया गया**

वहाज अली निहाल



**इटावा।** अंजुमने हुसैनिया कमेटी की ओर से रविवार को स्यमवर मैरिज हाल में हज पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए हज ट्रेनिंग शिविर का आयोजन किया गया।

हज ट्रेनिंग शिविर का शुभारंभ हाफिज मोहम्मद कैफ ने कुरआन पाक की तिलावत से किया व कारी शहवाज कादरी ने नात शरीफ पेश की। शिविर में कानपुर से आये हज प्रशिक्षक अल्हाज शारिक अल्वी एवं मौलाना जाहिद रज़ा ने प्रशिक्षण प्राप्त करने आये हज यात्रियों को उमरे से लेकर हज की पूरी प्रक्रिया को बारीकी से समझाया ताकि उन्हें हज के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत न हो। शिविर में जनपद इटावा ओरैया, मैनपुरी, कन्नौज, जालौन, फिरोजाबाद, फर्रुखाबाद, भिंड, ग्वालियर, मुरैना आदि जनपदों से हज यात्रियों ने हज प्रशिक्षण में भाग लेकर हज की पूरी प्रक्रिया को समझा। शिविर में मौलाना जाहिद रज़ा की अध्यक्षता और मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी की देखरेख में आयोजित हुआ। शिविर का संचालन नदीम अहमद एड.ने किया। शिविर के अंत में देश में अमनो-अमान व खुशहाली के लिए सभी ने हाथ उठाकर दुआये की। कमेटी की ओर से हज यात्रियों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। शिविर में प्रमुख रूप से हाजी अब्दुल वहाब अशरफी, कारी सरफराज आलम सहित अंजुमने हुसैनिया कमेटी के हाजी सकलैन, हाजी दिलशाद, हाजी वसीम, हाजी ताबिश, असरार अहमद, गुड्डू अब्बास, खुर्शीद अहमद, शाकिर वारसी, जावेद वारसी, मौजुद्दीन वारसी, मुहम्मद सलमान, मुहम्मद सलीम सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। कमेटी के सदर हाजी सरफराज मुस्तफ़ा खान ने सभी लोगों का स्वागत किया और हुसैनिया हज ट्रेनिंग कैम्प में आने वाले सभी हाजियों का शुक्रिया अदा किया।

# जीवन के लिए जल जरूरी तो मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी: डीएम

अवधनामा संवाददाता

- 13 मई को स्वयं मतदान करें व अन्य लोगों को भी प्रेरित करें: मंगला प्रसाद
- मजबूत लोकतंत्र के लिए एक एक वोट महत्वपूर्ण: केशव चन्द गोस्वामी



**हरदोई।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज गाँधी भवन में जल निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिस देश में जितना मतदान होता है व देश उतना ही मजबूत होता है और जिस तरह जीवन के लिए जल जरूरी है उसी तरह मजबूत लोकतंत्र की स्थापना के लिए मतदान बहुत जरूरी है। उन्होने कहा कि जनपद में मतदान बढ़ाने के काफ़ी प्रयास किये गये है और वोटर लिस्ट को ठीक करा दिया गया है तथा बूथों को ठीक कराने का काम शुरु हो गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि अब जिम्मेदारी मतदाताओं की है कि 13 मई 2024 को अपने मतदान केन्द्र पर जाकर स्वयं मतदान करें व अन्य लोगों को भी प्रेरित करें और कोई भी मतदाता अपने परिवार के साथ चार पहिया वाहन से मतदान केन्द्र के 200 मीटर तक जा सकता है। उन्होंने सभी को निर्वाचन आयोग के क्यू आर कोड की जानकारी देते हुए बताया कि वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं, सी विजिल ऐप के माध्यम से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की जा सकती है और इन शिकायतों का निस्तारण 100 मिनट में किया जाता है व शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय राहता है। केवाईसी ऐप के माध्यम से हम अपने उम्मीदवार के बारे में जान सकते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द गोस्वामी ने कहा कि सभी लोग निर्भीक होकर निष्क्ष मतदान करें। उन्होने कहा कि अपने अधिकार का प्रयोग करने से कर्तव्य का अहसास होता है और जिस तरह घड़ा भरने के लिए बूँद बूँद महत्वपूर्ण है उसी तरह से मजबूत लोकतंत्र के लिए एक एक वोट महत्वपूर्ण है इसलिए हमारा दायित्व है कि 13 मई को सपरिवार मतदान अवश्य करें। उन्होंने जनपद में जेन्डर रेशियों एवं मतदाओं को जोड़ने में प्रथम स्थान मिलने पर जिलाधिकारी और उनकी टीम की सराहना की। उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर ने कहा कि सभी लोग मतदान करने की ठान लें और 13 मई को बूथ पर अवश्य जाएं। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी का मतदान करना जरूरी है। अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण ए0के0 त्रिपाठी ने अपने विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों से कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी पर अवश्य जाएं और शतप्रतिशत मतदान करें। मंच का संचालन मनीष मिश्रा ने किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने गाँधी भवन से मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो शहर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम आदि उपस्थित रहे।

## छह मां की बच्ची को गोद में लेकर मां ने लगाई आग, दोनों की मौत



**हमीरपुर।** मुस्करा थाना क्षेत्र के पहाड़ी डेरा गांव में सोमवार सुबह 28 वर्षीय महिला ने छह माह की दूधमुंही बच्ची के साथ खुद को आग के हवाले कर दिया। गंभीर हालत में दोनों को सीएचसी से मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया,जहां दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद से पति फरार है। जिससे मामला संदिग्ध बन गया है। पोस्टमार्टम की कार्रवाई उरई में हो रही है। पहाड़ी डेरा गांव निवासी उत्तम की पत्नी किरन सुबह 7~30 छह माह की बच्ची आराध्या को गोद में लेकर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। दोनों धू धूकर जलने लगे।पति उत्तम घर पर ही था जो फरार हो गया। पड़ोसियों की मदद से मां बेटी को सीएचसी मुस्करा लाया गया।जहां से दोनों को उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। सीएचसी की चिकित्सक डॉ. मनूलिका वर्मा ने बताया कि मां बेटे 80 फ़ीसदी जली अवस्था में लाई गई थी। उरई मेडिकल कॉलेज में ही दोनों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। घटना की सूचना पर किरण की मां सुखवती भी पहुंच गई। मां ने बताया कि मायके से दो दिन पहले ही किरन आई है।सोमवार को ही नातिन का मुंडन मंदिर में करने जाना था। उत्तम की शादी चार साल पहले महोबा गौहरारी गांव निवासी भगवान सिंह राजपूत की पुत्री किरन के साथ हुई थी। इस मामले में थाना मुस्करा प्रभारी निरीक्षक शशि पांडे ने बताया कि फिलहाल अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जैनरो, 2024 चेस में सागर, कैरम में शिव हिमांशु बने चैंपियन



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** एसएमजीआई में चल रहे जेनरो, 2024 (स्पोर्ट्स वीक)में केरम एवम चेस प्रतियोगिता सम्पन्न हुई जिसमें छात्र ग्रुप में डीफार्मा द्वितीय वर्ष के सागर कुमार ने प्रथम व डीफार्मा द्वितीय वर्ष के रवि कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा वर्ग में जीएनएम द्वितीय वर्ष की पारुल तिवारी ने प्रथम व बीफार्मा प्रथम वर्ष की तनीषा राठौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही कैरम प्रतियोगिता में बीएससी नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर के शिव एवं हिमांशु यादव ने प्रथम व बीसीए द्वितीय सेमेस्टर के उत्कर्ष एवं आयुष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा वर्ग में बीबीए द्वितीय सेमेस्टर की आयुषी सिंह एवं नंदिनी ने प्रथम ब चतुर्थ सेमेस्टर की पूजा यादव एवं सृष्टि मिश्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को मदन हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ.विकास यादव एवं संस्था के डायरेक्टर डॉ उमाशंकर शर्मा ने प्रतीक चिन्ह प्रदान किए। एसएमजीआई के चेयरमैन डा विवेक यादव ने जेनरो, 2024 के सभी प्रतिभागियो को बधाई दी।

### ज़िला उपाध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** भारतीय मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन इटावा के ज़िला उपाध्यक्ष हाजी फईम उद्दीन मंसूरी उर्फ गुड्डू वारसी ने अपने पद के इस्तीफा दिया। श्री मंसूरी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि वह अपने निजी व्यापार की व्यस्तताओ के कारण संस्था को समय देने में असमर्थ है, इसलिए वह भारतीय मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन के ज़िला उपाध्यक्ष पद से त्याग पत्र दे रहे है। उन्होंने बताया कि संस्था के अध्यक्ष व पदाधिकारियों को भी प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया है कि हमारा त्याग पत्र स्वीकार किया जाये।

### नासिर बने फीरोजाबाद लोकसभा चुनाव में आब्ज़र्बर

**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगड़ी एवं राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी शाकिर अली ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नासिर जलील ऐडवोकेट को फीरोजाबाद लोकसभा चुनाव में आब्ज़र्बर बनाया है। आब्ज़र्बर बनाये जाने पर श्री जलील ने कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी एवं सभी कांग्रेस आलाकमान का आभार व्यक्त किया साथ ही फीरोजाबाद गठबंधन प्रत्याशी पूर्व सांसद अक्षय यादव को भारी संख्या में जीतने के लिए कार्य करूंगा। आब्ज़र्बर बनाये जाने पर कांग्रेस नेताओं सहित गठबंधन के नेताओं ने दी बधाई।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान की हुई समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** हीट वेव के इलाज के लिए सीएचसी पर अलग वार्ड की व्यवस्था करने के निर्देश दिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनपद में एक से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चल रहा है। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि अभियान की सफलता के लिय सभी विभागों की सक्रियता एवं सहभागिता आवश्यक है। मच्छरों से बचाव के लिए पंचायती राज विभाग गाँवों में तथा नगर विकास विभाग शहरों में एंटी लार्वा का छिड़काव तथा फॉगिंग कराए। हीट वेव के मद्देनजर सभी गांवों में अतिरिक्त पीने के पानी की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर हीट वेव की स्थिति मे इलाज के लिए विशेष वार्ड बनाया जाए तथा अन्य सभी वार्डों में हीट वेव से बचाव के लिए यथानुसार एसी ,कूलर और पंखे लगाए जाएं तथा ही हीट वेव से बचाव के लिए ओआरएस सहित अन्य दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने निर्देश दिए कि दस्तक अभियान के तहत सभी सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), एएनएम, आशा संगिनी और आशा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में हर परिवार के सभी सदस्यों की आभा आईडी बनाएं और उन्हें इसके बारे में जागरूक भी करें। इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी जीतेंद्र सिंह, सभी सीएचसी के अधीक्षक, सभी विभागों के प्रतिनिधि और विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ़ के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# भाषा वि.वि. में मनाई गई बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 14 अप्रैल 2024 को कुलपति प्रोफेसर एन बी सिंह की अध्यक्षता में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई कार्यक्रम का शुभारंभ माल्यार्पण और पुष्पाजंलि के साथ हुआ। अपने उद्बोधन में प्रोफेसर एन बी सिंह ने कहा कि जब सभी लोग जात पात और धर्म से ऊपर उठकर शोषित, वंचित समाज के लिए कार्य करेंगे तभी बाबा साहेब जी के विचार सार्थक होंगे और यही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इतिहास विभाग से डॉ मनीष कुमार जी ने डॉ. अम्बेडकर जी के आरंभिक जीवन और शिक्षा दीक्षा तथा उनके आदर्शो और जीवन दर्शन पर व्याख्यान दिया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम समन्वयक डॉ पूनम चौधरी ने किया। कार्यक्रम में डीन प्रो. चंदना डे, प्रो. एहतेशाम, डीन प्रो. सौबान सईद, डॉ मनीष कुमार, डॉ लक्ष्मण सिंह मौजूद रहे।

## सपा प्रत्याशी के लिए बूथ स्तर की बैठक का किया गया आयोजन

**हमीरपुर।** कस्बा कुरारा के भगत तालाब के पास स्थित एक गेस्ट हाउस में हमीरपुर महोबा तिंदवारी लोकसभा चुनाव क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अजेंद राजपूत के समर्थन के लिए ब्लाक क्षेत्र के बूथ स्तर की बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष इदरीश खान ने की। बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अजेंद राजपूत ने बताया कि सभी कार्य कर्ता समाज वादी पार्टी व कांग्रेस पार्टी की नीतियों को वअन्य सहयोगी दलों की नीतियों को गांव गांव में जाकर जनता को अवगत कराये ।जनता बदलाव चाहती है सभी कार्यकर्ता चुनाव में समर्पण भाव से प्रयास करें तो जीत हासिल होगी। बैठक में मौजूद पूर्व जिला अध्यक्ष सपा ज्ञान सिंह यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूर्व चेयरमैन माया बाल्मीकि, पूर्व चेयरमैन हमीरपुर मुन्नी लाल निषाद, जिला अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी हिमाशू सैनी, ब्लाक अध्यक्ष कुरारा रामप्रसाद कुशवाहा, पूर्व प्रत्याशी विधान सभा रामप्रकाश प्रजापति, शिवशरण यादव, अरुण यादव, सुरेंद्र यादव, आदि ने संबोधित किया तथा प्रत्याशी को निष्ठा के साथ सहयोग करने को कहा। इस अवसर पर नंद किशोर शिवहरे, मुस्ताक अहमद पूर्व प्रधान लहरा, मेयाराम श्रीवास, शिवशंकर यादव, जिला अध्यक्ष नीलम यादव,सोनिया सोनी, माया यादव, वर्षा नामदेव, अनार सिंह यादव, घनश्याम साहू, आदि मौजूद रहे।

## अफसर मेहरबान,मलाई काट रहा पंचायत सचिव

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** अफसरों की कृपा,9 वर्षो से एक ही जगह पंचायत सचिव रवि कुमार राणा जमे हुए हैं।बल्दीराय ब्लॉक क्षेत्र में पिछले 9-10 साल से पंचायत सचिव रवि कुमार राणा एक ही स्थान पर जमे हुए हैं। जिले में स्थानांतरण नीति आई थी, लेकिन यहां उसका पालन नहीं किया गया। जबकि अन्य जिलों में लंबे समय से जमे पंचायत सचिव दूसरे ब्लॉक में स्थानांतरित कर दिए गए।बल्दीराय ब्लाक में आज भी पंचायत सचिव रवि कुमार राणा पर अधिकारियों की कृपा बनी हुई है।

# बाबा साहब को पूर्ण श्रद्धा एवं सम्मान के साथ किया नमन

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद स्थित एस.आर.के. महाविद्यालय में देश के संविधान निर्माता एवं भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयन्ती पूर्ण श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रमोद कुमार सीरौठिया द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुये प्रोफे. सीरौठिया ने कहा कि दलित परिवार में जन्म लेने के कारण बाबा साहब आंबेडकर को बचपन से ही जाति को लेकर भेदभाव का सामना करना पड़ा लेकिन शसक्त शिक्षा के बल पर उन्होंने जाति के बंधन को कम कर दिया। उन्होंने स्वयं तो शिक्षा हासिल की ही साथ ही दलित, वंचितों, मजदूरों और महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ खड़े होकर लंबी लड़ाई भी लड़ी। इस अवसर पर बाबा साहब के जीवन पर कई शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय के वरिष्ठ कर्मचारी श्री रमेश चंद्र को अंग वस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में प्रोफे. अगर प्रकाश, डॉ. उदारता, डॉ. यशपाल सिंह, डॉ. अमित कुमार शर्मा, पंकज भारद्वाज, व्योमेश यादव, रितु शर्मा, सुबोध कुमार, डॉ. आलोक सिकरवार, एच.पी. मालौनिया, डॉ. संतोष कुमार, कविता अग्रवाल, लीना बंसल, प्रोफे. राजीव अग्रवाल, प्रोफे. निहारिका चतुर्वेदी, नीरज अग्रवाल, डॉ. अखिलेश कुमार, पवन तैनगुरिया, सुखवीर सिंह, रमेश चन्द्र, राजेन्द्र प्रसाद, संतोष कुमार, पंकज सविता आदि उपस्थित रहे ।

## पसमंदा आन्दोलन के जनक आसिम बिहारी की मनाई गई जयंती

# पसमांदा आन्दोलन आसिम बिहारी की देन: एआइपीएमएम

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** लखनऊ स्थित ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के कार्यालय पर स्वतंत्रता सेनानी व पसमांदा आंन्दोलन के जनक मौलाना अली हुसैन आसिम बिहारी की 71वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ व मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद यूनुस जूम मीटिंग से जुड़े, दोनों पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान में कहा कि आज जो कुछ भी थोड़ा सम्मान पसमांदा समाज को मिल रहा है, वह सिर्फ आसिम बिहारी की देन है, उन्होंने पसमांदा समाज के हक की आवाज हमेशा बुलन्द की। संगठन के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव मारूफ अंसारी ने कहा आसिम बिहारी जी आजादी के जमाने में मुस्लिम लीग पार्टी की खुल कर आलोचना की, उनका कहना था कि यह पार्टी देश को बांटने का काम कर रही है और इस पार्टी में पसमांदा मुसलमानों की कोई जगह नहीं है न ही कोई पसमांदा पदाधिकारी इस पार्टी में है। इसी क्रम में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हाजी नेहाल अंसारी ने मौलाना आसिम बिहारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि ऐसे महापुरुष ने हमारे समाज में जन्म लिया, जिससे कि हमें अपनी हिस्सेदारी के बारे में पता चला, इससे पहले हमने सिर्फ विशेष वर्ग के मुसलमानों की गुलामी ही की है। इस अवसर पर तमाम पदाधिकारियों के साथ कार्यालय प्रभारी अजहर आलम, एहतेशाम, अवधनामा अखबार के सब-एडिटर प्रभात कुमार सिन्हा, अतहर हुसैन आदि लोग उपस्थित रहे।

## नामांकन स्थल पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था के लिए अधिकारी नामित

**बहराइच।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 56-बहराइच (अ.जा.) हेतु नाम निर्देशन की प्रक्रिया प्रारम्भ होने की तिथि 18 अप्रैल से नाम वापसी की अन्तिम तिथि 29 अप्रैल 2024 तक की अवधि के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर के अन्दर एवं बाहर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी द्वारा अधिकारियों की तैनाती की गयी है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जनपद बहराइच में 10 अप्रैल 2024 को 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में लोक सभा के सदस्य के निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी होगी और नाम निर्देशन की प्रक्रिया भी उक्त दिनांक से प्रारम्भ हो जायेगी।

# नाव कर्मियों का प्रोजेक्टर के माध्यम कराया गया प्रशिक्षण



अवधानामा संवाददाता

**हमीरपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने हेतु समस्त मास्टर ट्रेनरों एवं लेखपालों को ईवीएम एवं वीवीपैट व कमिसिनिंग का प्रशिक्षण प्रोजेक्टर के माध्यम से डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला उपस्थिति में में दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान समस्त मास्टर ट्रेनरों एवं लेखपालों को ई.वी.एम. /कमिसिनिंग व नये मास्टर ट्रेनरों को बैलेट यूनिट,कंन्ट्रोल यूनिट,वी.वी. पैट आदि के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें लेखपालों को कमिसिनिंग से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि वी.वी. पैट की नॉब को प्रक्रियाशील की स्थिति में क्षैतिज रखना है तथा क्रियाशील स्थिति में उर्ध्वाधर स्थिति में रखना वी.वी. पैट को बैलेट यूनिट तथा कंट्रोल यूनिट से किस प्रकार जोड़ा जाना है तथा वीवी. पैट के बायें तरफ बैलेट यूनिट रखा जाना है एवं ई.वी.एम. की सीलिंग किस प्रकार की जानी है, एड्रेस टैग कहाँ पर लगाना है तथा कैरी बैग में सुरक्षित रखकर परिवहन किया जाना है। ईवीएम से सम्बन्धित समस्त प्रकार के कार्य बताए गए तथा लेखपालों को सीलिंग प्रक्रिया के बारे में बताया गया साथ ही नए मास्टर ट्रेनर को भी प्रशिक्षण दिया गया मशीन के आने वाले बिभिन्न प्रकार के एरर एवं उनके निदान के बारे में जानकारी दी गई यह प्रशिक्षण श्री बी एस दिवाकर डीएमएलटी हमीरपुर द्वारा अपनी टीम के साथ दिया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने लेखपालों व मास्टर ट्रेनरों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में किसी भी प्रकार की ई.वी.एम. से संबंधित शंका हो तो उसका समाधान कर लें। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों से ई.वी.एम. से संबंधित प्रश्न पूँछ कर उनका समाधान किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ. नागेन्द्र नाथ यादव,जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव,परियोजना निदेशक साधना दीक्षित, संबंधित तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो सहित अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चेन्नई से मिली हार के बाद रोहित शर्मा का वीडियो हो रहा वायरल



रविवार को खेले गए आईपीएल के मुकाबले में चेन्नई ने मुंबई को मात दी। इस दौरान मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने सीएसके के खिलाफ 63 गेंदों में 105 रनों की नॉटआउट पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 11 चौके और पांच छक्के भी निकले। आईपीएल 2024 में ये उनका पहला शतक था, लेकिन रोहित ने इस शतक का जश्न नहीं मनाया। उनकी टीम 20 रनों से सीएसके से हार गई। मैच के बाद जब चेन्नई सुपर किंग्स की टीम मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों से हाथ मिला रही थी तो रोहित किनारे से चुपचाप सिर चुकाते हुए निकल गए। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

दरअसल ये वीडियो स्टेडियम में मौजूद किसी क्रिकेट फैन ने बनाया है। रोहित शर्मा के चहरे और बॉडी लैंग्वेज दोनों में हार की मायूसी साफ दिख रही है। आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस की ये 6 मैचों में चौथी हार थी। अभी तक मुंबई इंडियंस ने महज दो मैच ही जीते हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ रोहित ने एक छोर संभाले रखा और लगातार अटैक भी करते रहे, लेकिन उनको दूसरे छोर से किसी भी बल्लेबाज का ज्यादा साथ नहीं मिला। जिस कारण मुंबई की टीम को 20 रनों से हार का सामना करना पड़ा। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में 43 रन लुटा डाले, जबकि दो विकेट चटकाए। वहीं बल्लेबाजी में 6 गेंद पर महज दो रन बनाकर आउट हो गए। हार्दिक पंड्या अपनी कप्तानी को लेकर लगातार आलोचकों के निशाने पर हैं। इसके बाद मुंबई की ये हार पंड्या के जख्मों में नमक छिड़कने का काम करेगी।

## गिलक्रिस्ट ने हार्दिक पंड्या की फिटनेस पर उठाए सवाल, कहा 100 प्रतिशत फिट नहीं हैं

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या आखिरकार चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ हुए मैच में लंबी गेंदबाजी करते नजर आए। लेकिन पंड्या उम्मीदों के मुताबिक खुद को साबित नहीं कर सके। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट का मानना है कि इस दौरान हार्दिक पूरी तरह से फिट नजर नहीं आ रहे थे। वानखेड़े स्टेडियम में हुए मैच में हार्दिक ने 3 ओवरों का स्पेल डाला और 2 विकेट अपने नाम किए। लेकिन आखिरी ओवर में एमएस धोनी ने उन पर लगातार तीन छक्के जड़ दिए। गिलक्रिस्ट ने हार्दिक की फिटनेस और गेंदबाजी पर सवाल खड़े किए हैं। दरअसल, पंड्या ने दो मैचों से गेंदबाजी नहीं की थी। जिसके बाद से ही विशेषज्ञों ने उनकी फिटनेस पर सवाल खड़े करना शुरू कर दिया है। पंड्या ने सीएसके के खिलाफ गेंदबाजी का जिम्मा संभालने की ठानी और मैच में सबसे ज्यादा 43 रन लुटाए।

# आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच भिड़ंत, ऐसी हो सकती है दोनों की प्लेइंग 11

आज आईपीएल 2024 का 30वां मुकाबला आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जाने वाले मुकाबले में बेंगलुरु जीत के लिए पूरी तरह से बेताब होगी। वहीं हैदराबाद भी अपनी जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी। पिछले मैचों में लगातार हार झेल रही आरसीबी को एख बार फिर से विराट कोहली से उम्मीदें होंगी। कोहली टीम के लिए लगातार घातक प्रदर्शन कर रहे हैं। आरसीबी ने 6 मैचों में महज 1 जीत हासिल की है और अंक तालिका में वे सबसे नीचे बने हुए हैं। विराट कोहली की बल्लेबाजी को छोड़कर टीम सभी विभागों में खराब प्रदर्शन कर रही है।

विराट कोहली ने अब तक 6 मैचों में 319 रन बनाए हैं और सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में टॉप पर काबिज हैं। लेकिन टीम में सिर्फ कोहली की ही फॉर्म से बात नहीं बनेगी, टीम के अन्य सदस्यों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। टीम के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल लगातार फ्लॉप साबित हो रहे हैं। उनकी फॉर्म में लौटना बेहद जरूरी है। हालांकि,



टीम सनराइर्स के खिलाफ कोई बदलाव मुश्किल ही करेगी।

वहीं सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने 5 मैचों में से 3 में जीत दर्ज की है। जबकि उसे 2 में हार झेलनी पड़ी है। पैट कमिंस की टीम अंक तालिका में चौथे नंबर पर मौजूद है। एम चिन्नास्वामी हाई स्कोरिंग वाली पिच है जिस पर एसआरएच की उम्मीदें अपने बल्लेबाजी से होंगी। जो पिछले मैचों में घातक प्रदर्शन करते आए हैं। हालांकि, उन्हें अपने गेंदबाजी विभाग पर भी थोड़ा ध्यान देना होगा।

***दोनों की संभावित प्लेइंग 11***

***आरसीबी-*** विराट कोहली, फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), विल जैक्स, रजत पाटीदार, ग्लेन मैक्सवेल, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), महिपाल लोमरोर, रीस टॉपले, विजयकुमार विशाक, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप।

***सनराइजर्स हैदराबाद-*** ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ऐडन मार्करम, हेनरिक क्लासेन, अब्दुल समद, नितीश रेड्डी, शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन।

## महेंद्र सिंह धोनी के साथ जसप्रीत बुमराह ने शेयर की तस्वीर, फैंस ने यूं किया रिएक्ट



मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ भी अच्छी गेंदबाजी कीय् ये अलग बात है कि उन्हें विकेट नहीं मिला और उनकी टीम भी मैच 20 रन से हार गई। दरअसल, सीएसके द्वारा बनाए गए 207 रन के स्कोर का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा के नाबाद 105 रन की बदौलत 20 ओवर में 186 रन ही बनाए। इस मैच में एमएस धोनी ने आखिरी ओवर में हार्दिक पंड्या के खिलाफ 4 गेंद में 20 रन बटोरे थे और बाद में यही 20 रन के हार का कारण बनें।

वहीं मैच के बाद जसप्रीत बुमराह ने चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की। वहीं दोनों का ड्रेसिंग रूप का भी एक वीडियो सामने आया है, जिसमें बुमराह धोनी के साथ तस्वीर ले रहे हैं। जबकि बुमराह ने अपने इंस्टग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा कि, माही भाई से लंबे समय बाद मिला। उसने मुलाकात करते हुए काफी अच्छा लगा। वहीं बुमराह के तस्वीर शेयर करते ही फैंस ने भी कॉमेंट करना शुरू कर दिए।

# ब्रायन लारा की हार्दिक पंड्या की टीम को सलाह, कहा एमआई को गेंदबाजी में करना होगा सुधार

वेस्टइंडीज के पूर्व महान खिलाड़ी ब्रायन लारा ने इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियन्स की 20 रन की हार के बाद कहा कि मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण में जसप्रीत बुमराह के अलावा अधिक दम नहीं है और उन्हें खेल के इस विभाग में सुधार करने की जरूरत है।

बुमराह (चार ओवर में 27 रन देकर कोई विकेट नहीं) को सुपरकिंग्स के खिलाफ कोई सफलता नहीं मिली जो उनके द्वारा स्थापित शीर्ष मानकों को देखते हुए बेहद सामान्य प्रदर्शन है। मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या के पारी के अंतिम ओवर में महेंद्र सिंह धोनी ने भी लगातार तीन छक्के मारे और रविवार रात अपनी टीम की जीत में



अहम भूमिका निभाई।

लारा ने 'स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव शो' पर कहा, ''मुझे लगता है कि जब हम मुंबई इंडियंस को देखते हैं तो बहुत से लोग उन्हें प्रबल दावेदार के रूप में देखते हैं, सिर्फ इसलिए कि वे इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने 230 रन बनाए, उन्होंने 196 रन का लक्ष्य हासिल किया, इसे बहुत आसान बना दिया, 15 ओवर में, इसलिए इस तथ्य के कारण मुझे लगता है कि हम उन्हें प्रबल दावेदार के रूप में चुनते हैं।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन उनकी गेंदबाजी खराब है। जसप्रीत बुमराह के अलावा, उस गेंदबाजी आक्रमण में उनका समर्थन करने वाला कोई नहीं है और सुपरकिंग्स के बल्लेबाजों ने उन्हें ध्वस्त कर दिया।''

आठवें ओवर के बाद मुंबई इंडियन्स ने अपने स्पिनरों का उपयोग नहीं किया क्योंकि धीमे गेंदबाजों के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले शिवम दुबे क्रीज पर थे। लारा ने कहा, ''स्पिनरों ने लगभग सात रन प्रति ओवर की दर से रन देने के बाद केवल चार ओवर फेंके क्योंकि शिवम दुबे की मौजूदगी में उन्हें उन पर भरोसा नहीं था। इसलिए मुंबई इंडियन्स को उस क्षेत्र में सुधार करना होगा, उन्हें कुछ गेंदबाज ढूंढने होंगे, मैच जिताने वाले गेंदबाज।

## ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर माइकल स्टेलर विवादों में घिरे, घरेलू प्रताड़ना समेत 19 केस दर्ज



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर माइकल स्टेलर को एक दर्जन से ज्यादा अपराधों के आरोप के बाद पुलिस ने हिरासत में लिया है। 54 वर्षीय स्लेटर, सोमवार को मारूचिडोर मजिस्ट्रेट कोर्ट में सुनवाई हुई। वह 5 दिसंबर 2023 से 12 अप्रैल 2024 के बीच क्वींसलैंड के सनशाइन कोस्ट पर किए गए कथित अपराधों से संबंध 19 केस दर्ज किए गए हैं।

दरअसल, 'गार्जियन' के अनुसार 54 वर्षीय स्लेटर पर एक दर्जन से अधिक अपराधों का आरोप लगाया गया है जिसमें गैरकानूनी तरीके से पीछा करना या डराना, मारपीट, रात में किसी इरादे से घर में घुसना, शारीरिक नुकसान पहुंचाने वाला हमला और दम घोटना शामिल है।

स्थानीय पुलिस ने 'कई दिनों तक' कथित घरेलू हिंसा की घटनाओं के बाद पिछले शुक्रवार को सनशाइन तट पर नूसा हेड्स से एक 54 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार करने की पुष्टि की। स्लेटर पर जमानत का उल्लंघन करने और 'घरेलू हिंसा आदेश' का उल्लंघन करने के 10 आरोप भी लगाए गए हैं। दाएं हाथ के पूर्व ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज स्लेटर ने 1993 से 2003 के बीच 74 टेस्ट और 42 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।

## फिल्मों में स्टार बन सकते हैं, संगीत समारोह में भीड़ जुटा सकते हैं पंजाबी : दिलजीत



दिलजीत दोसांझ का कहना है कि वह और उनके पंजाबी साथी गाना गा सकते हैं, नृत्य कर सकते हैं और अभिनय भी कर सकते हैं। यहां महालक्ष्मी रेस कोर्स मैदान में सप्ताहांत पर हुए खचाखच भरे कॉन्सर्ट की तस्वीर साझा कर पंजाबियों की आलोचना करने वालों को दिलजीत ने यह संदेश दिया।

दिलजीत ने बीएमडब्ल्यू जॉयटाउन 2024 समारोह के हिस्से के रूप में शनिवार को प्रस्तुति दी। हालिया रिलीज अमर सिंह चमकीला के लिए दिलजीत को सराहा जा रहा है। गायक दोसांझ ने रविवार रात को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शो का एक वीडियो साझा किया। दिलजीत ने इस वीडियो में कहा, वे कहते थे कि सरदार फैशनेबल नहीं हो सकते और मैंने कहा, मैं दिखाउंगा। वे कहते थे कि सरदार फिल्मों में स्टार नहीं बन सकते इसलिए मैंने उन्हें दिखाया। वे कहते थे कि पंजाबी मुंबई नहीं जा सकते और मैंने उन्हें दिखाया। गायक ने कहा, वे कहते थे पंजाबी भीड़ नहीं जुटा सकते तो मैंने अपने गानों से स्टेडियम खचाखच भर दिया।

# टाइगर श्रॉफ ने एक्शन और स्वैग संग फिल्म 卐बड़े मियां छोटे मियां卐 में लगाया है कॉमेडी का तड़का, एक्टर का नया साइड देख दर्शकों में मच गई है खलबली

टाइगर श्रॉफ ने अपने शानदार काम और एक्शन सीक्वेंस के साथ बॉलीवुड में एक अलग पहचान बनाई है। उनकी नई फिल्म, बड़े मियां छोटे मियां, ने उनकी जगह को और भी मजबूत किया है। बता दें कि इंडस्ट्री के सबसे यंग सुपरस्टार को उनकी पहली ही फिल्म से दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया जाता है, जिसका सिलसिला चलता ही जा है।

बड़े मियां छोटे मियां में, टाइगर श्रॉफ ने मुख्य भूमिका निभाई है, जहाँ उन्हें मलयालम सुपरस्टार पृथ्विराज सुकुमारन और एक्शन आइकॉन अक्षय कुमार के साथ भी देखा गया है। उन्होंने अपने किरदार को बहुत अच्छे तरीके से पोर्ट्रेट किया है और अपनी उपस्थिति से सभी को चौंका दिया है। टाइगर की



हर तरफ उनके नए अंदाज़, स्वैग, एक्टिंग स्किल, कॉमिक टाइमिंग, और कमाल के स्क्रीन प्रेजेंस की वजह से तारीफ की जा रही है।

किसी भी फिल्म में अनुभवी एक्टर्स के होने से नए एक्टर्स को बेहद कम लाइमलाइट मिलती है और काफी बार उन्हें दर्शकों द्वारा नोटिस तक नहीं किया जाता। लेकिन बड़े मियां छोटे मियां में टाइगर ने अनुभवी एक्टर्स की मौजूदगी के बावजूद अपना लोहा मनवाया है। एक्टर ने फिल्म में इमोशंस और हंसी से लोटपोट करने वाले कॉमेडी टाइमिंग की वजह से सभी को अपना दीवाना बनाया है। इतना ही नहीं फिल्म में उनके दमदार वन-लाइनर्स का स्वैग देखने लायक है।

टाइगर ने इस तरह से एक वर्सेटाइल एक्टर के रूप में अपना टैलेंट साबित किया है। उनकी शानदार एक्टिंग और जबर्दस्त ऐक्शन सीक्वेंस ने उनकी सफलता में अहम रोल निभाया है।

बता दें कि टाइगर श्रॉफ ने 2014 में हीरोपंती के साथ अपना बॉलीवुड सफर शुरू किया था। उन्होंने अपने पहले फिल्म में एक्शन सीन्स और शानदार डांसिंग के जरिए से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। इस सफलता के बाद, उन्होंने बागी, वॉर, और बागी 2 जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में एक्ट किया है। साथ ही आने वाले समय में टाइगर रैम्बो, सिंघम 3 और बागी 4 जैसे जबरदस्त प्रोजेक्ट्स के साथ सिर्फ दर्शकों को एंटरटेन ही नहीं करने वाले, बल्कि सभी फिल्म निर्माताओं के पसंदीदा भी बने हुए हैं।

## अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ की फिल्म पहले वीकेंड में बड़ी कमाई करने में नाकाम रही



अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष जारी है। लंबे पहले सप्ताहांत के बाद भी फिल्म भारत में 50 करोड़ रुपये का शुद्ध आंकड़ा पार करने में विफल रही। स्ड्डष्ठुद्बद्घद्म.ष्श्रद्व के अनुसार, अली अब्बास जफर निर्देशित फिल्म ने रविवार को 9.05 करोड़ रुपये कमाए, जिससे नाटकीय रिलीज के चार दिनों के बाद कुल संग्रह 40.8 करोड़ रुपये हो गया। हालाँकि, बीएमसीएम ने बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में अजय देवगन-स्टारर मैदान को स्पष्ट रूप से पीछे छोड़ दिया है।

बड़े मियां छोटे मियां विपरीत व्यक्तित्व और मनमौजी तरीकों वाले दो व्यक्तियों के बारे में है, जिन्हें अपने मतभेदों को दूर करने और अपराधियों को निष्पक्षता की ओर ले जाने और भारत को %सर्वनाश% से बचाने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है। फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन मुख्य प्रतिपक्षी की भूमिका में हैं। बीएमसीएम में अक्षय, टाइगर और पृथ्वीराज के अलावा सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# फायरिंग के लिए इस्तेमाल की गई बाइक बेचने के आरोप में दो को हिरासत में लिया

सलमान खान मामला- सलमान खान मामले में ताजा अपडेट में मुंबई पुलिस ने बांद्रा में अभिनेता के आवास के बाहर गोलीबारी के लिए इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बेचने के मामले में दो को हिरासत में लिया है। क्राइम ब्रांच इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या आरोपी शूटर सलमान के पनवेल फार्महाउस को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। गैलेक्सी अपार्टमेंट में फायरिंग की घटना के बाद सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ा दी गई है। सलमान की कैटेगरी की सुरक्षा में 2 और 2 कमांडो के अलावा दो एस्कॉर्ट गाड़ियां और 11 जवान थे। इसमें चार जवान और 1 पीएसओ और जोड़ा गया है। क्राइम ब्रांच को शक है कि फायरिंग की घटना से कुछ दिन पहले ही दोनों शूटर मुंबई पहुंचे थे।

इतना ही नहीं, मुंबई क्राइम ब्रांच की तीन टीमें दिल्ली, जयपुर और बिहार के लिए रवाना हो गई हैं. सूत्रों के मुताबिक, सलमान के मुंबई स्थित आवास के बाहर फायरिंग की साजिश अमेरिका में बुनी गई थी। निशानेबाजों को वर्चुअल नंबरों से ऑर्डर मिले। रोहित गोदारा के कहने पर शूटरों के लिए हथियारों का इंतजाम किया गया था. महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब समेत पांच राज्यों की पुलिस शूटरों की तलाश में जुट गई है।

लॉरेंस बिश्नोई गिरोह अपने गिरोह के लिए हथियारों की खेप हमेशा तैयार रखता है, जिसे



कई राज्यों में गिरोह के मददगारों के घरों पर रखा जाता है। जरूरत और समय के हिसाब से शूटरों को हथियार तय जगह पर मिल जाते हैं। जांच एजेंसी को पूरा शक है कि रोहित गोदारा ने अपने अन्य साथियों से दोनों शूटरों को हथियारों की खेप मुहैया कराई और फिर शूटरों ने फायरिंग को अंजाम दिया।

इससे पहले आज पुलिस ने सलमान के घर के बाहर खुलेआम फायरिंग करने वाले दो शूटरों के चेहरे उजागर कर दिए। पुलिस के अनुसार, जिन शूटरों ने अभिनेता के घर के बाहर गोलीबारी की, और गैलेक्सी अपार्टमेंट में गोलीबारी करने के बाद, बांद्रा स्टेशन के प्लेटफॉर्म एक से सांताक्रूज तक बोरीवली के लिए एक धीमी लोकल ट्रेन ली। फायरिंग में इस्तेमाल की गई बाइक माउंट मैरी चर्च के पास मिली, जो सलमान के घर से महज एक किलोमीटर दूर है।

## रणवीर सिंह और कृति सेनन ने वाराणसी घाट पर किया रैंप वॉक, दोनों एटरों ने अपने अनुभव को बताया- मुंबई के 5 स्टार होटल से बेह्तर

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह रविवार को अभिनेत्री कृति सेनन के साथ वाराणसी में गंगा नदी के तट पर रैंप पर चलकर बेहद उत्साहित दिखे। उन्होंने अनुभव को मुंबई के 5-सितारा हॉल में घूमने से लाखों गुना बेहतर÷ बताया। शहर के नमो घाट की पृष्ठभूमि में आयोजित फैशन शो का आयोजन सेलिब्रिटी फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने किया था। इवेंट को अद्भुत और जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर बताते हुए रणवीर ने कहा, मैं मंच के पीछे अन्य मॉडलों से बात कर रहा था कि हमने कई फैशन शो में वॉक किया है, लेकिन यह जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर है। किनारे पर चलना मुंबई के 5-सितारा भोज में घूमने से लाखों गुना बेहतर लगा।

उन्होंने आगे कहा, यह कार्यक्रम हमारे बुनकर समुदाय की उत्कृष्ट शिल्प कौशल को प्रदर्शित करता है। बुनकर समुदाय की रक्षा और प्रचार के लिए श्री नरेंद्र मोदी ने जो कुछ भी किया है, हम उसकी गहराई से सराहना करते हैं। इस दिन की कंपन और ऊर्जा अविस्मरणीय है। पीएम नरेंद्र मोदी ने काशी को पूरी तरह से बदल दिया है।

फैशन शो के लिए कृति ने लाल



रंग का बनारसी सिल्क लहंगा पहना हुआ था। सुनहरे दुपट्टे और मांग-टीका (आभूषण का एक टुकड़ा) के साथ अपने लुक को पूरा करते हुए वह बहुत खूबसूरत लग रही थीं। रणवीर सुनहरे रंग के रेशमी कुर्ते में शाही लग रहे थे, जिसे उन्होंने काली धोती और मैचिंग शॉल के साथ पहना था। रैंप से अभिनेताओं का एक वीडियो इंटरनेट पर साझा किया गया था। इसमें रणवीर और कृति मंच से दर्शकों की ओर हाथ हिलाते नजर आए। उन्होंने आतिशबाजी की पृष्ठभूमि और ढोल और मंदिर की घंटियों के अद्भुत संगीत के बीच रैंप पर वॉक किया।

हाथ से बुना हुआ बनारसी लहंगा पहनने से उत्साहित कृति ने काशी की विरासत को बढ़ावा देने के पक्ष में भी बात की। उन्होंने कहा, ÷बनारसी साड़ी के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि बुनकर एक तरह की एक ही साड़ी बुनते हैं। एक टुकड़ा बुनने में कई दिन लग जाते हैं। इस चीज को दुनिया के सामने ले जाना चाहिए। मुझे खुशी है कि मैं इसका हिस्सा बन सकीं। यह पहल काशी विकास भी, विरासत भी का एक बहुत अच्छा उदाहरण है।

मनीष मल्होत्रा ने शो से रणवीर और कृति के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की और अपनी खुशी व्यक्त करते हुए लिखा, आज रात काशी वाराणसी में मेरे विशेष विचारों के साथ और लाल दिल वाले इमोजी जोड़े। इवेंट से पहले रणवीर और कृति काशी विश्वनाथ मंदिर भी गए। उन्होंने मल्होत्रा के साथ मंदिर में प्रार्थना की।

# हजारों आतंकवादियों ने किया आत्मसमर्पण: शाह

## मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर में 10 से अधिक समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**सियासत**

**सबरूम में विशेष आर्थिक क्षेत्र की हो रही स्थापना**

एजेंसी



**अगरतला।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को उत्तरी त्रिपुरा के कुमारघाट में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। गृह मंत्री ने इस मौके पर कहा कि मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर में 10 से अधिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और क्षेत्र के विभिन्न राज्यों में 10,000 से अधिक विद्रोहियों ने आत्मसमर्पण कर फिर से अपने जीवन की शुरुआत की।

उत्तरी त्रिपुरा के कुमारघाट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस सरकार के दौरान, देश भर में आदिवासी विकास के लिए कुल बजट केवल 24,000 करोड़ रुपये था और मोदी सरकार ने इसे बढ़ाकर 1.25 लाख करोड़ रुपये कर दिया। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मु को भारत का राष्ट्रपति बनाया।

उन्होंने बताया कि 2014 से पहले, देश में केवल 90 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय थे और पिछले दस वर्षों में मोदी सरकार ने आदिवासी छात्रों की शिक्षा के लिए पूरे भारत में 740 ऐसे स्कूल स्थापित किए हैं, उन्होंने कहा कि 21 प्रतिशत घर इसके अंतर्गत हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना आदिवासियों के लिए है। केंद्र में कांग्रेस सरकार के दौरान, त्रिपुरा को 40,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मिलीं, जबकि मोदी सरकार के दस वर्षों के दौरान, राज्य को 98,000 करोड़ रुपये की बड़ी संख्या में परियोजनाएं मिलीं।

विभिन्न विकास परियोजनाओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि पहले त्रिपुरा में केवल एक राष्ट्रीय राजमार्ग था और अब नौ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण पर काम चल रहा है, साथ ही दक्षिणी त्रिपुरा की सीमा-ग्रस्त सबरूम तक रेलवे लाइन का विस्तार किया गया है, सबरूम में विशेष आर्थिक क्षेत्र की स्थापना की जा रही है।

वाम दलों की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि जहां भी कम्युनिस्टों ने शासन किया, उन्होंने हिंसा, विद्रोह की संस्कृति को बढ़ावा दिया, गरीब लोगों और किसानों के बीच गरीबी और आर्थिक संकट को जीवित रखा।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का मानना है कि पूर्वोत्तर आगे बढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा। भारत विकसित तब बनेगा जब मणिपुर विकसित होगा। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार मणिपुर में वापस से शांति और पूर्वोत्तर से नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए कई संगठनों के साथ शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किया है। गृह मंत्री ने बताया कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर में स्नस्क्र प्रभावित क्षेत्रों को कम कर दिया है।

अमित शाह ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव भाजपा और कांग्रेस के बीच नहीं है। यह उन लोगों के बीच है जो मणिपुर को विभाजित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा मणिपुर की रक्षा करना चाहती है। शाह ने कहा कि पिछले 10 सालों में पीएम मोदी ने भारत को समृद्ध बनाने के साथ-साथ देश की सुरक्षा को भी मजबूत किया है। पीएम मोदी ने 75 वर्षों से उग्रवाद और नक्सलवाद से जूझ रहे पूर्वोत्तर में शांति और सद्भाव लाया है।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद पर हिंदू पक्ष को सुप्रीम कोर्ट से राहत, नहीं मानी मुस्लिम पक्ष की बात

एजेंसी



**नई दिल्ली।** मथुरा कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। इसमें अभी फिलहाल जो बात अदालत की तरफ से निकलकर सामने आई है, उसके अनुसार शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वे पर फिलहाल रोक जारी रहेगी। हालांकि, इस मामले में अब सुप्रीम कोर्ट की तरफ से हिंदू पक्ष को राहत मिली है।

दरअसल, मथुरा कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी ने हाईकोर्ट में सभी निचली अदालतों में चल रहे 15 मुकदमों को ट्रांसफर करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चैलेंज किया था। साथ ही मुस्लिम पक्ष ने इस मामले में हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई पर रोक की भी मांग की थी। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट की तरफ से मुस्लिम पक्ष की इस मांग को खारिज कर दिया गया और हाईकोर्ट में सुनवाई जारी रहने का रास्ता साफ कर दिया।

बता दें कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा की जिला अदालत में मथुरा कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में चल रहे सभी केस को हाईकोर्ट ट्रांसफर कर लिया था। हाईकोर्ट ने तब कहा था कि सभी मुकदमे एक जैसे हैं और इनमें एक ही तरह के सबूतों के आधार पर फैसला होना है। ऐसे में अदालत के समय को बचाने के लिए बेहतर यही होगा कि इन मुकदमों पर एक साथ सुनवाई हो। हाईकोर्ट के इसी फैसले को मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। मथुरा कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभी मस्जिद के सर्वे पर रोक बढ़ाई जा रही है। मथुरा कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में अदालत ने मुस्लिम पक्ष की याचिका पर भी सुनवाई टाल दी है। इस मामले पर अगली सुनवाई 5 अगस्त को होगी। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद की कमेटी की याचिका पर नोटिस जारी किया और संबंधित पक्षों को जवाब दाखिल करने को कहा।

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही है, जहां फिलहाल इस पर सुनवाई टल गई है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि इस केस में हिंदू पक्ष की ओर से दायर मुकदमे की मेन्टेनेबिलिटी पर सवाल खड़े करने वाली मुस्लिम पक्ष की याचिका पर हाईकोर्ट मंगलवार को सुनवाई करने जा रही है।

**क्विक न्यूज**

### सड़क हादसे में दो सगे भाई किसान की मौत, तीन घायल

**गंजबासौदा।** मध्यप्रदेश के विदिशा जिले के बांगरोद में भीषण सड़क हादसा हो गया। अनाज बेचने वेयरहाउस पर खड़े ट्रैक्टर को ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे दो किसानों की मौके पर मौत हो गई और तीन किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना देर रात की बताई जा रही है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। त्योंदा थाना प्रभारी एमएल भाटी ने बताया कि थाना अंतर्गत बागरोद चौराहे के नजदीक संस्कार वेयरहाउस पर रात करीब 3 बजे सागर की तरफ से आ रहे एक ट्राले ने वेयरहाउस पर अपना अनाज बेचने आए ग्राम ढोलबाज के किसानों के ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि ट्राली ट्रैक्टर के ऊपर हो गई और ट्रॉली ट्रैक्टर के नीचे दबने से दो सगे भाई रवि कुर्मी एव कृष्णकांत निवासी ढोलवाज की मौत हो गई।

### ममता बनर्जी ने रामनवमी पर बंगाल में संभावित तनाव की दी चेतावनी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को रामनवमी के अवसर पर राज्य में तनाव और हिंसा भड़काने की संभावित कोशिशों के प्रति आगाह किया। मुख्यमंत्री ने सोमवार को कूच बिहार जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा,भाजपा उम्मीदवार गुंडों का नेता है। 17 अप्रैल को वे तनाव और हिंसा भड़काने की कोशिश कर सकते हैं। मैं सभी को चेतावनी दे रही हूं कि किसी के उकसावे में न आएं। वे शांतिपूर्ण चुनाव नहीं चाहते, वे केवल हिंसा चाहते हैं। उन्होंने पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी के हेलिकॉप्टर पर आयकर छापे की घटना का भी जिक्र किया। आईटी अधिकारियों ने यह सोचकर उनके हेलिकॉप्टर की जांच की कि वहां सोना और नकदी है। हम ऐसी चीजें लेकर नहीं घूमते, बीजेपी नेता ऐसा करते हैं। उन्होंने पार्टी घोषणापत्र में समान नागरिक संहिता के मुद्दे को शामिल करने के लिए भी भाजपा पर हमला किया।

# इस साल मानसून में औसत से अधिक बारिश का अनुमान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को 2024 में औसत से अधिक मानसूनी बारिश का अनुमान लगाया है, जो देश के कृषि क्षेत्र के लिए अच्छी खबर है। पिछले साल अनियमित मौसम से कृषि क्षेत्र प्रभावित हुआ था।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम. रविचंद्रन ने कहा कि मानसून आम तौर पर 1 जून के आसपास केरल में आता है और सितंबर के मध्य में वापस चला जाता है। इस साल औसत बारिश 106 फीसदी होने की उम्मीद है। रविचंद्रन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, पूर्वानुमान से पता चलता है कि जून से सितंबर के दौरान मानसून मौसमी वर्षा लंबी अवधि के औसत का 106 फीसदी होने की संभावना है।

आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि अल नीनो, जो मानसून को बाधित करता है, कमजोर हो रहा है और मानसून आने तक यह हट जाएगा। ला नीना भारत में अधिक वर्षा का कारण बनती है। यह अगस्त तक स्थापित हो जाएगा।

भारतीय अर्थव्यवस्था में मानसून एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। देश की लगभग 50 फीसदी कृषि भूमि के पास सिंचाई का कोई अन्य साधन नहीं है। मानसून की बारिश देश के जलाशयों और जलभृतों को रिचार्ज करने के लिए भी महत्वपूर्ण है, जहां से पानी का उपयोग साल के अंत में फसलों की सिंचाई के लिए किया जा सकता है। भारत खाद्यान्न के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरा है, लेकिन पिछले साल अनियमित मानसून के चलते कृषि उत्पादन प्रभावित हुआ। इससे आपूर्ति बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए चीनी, चावल, गेहूं और प्याज के विदेशी शिपमेंट पर अंकुश लगाना पड़ा।

# हरियाणा के दिग्गज नेता अनिल विज बोले- मेरे साथ जो अब हुआ है, वह मुझे भी समझ आ गया

एजेंसी



**अंबाला।** हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कहाकि मैं अपने विधानसभा क्षेत्र में ही इस बार प्रचार करके यहाँ से कमल खिलाने का कार्य करूंगा। क्योंकि जो अब मेरे साथ हुआ है, वह मुझे भी समझ आ गया है इसलिए मैं अब यही रहूँगा।

विज ने मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दिया और एक सवाल कि अगर कहीं बाहर चुनाव प्रचार में ड्यूटी लगी, तो क्या जाएंगे। इस पर विज ने कहा कि अब मेरे साथ जो हुआ है और मुझे भी समझ आ गया है इसलिए मैं अब यही रहूँगा।

गौरतलब है कि हरियाणा के गब्बर कहलाए जाने वाले हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने मुख्यमंत्री सहित हरियाणा में मंत्रिमंडल के बदलने के बाद से कोई पद नहीं लिया। वे शांतिपूर्वक तरीके से अपने हलके में रुके हुए विकास कार्यों को पूरा करवाने में जुटे हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि हर बार कई नेताओं के चुनाव प्रचार में जा जाकर उन्हें जितवाने वाले हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री अनिल विज अब केवल अपने विधानसभा क्षेत्र में ही प्रचार करेंगे और अपने विधानसभा में कमल का फूल खिलवाएंगे।

ममता बैनर्जी ने उल्टा चश्मा पहना हुआ है:-

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक ब्यान में कहा है कि भाजपा ने राक्षस व डाकू को टिकट दी, इस पर पलटवार करते हुए विज ने कहा कि ममता बनर्जी को तो हर चीज में उल्टा नज़र आता है सच को झूठ नज़र आता है और झूठ में सच नज़र आता है। अच्छे में बुरा व बुरे में अच्छा नज़र आता है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि क्या उन्हें अपने बंदे (व्यक्ति) नज़र नहीं आते, सन्देशखाली में जो हुआ वो नज़र क्यों नहीं आता। जो ईडी की टीम को मारते-पीटते है। विज ने कहाकि उन्होंने उल्टा चश्मा पहना हुआ है इसलिए उनको अपना चश्मा ठीक करवना चाहिए।

जनता समझदार है, सभी पार्टियों के राज देखे हैं:-

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा है कि देश में बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है एक झटके में ही देश से गरीबी मिटा देंगे, इस पर तंज कसते हुए विज ने कहा कि पहले 70 सालों में जो नहीं कर सके, वो अब कैसे कर देंगे। जनता समझदार है जनता ने सभी पार्टियों के राज देखे है। विज ने कहा कि जनता बाजार में नमक

# रुडी के साथ भाजपा, जदयू, लोजपा, रालोम और हम के कार्यकर्ता कर रहे है जनसंपर्क

एजेंसी

**पटना।** सारण लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार राजीव प्रताप रुडी का सघन जन संपर्क अभियान चल रहा है। अपने जनसंपर्क के दौरान मंगलवार को रुडी ने अमनौर व परसा विधानसभा क्षेत्र के गाँवों में जनसंवाद किया। उन्होंने परसा, शोभे परसा, चांदपुरा, भगवान बाजार, बकसंडा, बनकेरवां, कुंआरी आजम, आजमपुर, गंगोई, महेशियां, खिड़िकिया पट्टी शीतल, नारायणपुर, फिरोजपुर, भेल्दी आदि पंचायतों और गांवों मे जनसंपर्क किया। गाँव में लोग रुडी का फूल मालाओं से अभिनंदन कर रहे है। भगवानपुर में रजत मुकुट से रुडी का स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी रुडी के साथ अमनौर विधायक मंटू सिंह, मुनचुन सिंह मुखिया, अनिल सिंह, बीडीसी मुकेश सिंह, धर्मेन्द्र साह, महेश सिंह, रविन्द्र सिंह, शक्ति सिंह आदि के साथ राजग के सदस्य दल जदयू, लोजपा (आर), रालोम और हम के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जनसंपर्क के दौरान रुडी को लोकसभा की जनता से अपरिमित स्नेह और सहयोग मिल रहा है। इस संदर्भ में रुडी ने कहा कि सारण लोकसभा की जनता यह अहसास ही नही होने देती की हम चुनावी मैदान में उतर कर मतदान हेतु जन संपर्क कर रहे हैं। जहां जाता हूं लोकसभा क्षेत्र की जनता मुझे अपने परिवार के वरिष्ठ सदस्य की तरह स्नेह प्रदान कर रही है जगह-जगह महिलाएं आरती उतार रही हैं, बुजुर्ग आशीर्वाद दे रहे है, पुष्प माला के साथ अपनेपन के साथ भेंट करते हैं, युवा और बच्चे सेल्फी लेने उत्साह के साथ आते हैं। उन्होंने कहा कि सभी का बेहतरीन प्रतिसाद भाव विभोर कर देता है। सारण लोकसभा की जनता का स्नेह देखकर मैं दावे के साथ कह सकता हूं की भारतीय जनता पार्टी सारण लोकसभा से ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही है।

# प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी नरेन्द्र मोदी की सरकार बनेगी: नड्डा

एजेंसी



**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा उत्तराखंड के मसूरी में आयोजित जनसभा में कहा कि राज्य की जनता से पाँचों लोक सभा सीटों पर भारी बहुमत से कमल खिलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, लोकसभा चुनाव प्रभारी विनय कुमार रुहेला, टिहरी गढ़वाल प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह एवं अन्य पदाधिकारीगण मंच पर उपस्थित रहे। नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार की उपलब्धियों और देश के विकास के लिए भाजपा द्वारा लिए गए संकल्पों को रेखांकित किया। श्री नड्डा ने विपक्षी दलों की अपारदर्शिता की तुलना में, भाजपा के विकास के दृष्टिकोण की सराहना करते देश में लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया। नड्डा ने कहा शहीदों की शहादत व्यर्थ न जाए और उत्तराखंड आगे बढ़े इस संकल्प के साथ भाजपा काम कर रही है। आगामी लोकसभा चुनाव केवल सांसद चुनने का नहीं बल्कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का है। भाजपा विकसित भारत के संकल्प को लेकर नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व चल रही है। परन्तु 10 वर्ष पहले की राजनीति में उदासीनता में जनता को लगता था कि उनका भला नहीं हो पायेगा। लनरेन्द्र मोदी ने राजनीति की परिभाषा बदल डाली है, अब देश बदलता भारत, बढ़ता भारत और विकसित भारत बन रहा है। नड्डा ने कहा कि कोरोना महामारी के समय नरेन्द्र मोदी ने जान है तो जहान है के मंत्र पर काम करते हुए लॉकडाउन लगाकर 2 महीनों के अंदर देश को महामारी से लडने के लिए तैयार किया और जान भी है, जहान भी है के मंत्र को सिद्ध किया, यही बदलते भारत की तस्वीर है। नड्डा ने बताया कि इस देश में ट्यूबरक्लोसिस, टिटनेस की दवाई आने में 30 वर्ष और जापानी बुखार की दवाई आने में 100 वर्ष लग गए लेकिन नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय वैज्ञानिकों ने 9 महीने के अंदर कोरोना की दो वैक्सीन देश को समर्पित कर जनता को महामारी के भय से मुक्त कराया है। कोरोना महामारी के समय दूसरे देश से भारत आने वाले व्यक्ति को कागज पर छपी रिपोर्ट दिखानी पड़ती थी लेकिन जब भारत से कोई व्यक्ति विदेश जाता था तो वह अपने मोबाईल पर ही रिपोर्ट को दिखाता था और यह डिजिटल भारत की तस्वीर को दर्शाता है। साथ ही आदरणीय प्रधनमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दुनियाभर के 100 से अधिक देशों को भारत में बनी वैक्सीन मुहैया करवाई। नड्डा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को खाद्यान्न सामग्री निःशुल्क मुहैया कारवाई जा रही है, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिए गए हैं, स्वच्छता अभियान के तहत शौचालयों का निर्माण किया जा रहा है, और आयुष्मान भारत योजना के तहत ?5 लाख तक निशुल्क स्थास्थ्य कवर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत लगभग 3 लाख से ज्यादा गांवों को पक्की सड़क से जोड़ा गया है।

# मॉल हमले के बाद अब ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में बिशप पर सामूहिक प्रार्थना के दौरान चाकू से हमला

एजेंसी



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में फिर से एक बार एक घटना ने सनसनी फैला दी है। यहां एक सामूहिक प्रार्थना के दौरान असीरियन पादरी को कैमरे पर चाकू मार दिया गया। इस घटना का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अभी हाल ही में सिडनी के बॉन्डी जंक्शन के एक मॉल में एक चाकूबाज द्वारा छह लोगों की हत्या करने का मामला सामने आया था। इसके बाद यह घटना घटी है। मीडिया से जो खबरें मिल रही है उसकी मानें तो सिडनी में एक प्रार्थना सभा के दौरान बिशप मार मारी इमैनुएल पर एक संदिग्ध ने हमला किया और उन पर चाकू से लगातार कई बार वार कर दिया। घटना सोमवार रात करीब 7 बजे वेकले के क्राइस्ट द गुड शेफर्ड चर्च में एक लाइव स्ट्रीम के दौरान हुआ।

घटना का जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें बिशप इमैनुएल को लोगों से बात करते देखा जा सकता है, इसी बीच एक आदमी उनके पास आता है और उन पर कई बार चाकू से वार करता है। इसके बाद पर्शियन लोग उसे बचाने के लिए दौड़ पड़ते हैं। बिशप मार मारी इमैनुएल ईसाई रूढ़िवादी, सीओवीआईडी आदेशों, लॉकडाउन, फ्रीमेसन और फिलिस्तीन के खिलाफ इजरायली आक्रामकता का विरोध करने के लिए प्रसिद्ध हैं।

### जालंधर में फुटपाथों पर अनाधिकृत बोर्ड लगाने पर रोक

**जालंधर।** ज्वाइंट कमिश्नर पुलिस संदीप शर्मा ने दंड संहिता, 1973 की धारा 144 के अधीन अधिकारों का प्रयोग करते हुए, कमिश्नरेट पुलिस जालंधर की सीमा में दुकानों के साथ फुटपाथ पर अनधिकृत बोर्ड लगाने दुकानदारों द्वारा दुकानों की सीमा के बाहर सड़कों पर सामान रख कर और फुटपाथ पर सामान बेचने पर रोक लगाई गई है। यह आदेश 11.06.2024 तक लागू रहेंगे।

# पाकिस्तान में भीषण बारिश ने मचाई तबाही, गलियां बनी तालाब, 39 की मौत

एजेंसी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बारिश ने बड़ा नुकसान पहुंचाया है। यहां पिछले तीन दिनों से बारिश जारी है जिसके चलते गलियां तालाब बन चुकी हैं और कई जगह सड़कें बह गई हैं। यही नहीं हालात इतने भीषण हैं कि सरकार ने बलूचिस्तान में आपातकाल घोषित कर दिया है। इस बारिश के चलते देश के अलग-अलग अब तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 12 लोगों की मौत अकेले रविवार को ही खैबर पख्तूनख्वा में ही हो गई। इसके अलावा पंजाब में 4 और बलूचिस्तान में दो लोगों की मौत हो गई। बलूचिस्तान के मकरान में भीषण बारिश हुई और कई जगहों पर बिजली भी गिरी। इन घटनाओं में दो और लोगों की मौत हो गई।

इसके साथ ही बलूचिस्तान में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। हालात इतने विकट हैं कि बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में इमरजेंसी घोषित की गई है। बलूचिस्तान सरकार ने अर्बन फ्लड इमरजेंसी घोषित की है और सीएम सरफराज बुगती ने ऑनलाइन मीटिंग बुलाकर हालात का जायजा लिया है। इस बारिश की वजह से पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में भी हालात बिगड़ गए हैं। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने भी हालात से निपटने के लिए मीटिंग बुलाई है। उन्होंने बैठक के बाद कहा कि हमने बचाव दलों को आदेश दिया है कि वे तत्काल लोगों को मदद करें।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस बारिश से यह भी उम्मीद है कि जलाशयों को थोड़ा पानी मिल सकेगा। कई जगहों पर झीलें और तालाब सूखने के कगार पर थे। अब इस बारिश से थोड़ी राहत मिलेगी। अफगानिस्तान में भी भारी बारिश के चलते 33 लोगों की मौत हुई है और 27 जख्मी हो गए हैं। तालिबान के शासन वाले अफगानिस्तान में भारी बारिश की वजह से कई जगहों पर घर भी गिर गए हैं।

# अस्पताल प्रशासन की बड़ी लापरवाही

## बिजली जाने पर जेनरेटर नहीं चलने से 5 माह के मासूम की मौत

एजेंसी



**बूंदी।** राजस्थान के देई कस्बे में स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे पांच माह के बच्चे की मौत को लेकर सोमवार को दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा। युवाओं ने अस्पताल के मेन गेट पर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर आक्रोश जताया। इसके साथ ही अस्पताल में धरना देकर बैठ गए। युवाओं का कहना है कि जब तक उच्च अधिकारी मौके पर नहीं आते और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा।

गौरतलब है कि जेनरेटर न चलने के कारण ऑक्सीजन नहीं लगाया जा सका, जिसके चलते रविवार रात को पांच माह के एक मासूम की मौत हो गई। परिजनों ने उच्च अधिकारियों से इसकी शिकायत की है। मृतक के पिता ने बताया कि रविवार शाम 5 बजे अपने बेटे को लेकर देई सीएचसी अस्पताल पहुंचा, जहां पर महिला चिकित्सक को दिखाया।

लेकिन, अस्पताल में जेनरेटर न चलने के कारण ऑक्सीजन नहीं लगाया जा सका, जिससे उसकी मौत हो गई। करीब दो घंटे तक अस्पताल की बिजली गुल रही। मासूम की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। बच्चे को सही समय पर इलाज के लिए ऑक्सीजन नहीं मिली, इस कारण उसने दम तोड़ दिया। इस बारे में चिकित्सा अधिकारी योगेश पवार ने बताया जेनरेटर में डीजल नहीं था, डीजल डलवा दिया। जब अस्पताल प्रशासन से लापरवाही के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने पल्ला झाड़ लिया।

युवा हेमंत बैरवा सहित अन्य लोगों ने बताया कि अस्पताल प्रशासन द्वारा चिकित्सा सुविधा के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। रात के समय इमरजेंसी मे अस्पताल में डॉक्टर नहीं मिलते, प्रसूताओं से नर्सों द्वारा डिलीवरी करवाने के नाम पर पैसों की मांग की जाती है। नहीं देने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। अस्पताल में पर्याप्त ऑक्सीजन सुविधा मौजूद है, लेकिन इमरजेंसी में बिजली सुविधा के लिए काम आने वाले जेनरेटर मे डीजल नहीं होता है। इसका खामियाजा आज एक मजदूर को भुगतना पड़ा है। मृतक की मां के साथ आई मकान मालिक की पत्नी छोटी बाई ने बताया कि शाम 5 बजे बच्चे की तबियत खराब होने पर सामुदायिक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर महिला चिकित्सक को दिखाया। बच्चे को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। लेकिन, अस्पताल मे बिजली बंद होने से अंधेरा हो रहा था। जब इमरजेंसी जनरेटर चलाने के लिए बोला तो स्टाफ ने बताया कि जेनरेटर में तेल नहीं है। बच्चे को ऑक्सीजन की जरूरत थी और उसकी तबीयत लगातार बिगड़ रही थी।

# भाजपा, गरीब, युवा, अन्नदाता व नारीशक्ति को लेकर आगे बढ़ रही है अमर नाथ यादव

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय जगदीशपुर मे जिलाध्यक्ष रामविलास पाल और जिला मीडिया प्रभारी संतोष मिश्रा के उपस्तिथि मे अमर नाथ यादव क्षेत्रीय उपाध्याय ने पत्रकार वार्ता किये।

अमर नाथ यादव क्षेत्रीय उपाध्याय ने पत्रकारों से कहा कि भारतीय जनता पार्टी गरीब, युवा, अन्नदाता व नारीशक्ति को लेकर आगे बढ़ रही है और 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प ले रही है। एक व्यक्ति, जो आज भरोसे का पर्याय बन चुका है क्योंकि मोदी की गारंटी ही गारंटी पूरी होने की गारंटी है। आने वाले 5 साल भी सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के होंगे, ये है मोदी की गारंटी। उन्होंने कहा कि बीजेपी का संकल्प पत्र युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। आने वाले पांच साल में फ्री राशन की योजना जारी रहेगी। जनऔषधि केंद्रों का विस्तार होगा। पांच लाख का मुफ्त इलाज मिलता रहेगा। 70 साल की आयु के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाया जाएगा चाहें फिर वो किसी वर्ग का हो। 3 करोड़ और घर बनाने का संकल्प लिया है। 10 साल में हमने दिव्यांगजनों को कई सुविधाएं दी हैं। दिव्यांग साथियों को अब पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जाएगी, उनकी विशेष जरूरतों के अनुसार उन्हें आवास मिल सके, इसके लिए विशेष रूप से काम किया जाएगा। ट्रांसजेंडर साथियों को भी आयुष्मान योजना के दायरे में लाने का निर्णय लिया है।पिछले 10 साल नारी को समर्पित रहे हैं। आने वाले पांच साल नारी की भागेदारी के होंगे। 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने की गारंटी ली है। गरीबों की थाली पोषण वाली होगी। उज्जवला योजना आगे जारी रहेगी। जन औषधि केंद्रों पर सस्ती दवाएं मिलती रहेंगी। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जारी रहेगी। पीएम किसान सम्मान निधि आगे भी जारी रहेगी। देश में डेयरी सहकारिता समिति की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।हम दलहन और तिलहन में आत्मर्निभर के लिए किसानों की मदद करेंगे। धरती की मां की रक्षा के लिए प्राकृतिक खेती पर बल दिया जाएगा। नैनो यूरिया के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल पर जोर दिया जाएगा भाजपा का संकल्प भारत को फूड प्रोसेसिंग हब बनाने का है। हम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए काम करते रहेंगे। हमारा घोषणापत्र दर्शाता है कि भाजपा के संस्थापकों ने देश के लिए क्या कल्पना की थी। पीएम मोदी ने आम आदमी की समझ के लिए दृष्टिकोण को सरल बनाया है और इसे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास कहा है।इस अवसर पर जिला प्रभारी संतोष पटेल, मछली शहर सांसद बीपी सरोज, राजेशसोनकर, विजय पटेल, स्कंद पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय हिंदू महासभा ने जिलाधिकारी को प्रशस्ति देकर किया सम्मानित



**आजमगढ़।** राष्ट्रीय हिंदू महासभा भारत संगठन परिवार के राष्ट्रीय महासचिव अभय नाथ राय प्रदेश महासचिव संतोष सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी प्रदेश संगठन महा मंत्री सुरेश प्रजापति प्रदेश उपाध्यक्ष अंकुर सिंह जिला अध्यक्ष आजमगढ़ वरुणपांडे जिला महामंत्री आजमगढ़ अभय दुबे लक्ष्मीकांत पांडेय पूर्वांचल प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला अध्यक्ष आजमगढ़ सदर सुरेंद्र कुमार सिंह लालगंज विधानसभा अध्यक्ष नितेश कुमार धुरुव चंद गौतम किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष आजमगढ़ और सभी संगठन के पदाधिकारी जिलाधिकारी महोदय के प्रशस्ति पर देते समय मौजूद रहे।

# जायरीनों ने हजरत सैय्यद मंसूर बाबा की मजार पर चादरपोशी कर मांगी मन्नतें

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** नगर के मुहल्ला सिपाह के हजरत सैय्यद मंसूर बाबा का सलाना उर्स का जलसा रविवार को बड़े ही अकीदत और शानों शौकत के साथ मनाया गया। इस दौरान जायरीनों ने हजरत सैय्यद मंसूर बाबा की मजार पर चादरपोशी कर मन्नतें भी मांगी। साहबगंज मुहल्ला स्थित फूलशाह बाबा सिनेमा गली से डीजे सहित गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाला गया, जिसमें बाबा के कद्रदान सिर पर गागर लेकर चल रहे थे , जो अपने कदीमी रास्ते से होकर बाबा के मजार पर पहुंचा, जहां पर जायरीनों ने बाबा के मजार पर चादर चढ़ाई और मन्नतें भी मांगी। जुलूस के शक्ल में शामिल लोग बाबा के शान में नातिया कलाम पढ़ते हुए चल रहे थे। जो अपने कदीमी रास्ते से होकर सैय्यद मंसूर बाबा की मजार पर पहुंच कर जायरीनों द्वारा चादर चढ़ाया गया। बाबा को इत्र से नहला कर गुलपोशी किया गया। हजरत शौकत अली कंतित शरीफ (मिर्जापुर) अमन चैन के लिए दुआ किए। देवाशरीफ बाराबंकी से चलकर आए नामचीन कव्वाल शहजेब शहवेज वारसी मंडली के द्वारा पेश किए गए नामचीन नातिया कलाम जलसे ने समां बांधाहक की रजा में अपना सब कुछ लुटा दिया,शब्बीर तेरे कर्बला के सफर को सलाम.. कर्बला मंजर पर सलाम कव्वाली पर पूरी महफिल गम में डूब गई। कव्वाल मंडली द्वारा बाबा के शान में पेश कव्वाली का देर रात तक लोगों ने लुफ्त उठाया। इस अवसर पर खादिम खालिद अंसारी, अध्यक्ष सुऐब मंसूरी,शिवम गुप्ता,बबलू, विक्की गुप्ता, अनिरुद्ध गुप्ता, नवरत्न, आफाक खान, मो. शादाब, आलोक, खुर्शीद, खलीक अंसारी, नीलू, फारुख, मो.खलिक अंसारी , व अनवर मंसूरी आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनी डॉ. अंबेडकर की 133वीं जयंती

**अतरौलिया,आजमगढ़।** कैलाशी महिला विकास समिति द्वारा संचालित बौद्धिक दिव्यांग आवासीय भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई विद्यालय, ग्रामदृ ध्यानीपुर, पोस्ट- लोहरा, के बौद्धिक दिव्यांग बच्चों ने आज डा.भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई। इस दौरान एक जागरूकता रैली भी निकाली गयी तथा सभी लोगों ने बाबा जी के पद चिन्हों पर चलने की सपथ भी लिये द्य इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक श्री गंगा राम ने सभी दिव्यांगजनों को बाबा जी के बारे में विस्तार पूरक बताये। दिव्यांगजनों बच्चों ने नाच गाने के साथ बाबा जी की जयंती मनाई। इस अवसर पर प्रबन्धक सुनीता देवी, गंगा प्रसाद, प्रियंका, विजयमणि, सुमित, विनीता, रेनू, अंशिका, नीलम, संगीता, लीलावती और प्रवीन कुमार गिरी, निलेश, किरन, हेमलता आदि लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा जुमलेबाजों की सरकार: अशोक



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** समाज विकास क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा जुमलेबाजो की सरकार है और जौनपुर में भाजपा ने जिसे अपना प्रत्याशी बनाया है। उसने मुंबई में उत्तर भारतीयों को छलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि संविधान के जनक डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती है ।लेकिन मौजूदा सरकार संविधान को बदलना चाहती है। दिल्ली में मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाता है। सरकार तानाशाही पर उतारू हूं। अशोक सिंह ने सपा कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि ये जो इंडिया गठबंधन है इसमें भी सब भ्रष्टाचारी भरे है,जनता सबको देख चुकी है और इस बार जनता परिवर्तन करेगी। उन्होंने कहा कि हमने अब तक 26 प्रत्याशियों की दो सूची जारी की है। जिसमे लोकसभा जौनपुर से स्वयं प्रत्याशी हूं। भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मैंने और कृपाशंकर सिंह दोनो लोगों ने महाराष्ट्र में राजनीति की है।मैं कृपाशंकर सिंह के कारनामों के बारे में जानता हूं। बिना हमारी पार्टी के सहयोग के कोई भी पार्टी सरकार नहीं बना सकती। लेकिन जौनपुर प्रशासन आचार संहिता का भय दिखाकर हमें डराती व धमकाती है । जबकि दूसरी तरफ एक पार्टी का प्रत्याशी खुलेआम आचार संहिता की धज्जियां उड़ाता है उसे ना तो जेल भेजा जाता है और ना ही प्रशासन रोकता है।

# जिलाधिकारी ने की हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जनपद में मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत आयोजित विविध जागरूकता गतिविधियों की कड़ी में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कलक्ट्रेट परिसर में 'मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत परिसर में एक बड़ा बैनर लगाकर जिसपर लिखा है ''ड्रेमोक्रेसी वाल'' पर स्वयं हस्ताक्षर कर संकल्प लिया और लोगों से भी हस्ताक्षर कर संकल्प लेने की अपील किया है कि 25 मई को मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करें। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में बनी सेल्फी प्वाइंट ''मेरा वोट मेरी ताकत'' सेल्फी पाइंट पर अधिकरियों ने सेल्फी लेकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस हस्ताक्षर अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने सभी विभागों, स्कूल कालेजों व्यापार मंडल, समाजिक संस्थाओ से भी अपील किया है कि मतदान के प्रति जागरुकता के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिए इस तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये। जिलाधिकारी ने बताया कि गत चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम था, लेकिन इस बार हमारा प्रयास 70 प्रतिशत से अधिक ले जाने का है। इसको लेकर स्वीप की ओर से कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य चुनाव 2024 में अधिकाधिक मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया जाए, जिससे जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़े। मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप प्रभारी साई तेजा सीलम ने कहा कि जिले के मतदाता 25 मई को लोकतंत्र की उत्सव में अपनी भागीदारी निभाएं। निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान कर, अपनी जिम्मेदारी व कर्तव्य निभाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान, सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी ईशिता किशोर, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी अर्चना ओझा, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी प्रजक्ता त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा क्रीड़ा अधिकारी अतुल सिन्हा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहें तथा हस्ताक्षर कर मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

# प्रशासनिक अधिकारियों ने बनाई मानव श्रृंखला

अवधनामा संवाददाता



**मतदाता जागरूकता हेतु निकाली बाइक रैली, जिला निर्वाचन अधिकारी ने मानव श्रृंखला का फीता काटकर किया शुभारम्भ**

**प्रयागराज।** जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार व अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्रीमती पूजा मिश्रा के साथ सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 25 मई को जनपद में होने वाले मतदान में अधिक से अधिक लोगो को मतदान करने के प्रति जागरूक करने हेतु लगभग 400 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं, बाल विकास एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा कतारबद्ध ढंग से बनाई गई मानव श्रृंखला का फीता काटकर शुभारम्भ किया व स्वयं मानव श्रृंखला में अन्य अधिकारियों के साथ सम्मिलित हुए।

तत्पश्चात जिलाधिकारी ने लोगो को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करते हुए अधिक से अधिक मतदान किए जाने हेतु लोगो को प्रेरित करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से निकाली गयी बाईक मतदाता जागरूकता रैली व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं की पैदल मतदाता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

बाईक रैली कलेक्ट्रेट परिसर से कटरा होते हुए शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए पुनः कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त हुई एवं पैदल मतदाता जागरूकता रैली मनमोहन पार्क, लक्ष्मी चैराहा होते हुए विकास भवन में समाप्त हुई। इसके साथ ही कलेक्टेªट परिसर में मतदाता जागरूकता रंगोली भी बनाई गयी।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, परियोजना निदेशक ए0के0 मौर्या, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0 सिंह, प्रभाकर त्रिपाठी, बी0एस0 यादव, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नई दवाओं के खोज में आण्विक गतिशीलता महत्वपूर्ण: प्रो राज

**कंप्यूटेशनल केमेस्ट्री पर कार्यशाला के चतुर्थ दिवस पर मॉलिक्युलर डायनामिक्स पर हुआ व्याख्यान और प्रशिक्षण**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री एंड मॉलिक्यूलर डिजाइन विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला के चतुर्थ दिवस पर आण्विक गतिशीलता (मॉलिक्युलर ड्यानमिक्स) पर व्याख्यान और प्रशिक्षण हुआ। रसायन विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. राज कुमार मिश्रा ने बताया कि आण्विक गतिशीलता के अध्ययन से पदार्थो तथा अणुओं के गुणों को समझने में मदद मिलती है। आणविक गतिशीलता दवाओं तथा डीएनए के बीच के परस्पर क्रिया तथा प्रभाव का पता लगाने में महत्वपूर्ण होता है। प्रो. मिश्रा ने प्रतिभागियों को साफ्टवेयर के माध्यम से आण्विक गतिशीलता का प्रशिक्षण दिया। दूसरे सत्र में विशेष वक्ता के रूप में रसायन विज्ञान विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डॉ. विवेक कुमार यादव ने आण्विक गतिशीलता के बारे में विस्तृत रूप से प्रतिभागियों को बताया। डॉ यादव ने प्रतिभागियों को एब इनिशियो तरीके से आण्विक गतिशीलता के अध्ययन के बारे में चर्चा किया। अतिथियों का स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार ने किया। सत्र की संचालन कार्यशाला संयोजक डॉ नितेश जायसवाल ने किया। इस अवसर पर डॉ अजीत सिंह, डॉ मिथिलेश यादव, डॉ दिनेश वर्मा, डॉ विजय शंकर तथा सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# छुनन गुरु की प्रतिमा की उपेक्षा, व्यापार मंडल नाराज़

**ऐतिहासिक घंटाघर की घड़ी बंद होने पर भी जताया गुस्सा**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** प्रयाग व्यापार मंडल के कैंप कार्यालय पालकों चौक पर मण्डल के महामंत्री सुहैल अहमद की अध्यक्षता में एक मीटिंग आहूत की गई।

बैठक का संचालन अरूण केसरवानी अध्यक्ष जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रयागराज ने किया और जिला प्रशासन से तथा नगर निगम से मांग की कि प्रयागराज का गौरव पूर्ण घंटाघर जिसकी घड़ी लगभग साल भर से बंद है और इस घड़ी का घंटा भी नहीं बजता इसको अतिशीघ्र ठीक कराया जाय। पदाधिकारियों ने कहा कि इसकी कई बार सूचना समाचार पत्रों और सोशल मीडिया द्वारा प्रयाग व्यापार मंडल के मीडिया प्रभारी मोहम्मद अकरम ने किया भी लेकीन विडंबना है अभी तक ठीक नहीं कराया गया।

अरूण केसरवानी ने कहा कि प्रयागराज जिस व्यक्तित्व पर गर्व करता है वो हैं स्वर्गीय छुन्नन गुरु। जिन्हे समाज अपना आदेश मानता है। उनकी प्रतिमा का सौंद्रीय करण होना है जिसका बजट पैसा भी पास है। अभी तक कोई कार्य नहीं हुआ, ऐसे ऐतिहासिक पुरुष की अवहेलना बहुत खराब है। मांग किया की अविलंब सौंदर्यीकरण कराया जाय। गुरु जी की प्रतिमा को सफेद या स्क्रीन रंग का कराया जाए। लगे की गुरुजी खड़े हैं।

इस उपरोक्त मांग को बैठक में उपस्थित सभी लोगो ने सर्व सम्मति से समर्थन किया।

मीटिंग में मुख्य रूप से प्रयाग व्यापार मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष राणा चावला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण केसरवानी, सरदार प्रीतम सिंह, अखिलेश सिंह, कोषाध्यक्ष सरदार जतिंदर सिंह, मीडिया प्रभारी मोहम्मद अकरम, पार्षद साहिल अरोरा, गुरुचरण अरोरा, राजीव नैय्यर, अंब्रिश खुराना, अशोकी अरोरा, सरदार हरजिंदर सिंह, धनंजय सिंह, राजेश गुप्ता, अतुल केसरवानी, सरदार दिलजीत सिंह, रामलोचन साहू, सुरेश गुप्ता, विकाश केसरवानी, कृष्ण बहादुर, रतन अग्रवाल, अनूप केसरवानी, रोहित अरोरा, महमूद खां, अन्नू दूबे, सत्यप्रकाश मिश्रा, उमेश केसरवानी, निखिल मलंग, धर्मेंद्र दिवेदी, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद आमिर, संजू केसरवाणी आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत की ओर लंबी छलांग लगाने वाला



अवधनामा संवाददाता

**कांग्रेस सपा का चुनावी घोषणा पत्र एक मात्र चुनावी झुनझुन**

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर, गंगा पार एवं यमुना पार के द्वारा भारतीय जनता पार्टी का लोक संकल्प पत्र को लेकर सीपीएस कॉटेज सिविल लाइन में प्रेस वार्ता करते हुए कैबिनेट मंत्री और लोकसभा क्लस्टर प्रभारी अनिल राजभर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र देशभर के 15 लाख जनता जनार्दन के सुझाव पर बनाए गए हैं। बाबा साहब के चरणों में नमन करते हुए इसे जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प और मोदी की गारंटी पर जनता को अटूट विश्वास है। पूरे देश ने इस बात को माना है कि मोदी की गारंटी यानी गारंटी के पूरे होने की गारंटी। क्योंकि भाजपा जो कहती है उसे तो पूरा करती ही है और जो नहीं भी कहती है लेकिन जनता के हित में यदि वे जरूरी होते हैं तो उसे भी पूरा करके दिखाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पेश किए जाने वाला संकल्प पत्र विकसित भारत की ओर लंबी छलांग लगाने वाला है। आज देश की जनता को विश्वास है कि यदि मोदी की गारंटी है तो यह पूरा होकर रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र भारत सरकार की उपलब्धियों का एक व्यापक अवलोकन प्रदान करता है और 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण का दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। उन्होंने आगे कहा कि यह संकल्प पत्र विकसित भारत के चार स्तंभ युवा शक्ति, नारी शक्ति, किसान और गरीब सभी को सशक्त करता है। हमारा फोकस डिग्निटी ऑफ़ लाइफ पर है, क्वालिटी ऑफ़ लाइफ पर है, निवेश से नौकरी पर है। इस संकल्प पत्र में क्वांटिटी ऑफ अपॉर्चुनिटी और क्वालिटी आप अपरटुनिटीस दोनों पर बहुत जोर दिया गया है। एक तरफ हमने सारे इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण से बड़ी संख्या में रोजगार बनाने की बात की है तो दूसरी तरफ हम स्टार्टअप ऑफ ग्लोबल सेंटर्स को बढ़ावा देकर हाई वैल्यू सर्विसेस पर भी ध्यान देने जा रहे हैं। विपक्षियों पर निशाना चाहते हुए उन्होंने कहा कि सपा कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र मात्र एक झुनझुना है। जिस पर जनता विश्वास अब नहीं करती क्योंकि जब यह पार्टियों सत्ता में थी तो अपनी घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा नहीं किया।

# मेरी लड़ाई लोकतंत्र एवं संविधान बचाने की: अमरनाथ मौर्य

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** लोकसभा फूलपुर से घोषित सपा प्रत्याशी अमरनाथ सिंह मौर्य आज लखनऊ से चलकर दोपहर में प्रयागराज पहुंचे। टिकट की घोषणा के बाद आज पहली बार शहर आगमन पर श्री मौर्य ने सर्व प्रथम डॉ अम्बेडकर एवं डॉ लोहिया जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद पार्टी कार्यालय पहुंचे जहाँ पूर्व जिलाध्यक्ष स्व जवाहर सिंह की मूर्ति पर माला चढ़ाकर आशीर्वाद लिया।

सपा प्रत्याशी अमरनाथ सिंह मौर्य का शहर की सीमा लालगोपालगंज, मंसूराबाद, नवाबगंज, गड्डोपुर, शांति पुरम, तेलियर गंज, सिविल लाइन्स सहित कई स्थानों पर पार्टी के कार्यकर्ताओं, समर्थकों ने फूल मालाओं से लाद कर जमकर स्वागत किया।



सपा प्रत्याशी अमरनाथ सिंह मौर्य ने पार्टी कार्यालय पर अपने सम्बोधन में पार्टी की ओर से लोकसभा का उम्मीदवार बनाये जाने पर राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि मेरी लड़ाई लोकतंत्र एवं संविधान बचाने की है। डॉ लोहिया और बाबा साहब अम्बेडकर सहित समता मूलक समाज की स्थापना के लिए अपना पूरा जीवन संघर्ष करते हुए बिताने वाले महापुरुषों के बताये रास्ते पर चलकर यदि मौका मिला तो क्षेत्र की जनता की आवाज को देश की सबसे बड़ी पंचायत में बुलंद करने का काम करूँगा। मेरी जीत सामाजिक न्याय और फूलपुर की जनता की जीत होगी।

सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, एम एल सी डॉ मान सिंह यादव ने कहा की 2014 में देश की जनता से झूठे वादे करके सत्ता में आने वाली भाजपा की 2024 में विदाई होगी।

इस अवसर पर अनिल यादव, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन,पप्पू लाल निषाद, डॉ मानसिंह यादव, श्याम लाल पाल, विधायक गीता शास्त्री, पूर्व विधायक अंसार अहमद, मुजतबा सिद्दीकी, रविन्द्र यादव, दूधनाथ पटेल, आर. एन. यादव, राजू पासी, डॉ एस पी सिंह पटेल, शांति प्रकाश पटेल, राजकुमार पटेल, डॉ राजेश यादव, नाटे चौधरी, मेराज आरिफ, राम अवध पाल, मयंक जोटी, जगदीश प्रसाद मौर्य, सुमन शर्मा, प्रतिमा रावत, मंजू यादव, वजीर खान, खिन्नी लाल पासी, रजनीश पासी, सुधीर निषाद राकेश पासी, सचिन श्रीवास्तव, सत्यभामा मिश्रा, अभिमन्यु पटेल, बच्चा यादव आदि सहित सैकड़ो की संख्या में सपा नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## विनय कुशवाहा प्रदेश सचिव मनोनीत

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूर्व प्रदेश प्रवक्ता पूर्व पार्षद चार बार के जिला उपाध्यक्ष विनय कुशवाहा को समाजवादी पार्टी का प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। जिसका पत्र प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने जारी किया। मनोययन पर विनय कुशवाहा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अखिलेश यादव ने पीडीए का सही स्वरूप प्रदान किया हैं। इस लोकसभा चुनाव के टिकट वितरण में जिसमें सभी जातियों का प्रतिनिधित्व दिया है। जिसके परिणामस्वरूप इस लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के पक्ष में आश्चर्य जनक परिणाम आयेगा।

# अधिशासी अधिकारी ने की आत्महत्या

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** गाजीपुर नगर पालिका से 20 दिन पूर्व अवकाश लेकर अतरौलिया थाने के बूढ़नपुर बाजार स्थित अपने घर आए अधिशासी अधिकारी ने रविवार की रात घर के पीछे बने आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का कारण मृतक का अवसादग्रस्त होना बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। अतरौलिया थाना क्षेत्र के बूढ़नपुर बाजार निवासी सेवानिवृत्त प्रवक्ता आनंद शंकर सिंह चार संतानों में तीसरे नंबर पर रहे बड़े पुत्र 45 वर्षीय आलोक कुमार सिंह गाजीपुर नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी पद पर तैनात थे। लगभग डेढ़ साल पहले उनकी पत्नी का निधन हो गया था। इसके बाद से वह अवसाद ग्रस्त हो गए थे। करीब 20 दिन पूर्व वह अवकाश लेकर अपने पैतृक घर आए थे। रविवार को दिन में परिवार के लोगों ने उन्हें अंतिम बार घर के समीप टहलते देखा और इसके बाद उनका पता नहीं चला। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटे तो स्वजन उनकी तलाश में जुटे। रात करीब नौ बजे मकान के पीछे बने दूसरे आवास में किसी कार्यवश गए पारिवारिक सदस्य ने कमरे के अंदर फांसी के फंदे पर झूल रहे ईओ का शव देख चीखते हुए शोर मचाया इसके बाद अन्य स्वजनों को इसकी जानकारी हुई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में ले लिया।

# डीएम ने नगर पालिका नगर पंचायतों के साथ की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में नगर विकास सेक्टर की बैठक समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिकाध्नगर पंचायतों के साथ की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्य बाजारों की सफाई प्रातःकाल एवं जब दुकाने बन्द हो जाती हैं तो रात्रि में भी एक बार बाजारों की सफाई अवश्य करायें। नगर क्षेत्र के अन्तर्गत मोहल्लाध्वार्ड वाइज नियमित साफ-सफाई कराते रहें। इसी के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में अल्टरनेट डे पर साफ-सफाई कराते रहें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि मुख्य सड़कों की बराबर साफ-सफाई करायें, सड़क के किनारे कूड़ा एकत्रित न हो, कूड़े को एक निर्धारित स्थान पर रखवायें। जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने संबंधित एमओआईसी से सम्पर्क करते हुए डेंगू, मलेरिया (संचारी रोग) से ग्रसित मरीजों के बारे में जानकारी प्राप्त करें एवं यह पता करें कि वह किस क्षेत्रान्तर्गत आते हैं, उन क्षेत्रों में फागिंग का कार्य अवश्य करायें। चूना, ब्लीचिंग पाउडर एवं एण्टी लार्वा का छिड़काव नालेध्नालियों एवं रूके हुए पानी वाले स्थानों पर नियमित रूप से कराते रहें। उन्होने कहा कि बरसात से पहले सभी नालोंध्नालियों की सफाई करा लें। बाजार, सरकारी कार्यालय, अस्पताल एवं स्कूलों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत निजामाबाद एवं महराजगंज को निर्देश दिये कि जिन मुख्य बाजारों में लोगों द्वारा अतिक्रमण किये गये हैं, उन्हें नोटिस जारी करें। उन्होने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये कि आपके क्षेत्र में जितने भी इण्डिया हैण्डमार्का पम्प स्थापित हैं एवं खराब हैं, उसे तत्काल ठीक करायें। किसी भी दशा में इण्डिया हैण्डमार्का पम्प खराब न हो। उन्होने यह भी कहा कि जिन-जिन क्षेत्रों में प्याऊ स्थापित है, प्याऊ के ऊपर लगी टंकी की नियमित रूप से साफ-सफाई एवं प्याऊ के आस-पास के क्षेत्रों की भी सफाई कराते रहे। इसी के साथ ही व्यापार मण्डल, बैंकों से मिलकर उनके माध्यम से आवश्यकतानुसार निर्धारित स्थानों प्याऊ लगवायें।

# देश के वस्तुओं का निर्यात मार्च में मामूली घटकर 41.68 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ल (हि.स.)।** देश के निर्यात में भू-राजनीतिक तनाव के कारण गिरावट आई है। मार्च, 2024 में वस्तुओं का निर्यात मामूली रूप से घटकर 41.68 अरब डॉलर रहा है।



वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान यह 3.11 फीसदी की गिरावट के साथ 437.06 अरब डॉलर रहा।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि मार्च में वस्तुओं का निर्यात घटकर 41.68 अरब डॉलर रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान यह 3.11 फीसदी की गिरावट के साथ 437.06 अरब डॉलर रहा। आंकड़ों के मुताबिक मार्च के महीने में देश का आयात भी 5.98 फीसदी घटकर 57.28 अरब डॉलर रहा है। इस तरह 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 में देश का व्यापार घाटा 15.6 अरब डॉलर रहा। मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कुल आयात 677.24 अरब डॉलर रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 के 715.97 अरब डॉलर से 5.41 फीसदी कम है। इस दौरान देश का व्यापार घाटा 240.17 अरब डॉलर था। मंत्रालय के मुताबिक मार्च 2024 में भारत का कुल निर्यात (माल और सेवाएं संयुक्त) 70.21 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जो मार्च 2023 की तुलना में -3.01 फीसदी की नकारात्मक वृद्धि को दर्शाता है। मार्च 2024 में कुल आयात 73.12 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जो मार्च 2023 की तुलना में -6.11 फीसदी की नकारात्मक वृद्धि प्रदर्शित कर रहा है।

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि देश का कुल व्यापार घाटा वित्त वर्ष 2022-23 के 121.62 अरब डॉलर से 35.77 फीसदी सुधरकर वित्त वर्ष 2023-24 में 78.12 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने व्यापार आंकड़ों की जानकारी देते हुए कहा कि पश्चिम एशिया के हालात पर मंत्रालय की नजर बनी हुई है, उन्होंने बताया कि उसके हिसाब से 'उचित कार्रवाई' की जाएगी।

# थोक महंगाई दर मार्च में मामूली बढ़कर 0.53 फीसदी पर, फरवरी में थी 0.20 फीसदी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** देश में सब्जियों, आलू, प्याज और कच्चे तेल की कीमतों में इजाफे के कारण मार्च में थोक महंगाई दर मामूली बढ़कर 0.53 फीसदी पर पहुंच गई है। इसी साल फरवरी में यह दर 0.20 फीसदी रही थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर सालाना आधार पर मार्च, 2024 में 0.53 फीसदी रही। इससे पिछले महीने फरवरी में यह 0.20 फीसदी रही थी। दरअसल, डब्ल्यूपीआई आधारित थोक महंगाई दर अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। हालांकि, नवंबर, 2023 में यह 0.26 फीसदी रही थी, जबकि दिसंबर, 2022 में यह 5.02 फीसदी के स्तर पर थी।

मंत्रालय के जारी आंकड़ों के मुताबिक आलू की महंगाई मार्च, 2023 में 25.59 फीसदी थी, जो मार्च, 2024 में 52.96 फीसदी रही है। इसी तरह प्याज की महंगाई 56.99 फीसदी रही है, जो मार्च, 2023 में शून्य से नीचे 36.83 फीसदी थी।

आंकड़ों के अनुसार वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से मार्च में कच्चे पेट्रोलियम खंड में महंगाई 10.26 फीसदी बढ़ गई है। हालांकि, ईंधन और बिजली की महंगाई मार्च में शून्य से 0.77 फीसदी घटी है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से पिछले हफ्ते जारी सीपीआई पर आधारित खुदरा महंगाई दर खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के कारण घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 फीसदी पर आ गई है लेकिन खाद्य पदार्थों की महंगाई मार्च में 8.52 फीसदी रही, जो फरवरी में 8.66 फीसदी थी।

# बायजूस ने अपने प्रबंधन में रणनीतिक बदलाव की घोषणा की

**नई दिल्ली।** बायजूस ने अपने परिचालन को कारगर बनाने और कंपनी को लंबे समय तक सफलता दिलाने के लिये आज एक बड़े संरचनात्मक बदलाव की घोषणा की है। इस रणनीतिक बदलाव के तहत बायजूस अपने व्यवसायों को तीन केन्द्रित प्रभागों में समेट रही है- (1) द लर्निंग ऐप (2) ऑनलाइन क्लासेस एवं ट्यूशन सेंटर्स और (3) टेस्ट-प्रेप। नई संरचना में हर प्रभाग अधिक सक्रिय और किफायती होगा। हर प्रभाग बायजूस के ब्राण्ड और परितंत्र की शक्ति का फायदा उठाते हुए बाजार के अवसरों का लाभ लेने के लिये बेहतर तरीके से सुसज्जित भी होगा। हर यूनिट के लीडर अलग-अलग होंगे और वे फायदा सुनिश्चित करने के लिये निजी तौर पर व्यवसायों को स्थायी तरीके से संचालित करेंगे।

यह बदलाव सात महीने तक चली परिचालन की विस्तृत समीक्षा के बाद हुए हैं। इसके लिये खर्च को इष्टतम बनाने की कवायद भी हुई थी। और दोनों प्रक्रियाओं का नेतृत्व बायजूस इंडिया के सीईओ अर्जुन मोहन ने किया था। मोहन अब बाहरी सलाहकार की भूमिका में होंगे। बदलाव की इस अवस्था में वह कंपनी और उसके संस्थापकों को एडटेक में अपनी गहन विशेषज्ञता प्रदान करेंगे।

संस्थापक एवं ग्रुप सीईओ बायजू रवीन्द्रन ने कहा, ''संरचना में यह बदलाव बायजूस 3.0 की शुरूआत कर रहा है। अब एक ज्यादा बेहतरीन और चुस्त कंपनी बाजार के तेजी से बदलते आयामों को अपनाने के लिये तैयार है। यह खासकर बेहद निजी शिक्षा के मामले में होगा। तीन विशेष व्यवसाय इकाइयों के साथ अपनी मूल शक्तियों पर केन्द्रित होकर हम फायदे का ध्यान रखते हुए तरक्की के नये अवसर खोलेंगे।'' उन्होंने आगे कहा, ''बायजूस को चुनौती के समय संभालने में अर्जुन ने बेहतरीन काम किया है। उनके नेतृत्व के लिये हम आभारी हैं और एक रणनीतिक सलाहकार के तौर पर उनके लगातार योगदानों की आशा करते हैं।''

नये चरण में बायजू रवीन्द्रन भी कंपनी के रोजाना के परिचालन को संभालने में अधिक सक्रिय होंगे। पिछले चार वर्षों में उन्होंने मुख्य रूप से रणनीतिक पहलुओं पर ही ध्यान दिया है, जैसे कि पूंजी जुटाना और वैश्विक विस्तार करना। हालांकि, चुनौती के इस समय में मजबूत नेतृत्व की जरूरत को समझते हुए, अब वह कंपनी के दैनिक परिचालन में ज्यादा सक्रिय रहेंगे। अपनी विशेषज्ञता से वह बायजूस को तरक्की और नवाचार के अगले चरण में लेकर जाएंगे।

नई संगठनात्मक संरचना और परिचालन संभालने वाले के तौर पर बायजू रवीन्द्रन की वापसी से बायजूस अब नवाचार से होने वाली तरक्की का अगला अध्याय शुरू करने की तैयारी में है।

## जन-जन तक भारत सरकार के नमक और चाय को पहुंचाने का NACOF ने उठाया जिम्मा

**लखनऊ।** जन-जन तक भारत सरकार के नमक और चाय को पहुंचाने का जिम्मा NACOF ने उठाया है। उत्तर प्रदेश में भारत सरकार के उद्यम से निर्मित नमक और चाय की बिक्री की मार्किटिंग रणनीति तैयार हो चुकी है। इस कार्य में NACOF के साथ कैजेन एग्रो इंफ़्राबिल्ड लिमटेड और पायनियर एग्री मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड कम्पनियाँ भी साथ आ गईं हैं। यह एक बड़ा मौका है जब भारतीय किसानों की मेहनत द्वारा निर्मित भारत सरकार के नमक और चाय को बाजार में उतार कर उसका लाभ जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जायेगा।

शनिवार को हज़रतगंज के जेमिनी कंटिनेंटल होटल में NACOF के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष राम इकबाल सिंह ने इन दोनों उत्पादों के उत्पादन की बिक्री की घोषणा की। इस मौके पर NACOF के निदेशक अशोक कुमार सिंह और राजीव कुमार सिंह, अधिशाषी निदेशक नाम प्रकाश श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। भारत सरकार का औषधीय गुणवत्तायुक्त नमक की खासियत बताते हुए हिंदुस्तान साल्ट



के आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि भारत सरकार,जन-जन के लिए उपयोगी और स्वास्थ्य को बेहतर रखने वाले सांभर नमक की बिक्री का शुभारंभ करने जा रही है। सांभर नमक भारत का एकमात्र नमक है जो प्राकृतिक रूप से आयोडीन युक्त होता है और इसमें 84 ऐसे दुर्लभ खनिज तत्व पाए जाते हैं, जिनका उपयोग कोरोना और एसिडिटी की दवा के रूप में किया जाता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि कंपनी का नमक कैंसर रोधी है और तंत्रिका तंत्र की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाता है। सांभर नमक की निर्माता हिंदुस्तान साल्ट्स लिमिटेड कम्पनी है। भारत सरकार के सभी मानकों को पूरा करने वाले सांभर नमक में पीएच (क्षारीयता) 9.00 से 9.50 के बीच है। इस नमक में इसमें विभिन्न खनिज जैसे सोडियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम, कैल्शियम, सल्फेट और प्राकृतिक आयोडीन आदि भी शामिल हैं।

जबकि स्वादिष्ट चाय की खासियत बताते हुए एंड्र यूल कंपनी के देबजीत नाग ने कहा कि भारत सरकार का उद्यम अब उत्तर प्रदेश में एक अनोखी पहल करने जा रहा है। स्वादिष्ट चायों की लंबी श्रेणी लेकर बाजार में धूम मचाने की तैयारी है। असम के बागान की सबसे स्वादिष्ट और सबसे सुगंधित चाय इनमें से एक है। सुगंध में सुखदायक और स्वाद में उत्कृष्ट गोल्डन असम सीटीसी चाय का कोई मुकाबला नहीं है। यूल टी कोलकाता के सर्वश्रेष्ठ चाय निर्माताओं में से एक के द्वारा इसे निर्मित किया गया है। अभी बाज़ारों में असम सीटीसी चाय 500 और 250 ग्राम की पैकिंग में उतारी जाएगी। इस श्रेणी में शामिल डुअर्स सीटीसी चाय भी बाजार में धूम मचाने को तैयार है। जब बढ़िया चाय की बात आती है, तो यह तर्क देने का कोई मतलब नहीं है कि डूअर्स सीटीसी से बेहतर कुछ भी है, और जब एण्डू यूल टी भारत में सबसे अच्छे चाय निर्माताओं में से एक के द्वारा निर्मित है। यही इसको शीर्ष पर ले जाता है। अपने पूरे शरीर में उत्कृष्ट जोश की अनुभूति करें।

## एमेजॉन पर मीडियाटेक डेज़ में हर किसी के लिए अद्भुत उत्पाद

**नई दिल्ली।** प्रति वर्षदो अरब से अधिक कनेक्टेड एज डिवाईस को ताकत प्रदान कर रही विश्व की अग्रणी फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक ने 16 अप्रैल से 20 अप्रैल, 2024 तक एमेजॉन पर 'मीडियाटेक डेज़' अभियान की घोषणा की है। एमेजॉन पर 5 दिनों तक चलने वाले इस अभियान के दौरान मीडियाटेक प्रौद्योगिकी को लोकतांत्रिक बनाने और उपभोक्ता को अगली पीढ़ी के प्रौद्योगिकी समाधान उपलब्ध कराने पर ध्यान देगी। इस अभियान का लक्ष्य कनेक्टेड डिवाइसेज़ के नए युग में मीडियाटेक की ताकत वाले अद्भुत प्रौद्योगिकियों, उत्पादों और समाधानों को लेकर जागरूकता पैदा करना है जिससे उपभोक्ताओं को जानकारी के आधार पर खरीदारी का निर्णय करने में मदद मिल सके। एमेजॉन पर मीडियाटेक स्टोर, महान प्रौद्योगिकी तक सभी की पहुंच सुलभ बनाकर हर किसी का जीवन तेज और बेहतर करने के लिए संभावनाओं की दुनिया के द्वार खोलता है। मीडियाटेक विश्व के सबसे



बड़े ब्रांडों के स्मार्ट डिवाइस को ताकत प्रदान करती है जिनमें स्मार्ट स्पीकर्स, स्मार्ट टीवी, क्रोमबुक्स, टैबलेट्स, वियरेबल्स, वाईफाई राउडर्स, फिटनेस उपकरण आदि शामिल हैं। मीडियाकेटक के उप निदेशक (मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशंस) अनुज सिद्धार्थ ने कहा, मीडियाटेक निरंतर एक ऐसे भविष्य की दिशा में काम कर रही है जहां प्रौद्योगिकी लोकतांत्रिक ढंग से उपलब्ध हो। मीडियाटेक डेज़ के जरिए हमारा ध्यान मीडियाटेक की ताकत वाले अनूठे अद्भुत उपकरणों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उपभोक्ताओं को शिक्षित करने पर केंद्रित है।

## वीएलसीसी स्कूल ऑफ ब्यूटी ने बेहतर प्रशिक्षण के लिए गोरखपुर में अपने संस्थान को आधुनिक सेंटर में रीलोकेट किया

**गोरखपुर।** सौन्दर्य एवं प्रशिक्षण उद्योग में जाने-माने नाम वीएलसीसी स्कूल ऑफ ब्यूटी ने अपने संस्थान को गोरखपुर में बड़ी एवं अधिक आधुनिक सुविधा में रीलोकेट करने की घोषणा की है। अपने छात्रों को बेहतर सुविधाएं एवं प्रशिक्षण के आधुनिक अवसर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता के तहत वीएलसीसी से यह फैसला लिया है। बड़े स्थान और आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह नया परिसर उन महत्वाकांक्षी छात्रों को लर्निंग का बेजोड़ अनुभव प्रदान करेगा जो ब्यूटी प्रोफेशनल्स के रूप में करियर बनाना चाहते हैं।

संस्थान को गोरखपुर में तारामंडल रोड पर ए-48, बौद्ध विहार में स्थानांतरित कर दिया गया है। रीलोकेशन के अलावा वीएलसीसी ने इस साल विभिन्न स्थानों पर 20 और संस्थान खोलने की योजना बनाई है। यह विस्तार प्रतिभा को बढ़ावा देने तथा ब्यूटी एवं वैलनैस उद्योग में कुशल पेशेवरों की बढ़ती मांग को पूरा करने की वीएलसीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वीएलसीसी स्कूल ऑफ ब्यूटी, जिसे पहले वीएलसीसी इंस्टीट्यूट के नाम से जाना जाता था, 2001 से भारत में कौशल विकास में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। 100 से अधिक एकेडमियों और 10,000 से अधिक सालाना छात्रों के साथ यह संस्थान भारतीय वैलनैस एवं ब्यूटी उद्योग में कुशल पेशेवरों के निर्माण में सबसे बड़ा योगदान देता है। मेकअप, हेयर, स्किन, नेल्स, एस्थेटिक्स, कॉस्मेटोलोजी एवं न्यूट्रिशन में 100 से अधिक कोर्सेज़ के साथ वीएलसीसी स्कूल ऑफ ब्यूटी भारत का एकमात्र ब्यूटी स्कूल है जो अपने सभी कोर्सेज़ के लिए भारत सरकार का एनएसडीसी कौशल भारत सर्टिफिकेट एवं यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी सर्टिफिकेशन देता है। अपने नए पते और लगातार विस्तार के प्रयासों के साथ वीएलसीसी स्कूल ऑफ ब्यूटी, छात्रों को ब्यूटी उद्योग में ज्ञान एवं कौशल के साथ सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## ज़ोडियाक ने पेश किया 2024 पोसिटानो प्योर लिनेन कलेक्शन

**नई दिल्ली।** लिनेन कपड़ा बुनाई में उपयोग किए जाने वाले सबसे पुराने फाइबर्स में से एक है। सन के पौधे के तने से बुना गया इसे दुनिया के सबसे मजबूत प्राकृतिक फाइबर के




रूप में पहचाना जाता है। लिनेन के कपड़े की बुनाई शरीर में हवा के स्वतंत्र आवागमन को सुनिश्चित करती है, जिससे यह गर्मियों के लिए एक आइडल गारमेंट बन जाता है।

ज़ोडियाक लिनेन का उपयोग करता है, जो फ्रांस के नॉर्मंडी क्षेत्र में उगाए गए सन से बुना जाता है, जो दुनिया में सबसे अच्छी क्वालिटीज में से एक है। इस क्षेत्र की अद्वितीय मिट्टी और जलवायु परिस्थितियों के साथ साथ स्थानीय सन उत्पादकों द्वारा पीढ़िसों से मिली विरासत के परिणामस्वरूप लम्बे, अधिक पतले सन के पौधे मिलते हैं, जिससे बहुत उच्च गुणवत्ता वाले लिनन कपड़े प्राप्त होते हैं। लिनेन शर्ट हर बार धोने और पहनने के साथ अधिक आरामदायक हो जाती है, वास्तव में कृत्रिम, नेचूरली रिंकल्ड केवल आपके ग्रीष्मकालीन लुक की सुंदरता को बढ़ाते है।

2024 पोसिटानो प्योर लिनेन कलेक्शन के बारे में-

इस कलेक्शन का कलर पैलेट इटैलियन रिवेरा पर अमाल्फी तट पर स्थित एक अनूठे शहर पोसिटानो के मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य को दर्शाता है । बेज, गुलाबी, पीले और टेराकोटा के घर, जो पहाड़ियों के किनारे से क्रिस्टल नीले भूमध्यसागरीय पानी तक गिरते हैं।

वे शॉर्ट और लॉन्ग दोनों आस्तीनों में सॉलिड लाइन और चेक की एक विस्तृत रेंज में उपलब्ध हैं और एक बहुत ही सुंदर पहनावे के लिए इसे ज़ोडियाक लिनेन जैकेट, ट्राउजर और बंदगला के साथ एक जोड़ कहा जा सकता है।

# जीई एयरोस्पेस जीई वर्नोवा स्पिन-ऑफ के समापन के बाद एक स्वतंत्र और निवेश-श्रेणी की सार्वजनिक कंपनी के तौर पर लॉन्च हुई

**न्यूयॉर्क।** जीई एयरोस्पेस ने आज जीई वर्नोवा स्पिन-ऑफ के पूरा होने के बाद एक स्वतंत्र सार्वजनिक कंपनी के तौर पर अपने आधिकारिक लॉन्च की घोषणा कर दी है। यह फ्लाइट के भविष्य को परिभाषित करेगी। जीई एयरोस्पेस "GE" टिकर के तहत न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड करेगी। आज 2 अप्रैल, 2024 को सुबह 9:30 बजे ET पर जीई एयरोस्पेस और जीई वर्नोवा NYSE में साथ मिलकर ओपनिंग बेल को बजायेंगे। जीई एयरोस्पेस के चेयरमैन एवं सीईओ एच. लॉरेन्स कल्प जूनियर ने कहा, ''तीन स्वतंत्र सार्वजनिक कंपनियों का सफल लॉन्च पूरा होने पर, आज जीई के कई वर्षों से चल रहे कायाकल्प के ऐतिहासिक अंतिम चरण का समापन हुआ है। मुझे हमारी टीम, उनकी दृढ़ता और समर्पण पर बड़ा गर्व है, जिनके कारण यह निर्णायक पल आया है।'' कल्प ने आगे कहा, ''नवाचार के लिये जीई की विरासत से एक शताब्दी तक सीखते और उसे आगे बढ़ाते हुए, जीई एयरोस्पेस एक मजबूत बैलेंस शीट के साथ आगे बढ़ी है। हम फ्लाइट के भविष्य को जन्म देने, लोगों का उत्थान करने और उन्हें सुरक्षित तरीके से घर पहुँचाने पर ज्यादा केन्द्रित हैं। अपने प्रोप्राइटरी लीन ऑपरेटिंग मॉडल 'फ्लाइट डेक' को आधार बनाकर मुझे विश्वास है कि हम ग्राहकों, कर्मचारियों तथा शेयरधारकों की सेवा अपनी पूर्ण क्षमता से करेंगे।''

जीई एयरोस्पेस के पास दुनियाभर में लगभग 44,000 कमर्शियल इंजन और करीब 26000 मिलिटरी तथा डिफेंस इंजन का इंस्टाल्ड बेस है। इसके साथ जीई एयरोस्पेस को प्रपल्शन, सर्विसेस और सिस्टम्स के एक स्थापित वैश्विक अग्रणी के तौर पर लॉन्च किया गया है। कंपनी ने 2023 में एडजस्टेड रेवेन्यू में लगभग 32 बिलियन डॉलर बनाये थे। इसका 70% धन इंजन आफ्टरमार्केट में सेवाओं तथा मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण संभव हुआ था।

मार्च में कंपनी के इनवेस्टर डे पर जीई एयरोस्पेस ने 2024 के लिये अपने मार्गदर्शन को दोहराया और वित्त के लिये लंबी अवधि की संभावना प्रस्तुत की। इसमें 2028 में लगभग 10 बिलियन डॉलर के परिचालन लाभ की उम्मीद भी शामिल है। इसके अलावा, जीई एयरोस्पेस ने विकास एवं नवाचार में निवेश के लिये पूंजी आवंटन की रूपरेखा साझा की। कंपनी शेयरधारकों को उपलब्ध धनराशि का करीब 70-75% लौटाएगी। जीई एयरोस्पेस का लॉन्च होना जीई के बहुवर्षीय वित्तीय एवं परिचालनगत बदलाव का समापन दिखाता है। पिछले कई वर्षों से जीई अपने व्यवसाय को अच्छी-खासी मजबूती देने के लिये कदम उठा रही है। इसमें 2018 के बाद से 100 बिलियन डॉलर से अधिक ऋण की कटौती शामिल है। इसके साथ ही, ग्राहक की सेवा में लगातार सुधार के स्पष्ट एवं निरंतर प्रयास को पूरी कंपनी में क्रियान्वित किया और अपनाया गया है। इस प्रकार उसकी संस्कृति में एक गहरा और स्थायी बदलाव हुआ है। इस मजबूत बुनियाद ने तीन स्वतंत्र कंपनियों - जीई हेल्थकेयर, जीई वर्नोवा और जीई एयरोस्पेस का सफलतापूर्वक निर्माण करने में सक्षम बनाया है। इनमें से हर कंपनी अबजीईकेनवाचारकेइतिहासके दम पर अच्छी स्थिति में है।

जीई कॉमन स्टॉक के होल्डर्स को उनके पास मौजूद जीई कॉमन स्टॉक के हर चार शेयर पर जीई वर्नोवा कॉमन स्टॉक का एक शेयर मिलेगा। यूनाइटेड स्टेट के संघीय आयकर उद्देश्यों के लिये यूनाइटेड स्टेट्स में जीई के शेयरधारकों के लिये वितरण कर-दक्ष तरीके से हुआ है।

## फिटजी पेश करते हैं डायग्नॉस्टिक कम स्कॉलरशिप टेस्ट, छात्र कर सकेंगे अपने एप्टीट्यूट और सफलता की क्षमता का मूल्यांकन

**प्रयागराज।** जेईई एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भारत के प्रमुख कोचिंग संस्थान फिटजी ने कक्षा 6, 7, 8, 9, 10, 11 और 12 के छात्रों के लिए डायग्नॉस्टिक कम स्कॉलरशिप टेस्ट 'मास्टर्स ऑफ डायग्नोसिस' की घोषणा की है। यह उन छात्रों के लिए बेहतरीन अवसर है जो अपनी अकादमिक क्षमता का मूल्यांकन कर फिटजी की असाधारण दुनिया में प्रवेश पाना चाहते हैं। टेस्ट का संचालन देश भर में 28 अप्रैल 2024 को होगा, यह टेस्ट छात्रों को अपनी अकादमिक क्षमता का लाभ उठाने अवसर प्रदान करेगा

डायग्नॉसिस कम स्कॉलरशिप टेस्ट को छात्रों के मौजूदा ज्ञान एवं क्षमता के मूल्यांकन के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस टेस्ट के मायध्म से छात्र अपनी मौजूदा एवं छिपी अकादमिक क्षमता का मूल्यांकन कर सकेंगे। वे अपने आईक्यू, एनालिटिकल एवं लॉजिकल स्किल्स एवं प्रॉबलम-सॉल्विंग क्षमता की जांच कर सकेंगे, जो विभिन्न प्रतियोगी एवं शैक्षणिक परीक्षाओं में सफलता पाने और जीवन की विभिन्न समस्याओं को हल करने के लिए ज़रूरी है।

मास्टर्स ऑफ डायग्नॉसिस, किसी भी विषय की शिक्षा में समग्र अकादमिक विकास को बढ़ावा देने की फिटजी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जेईई की तैयारी के दायरे से आगे बढ़कर व्यापक मूलयांकन के द्वारा संस्थान छात्रों को विभिन्न अकादमिक क्षेत्रों में सफलता के लिए ज़रूरी ज्ञान एव कौशल के साथ सशक्त बनाने के लिए तत्पर है। छात्रों के समग्र विकास की दिशा में फिटजी के प्रयास उन्हें बेहद प्रतिस्पर्धी एवं चुनौतीपूर्ण माहौल में सफलता हासिल करने के लिए तैयार करते हैं।' श्री आर एल त्रिखा, डायरेक्टर, फिटजी ग्रुप ने कहा।

## कैस्ट्रोल इंडिया ने भारतीय ट्रक चालकों को सशक्त बनाने के लिए गोरखपुर में कैस्ट्रोल सीआरबी टर्बोमैक्स प्रगति की पाठशाला का आयोजन किया



**गोरखपुर।** भारत की प्रमुख स्नेहक निर्माता कैस्ट्रोल इंडिया लिमिटेड ने अपनी उद्देश्य-आधारित पहल, कैस्ट्रोल सीआरबी टर्बोमैक्स प्रगति की पाठशाला के लॉन्च के साथ भारतीय ट्रक ड्राइवरों को सशक्त बनाने के अपने अगले प्रयास की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य उद्यमशीलता के उत्साह को बढ़ावा देना और पूरे भारत में 10,000 से अधिक ट्रक ड्राइवरों को प्रशिक्षित करने के लिए ऑन-ग्राउंड चरण के साथ ट्रक ड्राइवरों की पेशेवर दक्षताओं को बढ़ाना है। गोरखपुर में दो दिनों की ऑन-ग्राउंड पाठशाला के साथ, कैस्ट्रोल सीआरबी टर्बोमैक्स प्रगति की पाठशाला पहल ने व्यावहारिक और इंटरैक्टिव ज्ञान सत्रों के माध्यम से 400 से अधिक ट्रक ड्राइवरों को प्रशिक्षित किया है। कैस्ट्रोल इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री संदीप सांगवान ने कहा, ट्रकिंग समुदाय हमेशा कैस्ट्रोल इंडिया का एक अभिन्न अंग रहा है, और हम परिवर्तनकारी पहल के माध्यम से उनकी सुरक्षा और आजीविका सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इस पहल के साथ, हम चाहते हैं कि ट्रक ड्राइवरों को चालक से मालक बनने के लिए सशक्त और प्रेरित करें। हम गोरखपुर से उत्साहजनक प्रतिक्रिया पाकर रोमांचित हैं, जिसने हमें ट्रकिंग समुदाय की भलाई के लिए भविष्य में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया है। गोरखपुर में पहल के ऑन-साइट शिविर में शहर में ट्रक ड्राइवरों के लिए आकर्षक शैक्षिक और मनोरंजक गतिविधियाँ शामिल थीं। ट्रक ड्राइवरों को चार प्रमुख पहलुओं ड्राइविंग सुरक्षा, ट्रक स्वामित्व, नई तकनीक और व्यावसायिक लाभप्रदता में कौशल बढ़ाने के लिए ज्ञान सत्र आयोजित किए गए थे, जो उन्हें सबढ़तेरहोआगे के लिए सशक्त बनाते हैं। कैस्ट्रोल इंडिया ने ट्रकिंग समुदाय की प्रगति और सफलता के लिए लगातार समर्थन बढ़ाया है जो भारतीय अर्थव्यवस्था के पहियों को आगे बढ़ाने में सहायक है। कैस्ट्रोल सीआरबी टर्बोमैक्स प्रगति की पाठशाला पहल, इसके हालिया मार्केटिंग अभियान सबढ़तेरहोआगे का विस्तार, प्रतिबद्धता को मजबूत करने में मदद करती है।

## मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फ़रीदाबाद के डॉक्टरों ने रीढ़ की हड्डी की बीमारी



**नई दिल्ली।** मारेंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फ़रीदाबाद को रीढ़ की हड्डी से संबंधित काइफ़ोस्कोलियोसिस नामक एक गंभीर बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अपने सहयोग और प्रतिबद्धता की घोषणा करते हुए गौरव का अनुभव हो रहा है। दुनिया भर में लाखों लोग रीढ़ की हड्डी से संबंधित इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं, जिसे देखते हुए ब्रेन एंड स्पाइन सर्जरी विभाग में डॉक्टरों की टीम ने इस बीमारी से पीड़ित लोगों को सही जानकारी देने, उनकी हिमायत करने और सहायता उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। इस टीम की कमान डॉ. तरुण शर्मा, डायरेक्टर एवं एचओडी, के हाथों में है, जिसमें उन्हें डॉ. सचिन गोयल, सीनियर कन्सलटेंट, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल, फ़रीदाबाद का सहयोग प्राप्त है। काइफ़ोस्कोलियोसिस एक गंभीर बीमारी है, जिसमें रीड की हड्डी में दो सतहों का कर्वेचर~ यानी काइफोसिस, जो आगे से पीछे की ओर कर्वेचर है, तथा स्कोलियोसिस जो अगल-बगल की ओर कर्वेचर है, असामान्य हो जाता है। इस बीमारी की वजह से कई तरह की परेशानियां सामने आ सकती हैं, जिसमें कॉस्मेटिक डिफॉर्मिटी (पीठ के ऊपरी हिस्से पर एक कूबड़), चलने-फिरने में कठिनाई, सांस लेने संबंधी समस्याएँ और पुराना दर्द शामिल है। काइफोसिस और स्कोलियोसिस, दोनों एक साथ होने पर काइफ़ोस्कोलियोसिस की समस्या उत्पन्न होती है। यह बीमारी मामूली से लेकर गंभीर तक हो सकती है, जिसमें पीठ दर्द, सांस लेने में तकलीफ, चलने-फिरने में कठिनाई जैसे कई तरह के लक्षण दिखाई दे सकते हैं। गंभीर मामलों में, इस बीमारी से चेस्ट कैविटी में सिकुड़न की वजह से शरीर के अंगों के कामकाज पर बुरा असर पड़ सकता है।

# अनमोल इंडस्ट्रीज ने अयोध्या में रामनवमी के अवसर पर नया अभियान अनमोल रामोत्सव शुरू किया

**अयोध्या।** अनमोल इंडस्ट्रीज लिमिटेड (अनमोल इंडस्ट्रीज), एक प्रमुख पैकेज्ड फूड कंपनी, ने अयोध्या में आगामी राम नवमी के अवसर पर नया अभियान, अनमोल रामोत्सव सउड़ानभरो शुरू किया है क्योंकि शहर राम मंदिर के अभिषेक के बाद पहला नवरात्रि मना रहा है। सभी माताओं/गृहिणियों को समर्पित, इस अभियान का उद्देश्य परिवार और घर की देखभाल करते हुए खुद को, अपने स्वास्थ्य और सपनों को पीछे रखने की उनकी प्रवृत्ति पर प्रकाश डालना है।




अनमोल इंडस्ट्रीज इस भावनात्मक अभियान के माध्यम से समाज के महिलाओं को अपनी क्षमता को पहचानने और मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और कौशल बढ़ाने के माध्यम से अपने सपनों को पूरा करने का संदेश दे रही है।

अभियान की शुरुआत करते हुए अनमोल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के एग्जक्युटिव डाइरेक्टर श्री अमन चौधरी ने कहा, अनमोल इंडस्ट्रीज में, हम मानते हैं कि सच्ची महिला सशक्तिकरण महिलाओं को सभी पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर अपना जीवन जीने के लिए प्रेरित करने में निहित है। यह उन्हें बिना किसी सीमा के अपने सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम बनाता है। बिस्कुट, केक और कुकीज़ में विशेषज्ञता रखने वाली एक कंपनी के रूप में, हम महिलाओं को आत्म-पूर्ति और स्वतंत्रता की ओर उनकी यात्रा में समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

यह हमारे अभियान के माध्यम से है कि हम महिलाओं को बाधाओं को तोड़ने और अपनी पूरी क्षमता हासिल करने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं।

# मोदी सरकार ने भारत की साख दुनिया में बनाई : केशव मौर्य

अवधनामा ब्यूरो



सम्मेलन को संबोधित करते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

**कुशीनगर।** सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2014 के पहले देश में कांग्रेस की सरकार थी और सुपर पीएम के रूप में राहुल गांधी सरकार चला रहे थे। उस दौरान देश भर में 12 लाख करोड़ का महाघोटाला हुआ था। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में 2017 के पहले अखिलेश यादव की सरकार गुंडों व भू-माफिया को बढ़ावा दे रही थी। उस दौरान नारा बोला जाता था, जिस गाड़ी में सपा का झंडा है, उसमें बैठा गुंडा है।

डिप्टी सीएम पडरौना में आयोजित सोशल मीडिया लोकसभा वालंटियर्स सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने भारत की साख दुनिया भर में बनाई है। सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ देश के हर वर्ग का विकास हो रहा है। मोदी की गारंटी है कि अगले पांच वर्षो तक गरीब परिवारों को मुफ्त राशन मिलता रहेगा। मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार ने मोदी के नेतृत्व में धारा 370, राम मंदिर का निर्माण के साथ ही समान नागरिक संहिता का नीव रखा है। भाजपा के सोशल मीडिया योद्धा में पार्टी की जीत के लिए जोश भरते व इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि कि विपक्षी उम्मीदवार की जमानत जब्त हो जाएगी। मौर्य ने कहा कि जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने थे उस समय भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया के 11वें नंबर पर थी। आज भारत विश्व की पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुका है। अबकी बार जब आप कमल का बटन दबाएंगे, यही भारत को दुनिया में तीसरी अर्थव्यवस्था

**सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ देश के हर वर्ग का विकास हो रहा है**

बनाने की गारंटी होगी। तीसरी बार मोदी के पीएम बनने का मतलब विकसित भारत की गारंटी है।उन्होंने कहा कि इस बार 400 पार के मिशन में कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र का सबसे बड़ा योगदान होगा।

सम्मेलन को क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, सांसद विजय कुमार दूबे, जिला प्रभारी शकुंतला चौहान, लोकसभा प्रभारी नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, सदर विधायक मनीष जायसवाल, कुशीनगर विधायक पी एन पाठक, हाटा विधायक मोहन वर्मा ने भी सम्बोधित किया। जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया तथा संचालन लोकसभा संयोजक अवधेश प्रताप सिंह ने किया।

## देवी मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु मां कालरात्रि की हुई पूजा

**अमेठी।** वासंतिक नवरात्र के सातवें दिन सोमवार को जिले के विभिन्न देवी मंदिरों में मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई। वही गृहस्थों ने भी घट स्थापना और देवी अनुष्ठान के तहत मां कालरात्रि की आराधना की। मां दुर्गा की सातवीं शक्ति के रूप में कालरात्रि की पूजा अर्चना की जाती है। इनकी उपासना से भक्तों का कल्याण होता है मां कालरात्रि को यंत्र मंत्र और तंत्र की भी देवी कहा जाता है।यह शुभंकरी देवी हैं। पुराणों में कहा गया है कि रक्तबीज का वध करने के लिए देवी दुर्गा ने अपने तेज से कालरात्रि को उत्पन्न किया था। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है सिर के बाल बिखरे हुए हैं गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। इनके तीन नेत्र हैं जो ब्रह्मांड के सदृश गोल है। इनका वाहन गर्दभ है यह दाहिने हाथ की वर मुद्रा से सभी को वर प्रदान करती है नीचे वाला हाथ अभय मुद्रा में है। बाई की तरफ से ऊपर वाले हाथ में लोहे का कांटा तथा नीचे वाले हाथ में खडग धारण किए हुए हैं। इनकी उपासना से प्राणी सर्वथा भय मुक्त हो जाता है।

# क्रॉप कटिंग के जरिए रबी फसल की उत्पादकता का होता है आकलन : डीएम

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** सोमवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के देखरेख में सदर तहसील पडरौना के राजस्व ग्राम सौहरौना में किसान सब्बीर अहमद पुत्र निसार के खेत में रबी फसल गेहूं की उत्पादकता का वास्तविक स्थिति का आकलन करने हेतु क्रॉप कटिंग की कार्यवाही संपन्न हुई।

इस दौरान मौके पर संबंधित कर्मचारियों द्वारा विभाग द्वारा उपलब्ध रैंडमली नंबर के पश्चात चयनित गाटा संख्या के माध्यम से ग्राम के एक खेत में समबाहु त्रिभुज के प्रति 10 मीटर भुजा वाले क्षेत्र के अंतर्गत रबी फसल गेहूं की कटाई हुई और कटाई छंटाई के बाद गेहूं का वजन 17.050 किलो ग्राम प्राप्त किया गया। जिलाधिकारी ने वहां मौजूद किसानों से संवाद किया और अपने नजदीक के क्रय केंद्र पर गेहूं बेचने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सही आंकड़े शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए, जिससे वास्तविक आंकड़े ही परिलक्षित हो। वहां उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व परिषद द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार शेष सभी चयनित रैंडम नंबर के गाटाओं को क्रॉप कटिंग की कार्यवाही संपन्न कर विभाग को शीघ्र रिपोर्ट प्रेषित करें। गौरतलब है कि क्रॉप कटिंग या फसल कटाई के प्रयोग द्वारा फसल की औसत पैदावार निकाली जाती है। क्रॉप कटिंग के आधार पर ही जनपद के कृषि उत्पादन के आंकड़े तैयार करके शासन को भेजे जाते हैं। क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर फसल बीमा धारक को नुकसान का मुआवजा दिया जाता है। कृषि विभाग जनपद के समस्त क्षेत्रों के क्रॉप कटिंग आंकड़ों का औसत निकाल कर शासन को भेजता है। इसके आधार पर ही जनपद में विभिन्न फसलों की प्रति हेक्टेयर उत्पादकता का निर्धारण किया जाता है। इस दौरान सांख्यिकीय विभाग के अधिकारी ओम प्रकाश दुबे, राजस्व निरीक्षक छेदी प्रसाद, लेखपाल अग्निवेश पांडे, गजेंद्र सिंह सहित अन्य संबधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दलितों के मसीहा थे बाबा साहेब अंबेडकर : नवरंग सिंह



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** भारतीय संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष व भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर नगर अध्यक्ष नवरंग सिंह ने बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके बाद नगर में प्रभात फेरी निकाली गई तथा इनके बताए मार्ग पर चलने लोगों ने संकल्प लिया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष नवरंग सिंह ने कहा कि भारत के सर्वसमावेशी संविधान के शिल्पकार, उत्कृष्ट विधिवेत्ता, अशक्त, शोषित, वंचित व दलित समाज के प्रखर स्वर रहे बाबा साहब भारतीय संविधान की आत्मा हैं। वे खासकर वंचितों व दलितों के मसीहा थे। बाबा साहेब के संविधान की दूर दृष्टि के कारण ही आज समाज का हर व्यक्ति एकसूत्र में बंधा हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि बाबा साहब के संविधान को समय समय पर वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप मजबूती प्रदान करने के लिए उन्होंने पीएम मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से सभासद दिनेश राव, मंडल अध्यक्ष मथौली अदालत प्रसाद, प्रिंस जायसवाल, मनीष सिंह, रविंद्र सैनी, राकेश उर्फ भोला यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## निर्वाचन प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाना है

**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के एक महत्वपूर्ण फैसले के तहत आपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना तीन बार सार्वजनिक करना अनिवार्य होगा। इस निर्णय का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाना है और मतदाताओं को उम्मीदवारों की वास्तविक जानकारी प्रदान करना है। यह निर्वाचन प्रक्रिया के सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम है। चुनाव प्रचार के दौरान समय-समय पर मतदाताओं की जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना को सार्वजनिक करने के लिए समयसीमा निर्धारित की गई है जो नाम वापसी के अंतिम दिवस के बाद से प्रारम्भ होकर मतदान के 48 घंटे पूर्व तक तीन चरणों में प्रकाशित प्रसारित कराया जाना है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में आपराधिक छवि वाले प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना को तीन बार सार्वजनिक करने की प्रक्रिया का पालन करना होगा।

# बगैर प्रलोभन या लालच के देश एवं समाजहित में शत प्रतिशत मतदान करे : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** सदर तहसील प्रांगण से मतदाता जागरूकता वैन को निकाल कर लोगों को बगैर प्रलोभन या लालच के देश एवं समाजहित में शत प्रतिशत मतदान करने के साथ ही अन्य को भी मतदान हेतु प्रेरित करने का संदेश दिया।

मतदाता जागरूकता वैन को तहसील परिसर से निकलकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए ब्लाक मुख्यालय सहित अन्य जगहों पर पहुंचा मतदाता जागरूकता वैन गांव गांव जाकर हर मतदाता को जागरूक करने का काम करते जिससे हर मतदाता 1 जून को अपने घर से निकलकर मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान करने का काम करेगा। इस मतदाता जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ने कहाकि आप सभी देश व समाजहित में शत प्रतिशत मतदान करें गोरखपुर में 1 जून को होने वाले मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करके मतदान प्रतिशत को बढ़ाने का काम करें मतदाता जागरूकता वैन सदर लोकसभा के सदर विधानसभा ग्रामीण विधानसभा पिपराइच विधानसभा कैंपियरगंज आंशिक के विधानसभा में पहुंचकर हर मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य करेगी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर ने इसके साथ ही अपने आस मतदाता जागरूकता वैन जहां सबसे कम मतदान पड़ा था पिछले चुनाव में वहां मतदाता बन पहले पहुंचेगी पड़ोस के लोगों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। लोगों से अपील किया कि वे किसी भी प्रकार के प्रलोभन या लालच में न आये।देश एवं समाजहित में निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करें।यदि कोई प्रत्याशी या पार्टी किसी प्रकार का जोर जबरदस्ती करती है तो उसकी सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन को दें। ऐसे युवा जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया वे अपना नाम मतदाता सूची में निर्धारित प्रारूप को पूर्ण कर 6 मई तक दर्ज करा लें। जिससे लोकतंत्र में अपनी सहभागिता दें सकें। आप सभी भारत के भावी निर्माता है।

# बाबा साहब ने समाज के सभी तबकों को बराबर का अधिकार दिया : अकमल



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर में बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करने के दौरान मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान अकमल हुसैन ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान की रचना में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने संविधान में समाज के सभी तबकों को बराबर का अधिकार दिया। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर एक महान विद्वान, समाज सुधारक और दलितों के मसीहा थे। उनके द्वारा वैसे तो समाज सुधारक अभियान चलाया गया व स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि मंत्री भी बने थे। उन्हें संविधान निर्माता का जनक कहा गया है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का जीवन संघर्ष और सफलता की ऐसी अद्भुत मिसाल है, जो शायद ही कहीं और देखने को मिले। उन्होंने शोषित एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया और शोषित और पिछड़ों की शिक्षा और उन्नाति के लिए हर संभव प्रयास करते रहे। इस रामदरस प्रसाद, इस्तेयाक खान, अल्फाज, मौके पर तमाम लोग मौजूद रहे।

## मतगणना के दिन बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**अमेठी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान एवं मतगणना के दिन मद्यनिषेध घोषित किए जाने के संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी निशा अनंत ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व 1951 की धारा 135 (ग) के खंड-1 में यथा उपबंधित प्राविधान के अनुसार स्वतंत्र शांतिपूर्ण और निर्विघ्न निर्वाचन के संचालन हेतु शांति व्यवस्था के दृष्टिगत मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना दिवस 04 जून 2024 को जनपद अमेठी में ड्राई डे घोषित किया जाता है।उक्त अवधि में जनपद की समस्त आबकारी दुकानें (देसी मदिरा विदेशी मदिरा बियर मॉडलशाप भांग ताड़ी एवं एफ0एफ0-16/17 की फुटकर बिक्री की दुकानें तथा देशी विदेशी मदिरा एवं बियर की थोक दुकानें) बंद रहेंगी। उक्त अवधि में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के मादक पदार्थो की मात्रा का ना तो संचय करेगा ना ही वितरण करेगा और ना ही लेकर चलेगा।

# डीएम ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत आज सदर विधानसभा क्षेत्र के 15 मतदान केंद्रों में स्थापित 68 बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयार करने के संबन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने मतदाताओं को आमंत्रित करते हुए पाती भी सौंपी। जिलाधिकारी ने कहा कि कम मतदान वाले बूथों पर बुलावा टोली के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने समस्त बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदान से कम से कम 5 दिन पूर्व सभी मतदाताओं को मतदाता पर्ची व वोटर गाइड उपलब्ध कराई जाए। मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप से भी अपने मतदान केंद्र के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। डीएम ने कहा कि गर्मी के दृष्टिगत सभी मतदान केंद्रों पर विशेष इंतजाम किए जाएंगे। सभी मतदान केंद्रों पर लू हेल्प डेस्क की स्थापना की जाएगी, जहां स्वास्थ्य कर्मी आवश्यक उपकरण के साथ मौजूद रहेंगे। इसके अतिरिक्त नींबू पानी, शीतल पेयजल इत्यादि की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। मतदाताओं को लोकतंत्र के उत्सव में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने महाराजा अग्रसेन बालिका इंटर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, कालिंदी शिक्षण संस्थान खरजरवा, दयानन्द उच्च माध्यमिक विद्यालय लच्छीपुर, होली एंजल पब्लिक स्कूल, दीनानाथ पांडेय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इंदिरा गांधी पूर्व माध्यमिक विद्यालय रामनाथ देवरिया, प्राथमिक विद्यालय परसिया मिस्कारी, संजय गांधी उच्च प्राथमिक विद्यालय भटवलिया रहित विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों में रैंप, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, पंखा, प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर, चार्जिंग पॉइंट इत्यादि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मतदान केंद्रों को इस तरह बनाया जाए जिससे मतदाताओं के साथ-साथ मतदान कार्मिकों को भी उत्सव का अनुभव हो। दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो यह सुनिश्चित किया जाए।

# छात्रों एवं अभिभावकों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल के नेतृत्व में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत आज देवरिया सदर विधान सभा के मुकुंदपुर ग्राम सभा में प्राथमिक विद्यालय मुकुंदपुर के छात्र-छात्राओं के बीच मतदान संबंधित स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने मतदान संबंधित पेंटिंग और पोस्टर बनाकर लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया। कार्यक्रम के संयोजक शशांक मिश्र ने कहा कि यह सभी स्लोगन एवं पोस्ट छात्र-छात्राएं अपने घर के बाहर दीवारों पर चिपकाएंगे जिससे कि ग्राम वासी 1 जून को मतदान के लिए जागरुक एवं प्रेरित होंगे। प्रतियोगिता में कक्षा-5 की रुखसार प्रथम, कक्षा-5 की समा द्वितीय और कक्षा-4 की सेहरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मनीषा कुशवाहा,ऋतु मिश्रा, कंचनलता, शबाना, वागीश, नूतन, राधा व कहकशा तसनीम उपस्थित रहे। महिला मतदाताओं की जगरुकता हेतु बैतालपुर ब्लॉक के जगदीशपुर ग्राम सभा में प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर की प्रधानाध्यापिका अर्चना सिंह एवं सहायक अध्यापिका अनीता प्रजापति ने जनसंपर्क कर ग्राम वासियों को मतदान हेतु प्रेरित किया। अर्चना सिंह ने गांव की महिलाओं से संपर्क कर कहा कि लोकतंत्र में सभी के मत की कीमत बराबर है।

## साहित्य जगत में पद्य का स्थान सर्वोपरि



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** स्वामी परमहंस आश्रम टीकरमाफी में रविवार शाम कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमे कवियों ने सुंदर रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को गुदगुदाया। आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी हरि चैतन्य ब्रम्हचारी महाराज ने कहा हिंदी साहित्य जगत में पद्य का स्थान सर्वोपरि रहा है। अपनी भावनाओं को आम जनमानस तक सहज और सरल तरीके से पहुंचाने का यह सबसे शसक्त माध्यम है। कवियों ने अपने गीत कविता के माध्यम से लोगों के हृदय पर राज किया है। कवि सम्मेलन का शुभारंभ स्वामी परमहंस जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कवि सुरेश शुक्ल नवीन ने वाणी वंदना की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ छंदकार कवि राम किशोर तिवारी ने किया। लखनऊ से आए कवि प्रख्यात मिश्रा के गीतों ने खूब समां बांधा। कार्यक्रम के आयोजक अवधेश नारायण पाण्डेय ने अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते आभार व्यक्त किया।

## छात्राओं ने मतदाताओं को किया जागरूक



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज के निर्देश पर विकासखंड जामों के आर एस पब्लिक स्कूल में सोमवार को विशेष रूप से मतदाता जागरूकता के अंतर्गत छात्राओं द्वारा सेल्फी प्वाइंट बनाकर सभी को जागरूक करने का सन्देश दिया गया। जिसमें आर्या सिंह सुप्रिया सिंह और खुशबू शुक्ला ने अपने हाथों से सेल्फी प्वाइंट बनाया। मेहंदी प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम गुंजन द्वितीय महक तृतीय स्थान सृष्टि ने प्राप्त किया। चित्रकला में प्रथम अनुष्का सिंह द्वितीय गीता सिंह एवं तृतीय स्थान अंशू ने प्राप्त किया। रंगोली में प्रथम स्थान शिखा के ग्रुप ने द्वितीय स्थान मानवी के ग्रुप ने व तृतीय स्थान सृष्टि के ग्रुप ने प्राप्त किया।सभी प्रतिभागियों को स्कूल प्रबंधक के के त्रिपाठी व जिला संयोजक एनवाईके राघवेंद्र प्रताप सिंह कार्यक्रम संयोजक अजीत सिंह ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## कलश यात्रा का हुआ जगह-जगह स्वागत

**भेटुआ (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के पूरे मंधार दूबे टिकरी में मंगलवार से शुरू होने जा रहे श्रीमद्भागवत कथा के उपलक्ष्य में सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकली जिसमे लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया।कलश यात्रा का स्वागत करते हुए जगह जगह श्रद्धालुओ और दर्शकों ने पुष्प वर्षा भी की। यात्रा के दौरान स्थानीय मंदिरों पर कलश यात्रा का पूजन भी हुआ। आयोजक संतोष दूबे ने बताया कि कलश यात्रा कथा स्थल से निकलकर टिकरी चौराहा होते हुए पीपरपुर स्थित बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ धाम टिकरी स्थित मां दुर्गन देवी धाम शिव कुटी स्थित मां काली धाम बाबा राम शाह मंदिर मां जालपा मंदिर होते हुए पुनः स्थल पर पहुंची।कथा वाचक मां कालिका धाम पीठाधीश्वर श्री महाराज का भी श्रद्धालुओ ने स्वागत किया। कलश यात्रा में यजमान कृष्ण चंद्र दूबे अशोक दूबे राकेश सुरेश सुभाष मनोज दूबे आदि शामिल रहे।वहीं बंदोईयां गांव में भी आज से शुरू होने वाली श्रीमद्भागवत कथा के उपलक्ष्य में कलश यात्रा निकाली गई।

# आबान ने रखा मुकद्दस माह ए रमजान का पूरा रोजा

अवधनामा संवाददाता



**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर निवासी डॉ जमीरुद्दीन का दस वर्षीय बेटा मो. आबान ने मुकद्दस माह ए रमजान का पूरा रोजा रख अपने ईमान को मजबूत बनाया। आबान इस उम्र में एक माह तक भूखे, प्यासे रहकर रोजा तो रखा लेकिन दूसरे बच्चों को भी अगले वर्ष आने वाले रमजान के महीने में रोजा रखने की अपील किया।

आबाओं अजदाद के नक्से कदम पर चलने की कोशिश में दस वर्षीय मो. आबान ने रमजान माह का पूरा रोजा रखा। बता दें कि इस्लाम धर्म में रमजान का महीना हर महीनो से अफजल है। इस माह में हर कोई बुराइयों से बचने, नेक रास्ते पर चलने व अल्लाह का जिक्र करने में लगा रहता है। रमजान का महीना आते ही सबके दिलों में ईमान की रोशनी पैदा हो जाती है। रोजा रखने, नमाज पढ़ने व अल्लाह का जिक्र करने में छोटा बड़ा सब कोई मशगूल रहता है। आबान के बड़े पापा व लक्ष्मीपुर के प्रधान अकमल हुसैन ने बताया कि दस साल की उम्र में आबान पवित्र माह ए रमजान का दूसरे साल भी पूरा रोजा रखा है। इतनी भीषण गर्मी में पूरा रोजा रखना अल्लाह की मर्जी थी नही तो बड़े बड़े लोग रोजा रखने से दूरी बना लिए। बता दें कि इस्लाम धर्म में 8 साल के बच्चे पर नमाज व रोजा फर्ज है। इसको आबान ने पूरे एहतराम के साथ रखा।

## अलग अलग विवाद में आठ नामजद और अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के तेनुहारी निवासी धनश्याम शुक्ल पुत्र शत्रुघ्न शुक्ल गांव के कोटेदार है। रविवार को गांव के पुरुषोत्तम शुक्ल राशन लेने आए थे। अंगूठा लगाने के बाद राशन दे रहा था। तो दूसरे जानते से तौल कर राशन डिनेकी बात करने लगे। जिसका विरोध किया तो चार की संख्या में आरोपी जुटे और मार पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पुरुषोत्तम शुक्ल, श्रीराम शुक्ल, सुजीत उर्फ भरत, शिवम शुक्ल के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। गीडा थाना क्षेत्र के हरैया निवासी मेहदी हसन पुत्र इकबाल जिनका नौसढ में दुकान है।शनिवार साढ़े सात बजे भाई मकसूद अहमद दुकान बंद कर घर आ रहे थे। करीब एक दर्जन की संख्या में मनबढ घेर कर रॉड और बेल्ट से पीटकर घायल कर दिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर राहुल निषाद, संतोष, सूरज, विशाल, 5 से 6 की संख्या में अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# राजस्व निरीक्षक तीन लेखपाल समेत 15 पर दर्ज होगा मुकदमा

अवधनामा संवाददाता




**देवरिया।** देवरिया जिले के ग्राम सभा में राजस्व निरीक्षक और लेखपाल के सहयोग से कुछ लोग खलिहान की भूमि पर अतिक्रमण कर अस्थाई निर्माण कर रहे थे ग्राम प्रधान ने जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके ऊपर हमला बोल दिया और पंचायत भवन में तोड़फोड़ की ग्राम प्रधान की शिकायत पर सीजेएम कोर्ट ने भटनी पुलिस को राजस्व निरीक्षक और तीन लेखपालों समेत 15 लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है

जिले के भटनी थाना क्षेत्र के सिसवा ग्राम निवासी चंचल शुक्ला पुत्र मारकंण्डे शुक्ला निर्वाचित प्रधान है गांव के कुछ लोग खलियान और पंचायत भवन की भूमि पर अवैध कब्जा करके स्थाई निर्माण कर रहे थे ग्राम प्रधान चंचल शुक्ला ने जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने निर्माण रुकवा दिया 17 जुलाई 2023 की रात में आरोपियों द्वारा पुनः अवध कब्जा कर निर्माण कराए जाने लगा तो ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों के सहयोग से निर्माण रुकवा दिया 19 जुलाई को बिना किसी आदेश के हलका लेखपाल पवन सिंह राजस्व निरीक्षक अशोक तथा लेखपाल श्रीप्रकाश यादव और हरीश भारती विवादित स्थल पर पहुंचे और गांव के अजित गौड से उलझ गए बात-बात में ही उसे मार पीट कर घायल कर दिया स्थानीय लोगों द्वारा मामला शांत कराए जाने के बाद भूमि की पैमाई शुरू हुई। ग्राम प्रधान चंचल शुक्ला ने लेखपाल और राजस्व निरीक्षक द्वारा गलत पैमाइश कर खलियान और पंचायत की भूमि पर कब्जा कराए जाने और मारपीट के विरुद्ध सीजेएम कोर्ट में न्याय के लिए गुहार लगाई थी सीजेएम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए भटनी पुलिस को सिसवा गांव के हल्का लेखपाल पवन कुमार सिंह लेखपाल श्रीप्रकाश यादव लेखपाल हरीश भारती राजस्व निरीक्षक अशोक तथा योगेंद्र सचिन और गुलाब आदि के विरुद्ध मारपीट बलवा तोड़फोड़ और लूट का मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

# डीएम ने इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ई-डिस्ट्रिक कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल तथा व्यय नियंत्रण कक्ष (इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम) का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने आकस्मिक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान डीएम मोनिका रानी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण का जायजा लेते हुए निर्देश दिया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के स्तर से प्राप्त संदर्भो व मेरे एवं अन्य स्तरों से प्राप्त संदर्भो को पंजिका में अलग-अलग अंकित किया जाय। उन्होनें यह भी निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्धत्ता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण भी सुनिश्चित कराया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के स्तर से प्राप्त संदर्भो के निस्तारण की आख्या मुख्य राजस्व अधिकारी के माध्यम से प्रेषित की जाय।

उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन कन्ट्रोल रूम में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बलहा हेतु स्थापित दूरभाष नम्बर का नम्बर 05252-297831, नानपारा का 05252-297832, मटेरा का 05252-297833, महसी का 05252-297834, बहराइच का 05252-297835, पयागपुर का 05252-297836 तथा कैसरगंज का दूरभाष नम्बर 05252-297837 है। इसके अलावा कन्ट्रोल रूम का टोल फ्री नम्बर 1950 है। डीएम ने बताया कि कन्ट्रोल में स्थापित दूरभाष नम्बरों पर आम जनमानस आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन अथवा निर्वाचन से सम्बन्धित अपनी अन्य शिकायतें दर्ज करा सकते है अथवा जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कन्ट्रोल रूम/मुख्य राजस्व अधिकारी डॉ देवेन्द्र पाल सिंह मौजूद रहे।

## अवध में सीएम योगी को घेरने में जुटा इंडिया गठबंधन

**सुलतानपुर।** सपा कांग्रेस के गठबंधन में समाजवादी पार्टी के खाते में गई सुलतानपुर सीट पर अचानक पार्टी ने नया उम्मीदवार घोषित कर सबको चौका दिया है। 2014 के लोकसभा चुनाव में गोरखपुर संसदीय सीट से सीएम योगी आदित्यनाथ का मुकाबला करने वाले पूर्व मत्स्य राज्यमंत्री राम भुआल निषाद को उम्मीदवार घोषित कर अवध में सीएम योगी को घेरने की कोशिश की है। लोकसभा चुनाव में पहले घोषित प्रत्याशी भीम निषाद के जनसंपर्क के दौरान निषाद समाज के मिल रहे समर्थन पर सर्वे कराकर सपा ने बसपा द्वारा पिछड़ा वर्ग का प्रत्याशी घोषित किए जाने के चंद घंटे बाद ही प्रत्याशी बदलकर पार्टी ने चुनावी युद्ध को रोचक बना दिया है। डेढ़ दर्जन से अधिक गंभीर आपराधिक मामलों से घिरे प्रत्याशी राम भुआल निषाद का लंबा राजनीतिक कैरियर रहा है।

# एक दिवसीय शैक्षिक कार्यक्रम सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** राणा प्रताप पी जी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा एक दिवसीय शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ अभय सिंह ने मां सरस्वती को पुष्प अर्पित किए एवं छात्रा कोमल ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।कार्यक्रम के प्रथम सत्र में छात्र-छात्राओं को लघु शोध और कार्य परियोजना पर डॉक्टर मंजू ठाकुर एवं डॉ आलोक पांडे के द्वारा व्याख्यान दिया गया डॉ मंजू ठाकुर ने लघु शोध के संदर्भ में छात्र-छात्राओं को बताया की किस प्रकार लघु शोध को लिखते समय प्रस्तावना, संदर्भ ग्रंथ,उद्देश्य, शोध समस्या आदि का महत्वपूर्ण



स्थान होता है। डॉ आलोक पांडे ने शोध संसार किस प्रकार लिखा जाता है उसे संदर्भ में व्यवस्थित रूप से छात्र-छात्राओं को बताया साथ ही साथ किन बिंदुओं को मध्य नजर रखकर शोध सार लिखना है इस पर भी विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की।शैक्षिक कार्यक्रम के दूसरे सत्र में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्नातक एवं परास्नातक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया ।डॉ मंजू ठाकुर ,डॉक्टर आलोक पाण्डेय एवं डॉ अंजना सिंह ने विभिन्न कक्षाओं के सिलेबस से संबंधित प्रश्न पूछे, छात्र-छात्राओं ने बढ़-कर कर पूर्ण उत्सुकता से कार्यक्रम में हिस्सा लिय। परास्नातक की छात्रा आभा शुक्ला ने क्विज कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया, बी ए तृतीय वर्ष के छात्र दीपांशु मौर्य ने दूसरा स्थान प्राप्त किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विभाग अध्यक्ष डॉ अभय सिंह ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया ।अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ अभय सिंह ने बताया की लघु शोध एवं कार्य परियोजना नई शिक्षा नीति में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह दोनों ही कार्य जहां व्यवहारिक ज्ञान देते हैं वही साथ ही साथ हमें भविष्य में शोध किस प्रकार से करना है इसके लिए भी तैयार करते हैं। कार्यक्रम का संचालन छात्र सत्यम चौरसिया एवं अक्षत शुक्ला ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### नामांकन के लिए निर्धारित किया गया स्थान

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में इस जनपद के 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामनिर्देशन-पत्र प्राप्त करने से लेकर अभ्यर्थिता वापस लेने तक की कार्यवाही सम्पन्न करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर बहराइच स्थित कक्ष संख्या-02 न्यायालय कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट बहराइच नियत स्थल होगा। यह जानकारी 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर /जिलाधिकारी बहराइच मोनिका रानी ने दी है।

### जिला निर्वाचन कार्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण



**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिला निर्वाचन कार्यालय बहराइच का निरीक्षण कर कार्यालय परिसर में संचालित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के विधानसभावार पृथकीकरण कार्य का जायज़ा लेते हुए मौके पर मौजूद उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए ईवीएम मशीनों के पृथकीकरण कार्य को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार समय से सम्पन्न कराया जाय। डीएम ने वेयर हाउस में रखे गये ईवीएम मशीनों के रख-रखाव का भी जायजा लिया।

### डीएम ने सौंपा रू. 46.375 लाख का चेक



**बहराइच।** निवासी ग्राम फखरपुर, तहसील कैसरगंज, जिला बहराइच निवासी अय्यूब की सउदी अरब में मृत्यु हो जाने के फलस्वरूप भारतीय मुख्य कौंसलावास, जद्दा (सऊदी अरब) के पत्र के क्रम में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में मृतक के आश्रित माता श्रीमती नूरून्निशां व पिता अनवर अली निवासी फखरपुर तहसील कैसरगंज जिला बहराइच को रू. 46,37,529=00 (रू. छियालिस लाख सैतीस हजार पांच सौ उन्तीस मात्र) की धनराशि का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

### माइक्रोआब्ज़र्वर का प्रथम रैण्डमाइज़ेशन सम्पन्न




**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से नियुक्त किए गये माइक्रोआब्ज़र्वर का प्रथम रेण्डमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी की उपस्थितिम में सूचना विज्ञान केन्द्र (एनआईसी) में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए राज कुमार, उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव, सहायक संदीप द्विवेदी व आई.टी. टीम के सदस्य मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नियुक्त किये गये माइक्रोआब्ज़र्वर का प्रशिक्षण 22 अप्रैल 2024 को किसान पी.जी. कालेज में अपरान्ह 03 से 05 बजे तक सम्पन्न होगा।

### सुरम्य संगीत शिक्षण संस्थान केंद्र की हुई स्थापना



**सुलतानपुर।** नगर में स्थित वैष्णो नगर गभडिया में संगीत को उच्चतर बढ़ावा देने के लिए छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए नवागत केंद्र की स्थापना की गई है। केंद्र व्यवस्थापिका रोली श्रीवास्तव ने बताया कि नवरात्रि के शुभ अवसर पर शनिवार को पंडित शीतल पांडे के द्वारा पूजा अर्चना करते हुए संगीत में छात्राओं के सहयोग से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया ।केंद्र व्यवस्थापिका रोली श्रीवास्तव ने कहा संगीत शिक्षा जन जन तक पहुंचे ।इसके लिए अथक प्रयास के द्वारा नवागत केंद्र की स्थापना निज निवास वैष्णव नगर गभडिया में स्थापित की गई है । जिसमें गायन के क्षेत्र में शास्त्रीय संगीत ,लोक संगीत सुगम संगीत वादन में तबला ढोलक गिटार डांस में कत्थक का प्रशिक्षण स्वयं 4:00 बजे से 6:00 बजे तक सप्ताह में तीन दिन मंगलवार बृहस्पतिवार शनिवार को दिया जाएगा ।

### मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन संपन्न



**सुल्तानपुर।** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान, सुल्तानपुर के वाणिज्य विभाग द्वारा दिन सोमवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को प्रोफेसर जयशंकर शुक्ल द्वारा एक वोट की कीमत पर प्रकाश डालते हुए मतदान हेतु प्रेरित किया गया। प्रोफेसर शुक्ल द्वारा लोकतंत्र की सार्थकता हेतु मतदान को उत्सव के रूप में मनाने की सलाह दी गई। डॉ वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा छात्र-छात्राओं को स्वच्छ मतदान हेतु शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम का संचालन मिस्टर अनन्त रत्न सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष मिस्टर जगराम, डॉ राशिद अली, डॉ गोमती प्रसाद राय, डॉ ऋषिकेश पांडेय, दृष्टि जायसवाल एवं लवकुश यादव उपस्थित रहे।

## 60 प्रतिशत के पार मतदान के लक्ष्य के साथ होगा मानव श्रृंखला का निर्माण

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर 16 अप्रैल 2024 को प्रातः 08:00 बजे से श्रीमरीमाता मन्दिर के प्रवेश द्वार से देहात कोतवाली गेट तक विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण कर जन-जन को मतदान के लिए जागरूक किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने समाज के सभी वर्गो के स्त्री, पुरूष व युवाओं, विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं, प्रबुद्धजन, मीडिया कर्मी, गैर सरकारी व स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों, खिलाड़ियो, दिव्यांगजन, नवीन व बुजुर्ग मतदाताओं, जिले के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में मानव श्रृंखला में प्रतिभाग कर आयोजन को सफल बनायें।

# हाथी और साइकिल के चक्रव्यूह में फंसा कमल

**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** दो बार से लगातार सुलतानपुर से विजय प्राप्त कर रही भाजपा को इस बार विपक्ष ने 'चक्रव्यूह' में उलझा करके मेनका गांधी के संसद पहुंचने की राहें मुश्किल कर दी हैं। वैसे सुल्तानपुर की सांसद प्रियंका गांधी ने जितना कार्य करके दिखाया है और महीने में दो बार सुल्तानपुर जनपद जाकर जिस तरह से कार्य किया है उसकी मिसाल आम जनमानस में लोग पेश करते हैं सभी वर्गो में उनकी पकड़ है किसी भी डाल के लिए इतना आसान नहीं होगा कि वह भाजपा प्रत्याशी का पीछा भी कर सके मगर या तो आम जनता का चुनाव है जीत का सेहरा किसके सर बैठेगा या तो आने वाला समय बताएगा इंडिया गठबंधन की ओर से इस सीट पर सपा ने पैंतरा बदलते हुए

**एक तरफ सपा ने उम्मीदवार बदला तो दूसरी तरफ बसपा ने बैकवर्ड को मैदान में उतारा**

अपने पूर्व घोषित उम्मीदवार भीम निषाद की जगह आक्रामक राजनीति के लिए चर्चित सीएम योगी के इलाके गोरखपुर के मूल निवासी पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद को उतार दिया है, वहीं विपक्षी चक्रव्यूह में बसपा ने भी पिछड़ा कार्ड खेल दिया है। ऐन वक्त पर बसपा प्रमुख मायावती ने यहां से कुर्मी समुदाय के धनवान और जमीनी कार्यकर्ता उदराज वर्मा को टिकट देकर पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के लगातार नवीं बार संसद पहुंचने की राह में रोड़े अटका दिए हैं। अवध क्षेत्र में अयोध्या के पड़ोस में स्थित सुलतानपुर संसदीय सीट 2014 से ही भाजपा के पास है। पहले यहां से वरुण गांधी सांसद हुए और 2019 में भाजपा ने उन्हें पीलीभीत शिफ्ट कर उनकी मां मेनका गांधी को यहां से उतारा। उन्हें बीते चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बसपा उम्मीदवार चंद्रभद्र सिंह के समक्ष करीबी मुकाबले में मात्र 14 हजार वोटों से ही जीत मिल पाई थी। अब एक बार फिर सपा-बसपा अपने अपने उम्मीदवार उतारकर सुलतानपुर के रणक्षेत्र को रोमांचक बना दिया है। बसपा ने कुर्मी उम्मीदवार उदराज वर्मा को उतारकर भाजपा के वोटों में तगड़ी सेंधमारी का प्लान बनाया है। दलित और कुर्मी के वोटों के साथ उसे उम्मीद है कि मुस्लिम समुदाय भी उसे जमकर वोट करेंगे। इधर भीम निषाद का टिकट बदलकर सपा ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के तौर पर यूपी सरकार के पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद को उतार लड़ाई को आक्रामक बना दिया है। लगभग दो लाख निषाद आबादी वाले जिले में तकरीबन अस्सी प्रतिशत निषाद मत गठबंधन को मिलने का दावा किया जा रहा है। यदि ऐसा हुआ तो मुस्लिम और यादव मतों का ध्रुवीकरण सपा के पक्ष में होना तय है। फिलहाल, अब सुलतानपुर की जंग में हाथी और साइकिल के चक्रव्यूह में कमल फसता हुआ नजर आ रहा है जातिगत इस तरह से चुनाव में हावी है जिसके बारे में जितना काम कहा है वही सही है एक तरफ निषाद दूसरी तरफ कुर्मी सांसद जो नवी बार देश की सबसे बड़ी पंचायत में सुल्तानपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे मुकाबला बहुत ही दिलचस्प होगा विधानसभा के चुनाव में इसका जीता जागता उदाहरण देखा गया है बैकवर्ड जातियों का अपनी बिरादरी के प्रति रुझान किस तरह से हां भी रहा है हार जीत का फैसला तू आम जनता को करना है चौराहा गलियों और गांव में इसकी चर्चा शुरू हो गई है।

## सांसद मेनका का 16अप्रैल से तूफानी दौरा, विभिन्न कार्यक्रमों में होगी शामिल



**सुलतानपुर।** सुल्तानपुर की सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका संजय गांधी चुनावी कैंपेन को धार देने 15 अप्रैल को संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर आ रही है। सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि श्रीमती गांधी 15 अप्रैल को प्रातः 8:00 बजे दिल्ली से सड़क मार्ग होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 123 किलोमीटर कूरेभार बाईपास पहुंचेंगी। यहां पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। इसके बाद श्रीमती गांधी शास्त्रीनगर स्थित संदीप सिंह के आवास पर कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात करने के बाद रात्रि विश्राम करेंगी।श्रीमती गांधी 16 अप्रैल को लंभुआ विधानसभा में डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करेंगी।श्रीमती गांधी 10:00 बजे वजूपुर कुडिया, 10:30 सराय आचल, 11:00 संत मनोगी दास मंदिर के पास हरिपुर बनवा, 11:30 बजे दुर्गा पूजा स्थल गौरा ,12 बजे अनिल तिवारी की आवास बरसड़ा, 12:30 बजे रामगढ़ बारात घर, 1:00 बजे शाहपुर हरिवंश मरीमाई धाम के पास, 1:30 बजे सर्वोदय रोड लंभुआ, 1:45 बजे राम आसरे की गली सर्वोदय नगर,2:00 बजे देवरी, 2:15 बजे जफरापुर मिश्रपुर,2.45 बजे जमुखुरी, 3:15 बजे सबसुखपुर, 3:30 बजे खुनशेखपुर ,4:00 बजे आईटीआई स्कूल गोपीनाथपुर में नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगी।

# बनयाना गांव में निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली

**अवधनामा संवाददाता**




**ललितपुर।** विकास खण्ड मड़ावरा की ग्राम पंचायत बनयाना में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। गौरतलब है कि आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले भर में स्वीप अभियान के तहत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। ताकि प्रशासन द्वारा निर्धारित किये प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। इसके लिए विकास खण्ड मड़ावरा की ग्राम पंचायत बनयाना में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर मतदान करने के लिए दूसरे लोगों को भी जागरूक किया। इस दौरान ग्रामीणों व बच्चों को शपथ दिलायी गयी कि वह लोकतंत्र के महान पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुये संविधान में निहित मत के अधिकार का प्रयोग करेंगे। बिना किसी प्रलोभन के मतदान करेंगे। इस दौरान शत-प्रतिशत मतदान करने को लेकर लोगों को अधिक से अधिक संख्या में निर्धारित तिथि पर मतदान केन्द्र पहुंच कर मत का प्रयोग करने का आह्वान किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान खूबचंद, ग्राम पंचायत अधिकारी आलोक दुबे, शिक्षक सुजान सिंह पटेल, भूपेन्द्र निरंजन, रामप्रकाश निरंजन, संयोगिता गुप्ता कोटेदार, अमर सिंह, रोजगार सेवक लखन, इमरत सिंह, शिवादित्य सिंह, रवि रजक, चैतू, जानकी लोहार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# सेंट जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल की नई शाखा का हुआ भव्य शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**सुलतानपुर।** शिक्षा मानव समाज के विकास और प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमारे समाज में विवेक, ज्ञान, समझ, और समर्पण की भावना को विकसित करती है। उक्त बातें सोमवार को सेंट जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल की ओमनगर स्थित नई शाखा के शुभारंभ मौके पर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए स्कूल के चीफ एक्सक्यूटिव डायरेक्टर संदीप जायसवाल ने कहीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा मानवीय सम्पदा को वृद्धि देती है और सभी क्षेत्रों में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। मानव विकास शिक्षा मानव विकास की मूलभूत आवश्यकता है। इसके पूर्व आज सोमवार को सुबह सेंट जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल के चीफ एक्सक्यूटिव डायरेक्टर संदीप जायसवाल ने ओमनगर स्थित नई शाखा पर गणपति की विधिविधान से पूजा-अर्चना की एवं प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि पल्लवी जायसवाल एवं स्कूल के मैनेजर रत्नेश कुमार ने भी दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में शामिल मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्कूल प्रबंधन की ओर से बैच लगाकर एवं बुके भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।इसके अलावा सीनियर कक्षाओं के बच्चों ने भी मनमोहक संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों,अभिभावकों एवं उपस्थित गणमान्यजनों की खूब तालियां बटोरी।

# सत्रह जोड़ों ने बाबा सदन के दरगाह पर कहा कुबूल है ...

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** हजरत बाबा सदनशाह रहमत उल्ला अलैह की दरगाह पर 31 मार्च से 4 अप्रैल तक चले उर्स के बाद रविवार के दिन सामूहिक निकाह का आयोजन हुआ। इसमें 17 जोड़ों को मुस्लिम रीति-रिवाज से बाबा के दरबार में शहर पेश इमाम हाफिज मुवीन खान के अलावा रब्बानी मौलाना, हाफिज हारून खान, हाफिज असगर व अन्य इमामों ने निकाह करवाया। इससे पहले उर्स में 31 मार्च से 3 अप्रैल तक मशहूर शायरों व कव्बालों ने शानदार कार्यक्रम पेश किया। रमजान की वजह से 4 अप्रैल को होने वाली इज्तिमाई शादियां ईद बाद 14 अप्रैल को सम्पन्न कराई गई। रविवार को हजरत बाबा सदनशाह

**इज्तिमाई शादियों को लेकर बाबा सदन की दरगाह पर एकत्र हुये जायरीन**

दरगाह परिसर में इज्तिमाई शादियों के लिए पंजीकृत किये गये जोड़े अपने रिश्तेदारों के साथ मौजूद मौजूद रहे। इस दौरान 17 जोड़ों का शरीअत के अनुसार निकाह संपन्न कराया गया। पहले दोनों ही पक्षों की रजामंदी के लिए काजियों ने निकाह की कुबूलबंदी करवाई। जैसे ही वधु पक्ष की ओर से कुबूल की आवाज सुनायी दी और मेहर के अलावा अन्य परंपरागत विवाह की तैयारियां शुरू हुई। दरगाह परिसर में नये जोड़ों तथा उनके नये जीवन को खुशामदीद कहने के लिए आये रिश्तेदारों का मजमा लगा रहा। इसके अलावा कमेटी की



ओर से जोड़ों को उपहार भी दिए गए। जोड़े नगर क्षेत्र के अलावा आसपास के ग्रामीण अंचलों समेत टीकमगढ़, झांसी, सागर, अशोकनगर, नरसिंगपुर, विदिशा, चित्रकूट आदि से आये। उन्होंने बाबा सदनशाह की पवित्र दरगाह पर माथा टेककर अपने दांपत्य जीवन को कुशल व सानंद संपन्न संचालित रखने के लिए दुआएं मांगी। इस मौके पर हाजी बाबू बदरुद्दीन कुरैशी, शहर पेश इमाम हाफिज मुवीन खान, हाजी साबिर अली, रमजानी दादा, अब्दुल रहमान कल्ला, अबरार अली, मोहम्मद नसीम, रिजबान उज्जमा, अरमान कुरैशी, खादिम शाकिर अली, हाजी अख्तर खान, राजकुमार सिंधी, जमील खान एड., चौधरी वरकत, शेख कल्ला कुरैशी, घस्सू कंडेक्टर, हमीद मंसूरी, शकील खान, यामीन वारसी, अनस अली, शकील मंसूरी, सरवर खान, मजीद कुरैशी, चौधरी अजमेरी भूरा, रियाज वारसी, मो.यूनुस, युसुफ बैल्डिंग, चौधरी रिजबान कुरैशी, रज्जब अली, अज्जू बाबा, इमरान मंसूरी, इरशाद मंसूरी आदि मौजूद रहे। इज्तिमाई शादियों में उपहार व नगद राशि देने वालों में चंद्रपाल सिंह सैनी, अब्दुल अलीम ताज बीड़ी, खुर्शीद आलम, अशपाक राइन, आसिफ पठान, सुभाष जायसवाल, अज्जू बाबा, राजकुमार सिंधी, रज्जब अली शाह, भोला कानपुर वाले आदि ने विशेष सहयोग किया।

# शोभायात्रा निकालकर मनाई गई बाबा साहब की जयंती

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** संविधान के रचियता डा. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती जनपद में धूमधाम के साथ मनाई गई। शहर में निकली शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत हुआ। समाजवादी पार्टी सहित विभिन्न संगठनों ने शोभायात्रा के दौरान लोगों के लिए जलपान कराया। इस दौरान युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। डीजे की धुनों पर लोग थिरकते हुए नजर आएं। आगे आगे घोडे पर सवार लोग अम्बेड़करजी का झण्डा लिए आगे चल रहे थे। तो वहीं पीछे बौद्व गुरू रथ पर सवार थे। इसके पीछे डा. अम्बेडकर जी के चित्रों के अलावा देश के महापुरुषों के चित्र की झांकियां चल रहीं थीं। रविवार को शोभायात्रा नेहरूनगर स्थित डा. अम्बेड़कर पार्क से प्रांरभ हुई, जो स्टेशट रोड़ होते हुए सपा कार्यालय पहुंची जहां सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव व कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश रजक ने पार्टी



**इंडिया गठबंधन ने किया शोभायात्रा का स्वागत, कराया जलपान**

कार्यकर्ताओं के साथ शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा पर पुष्प बरसाते हुए उन्हे जलपान कराया। इसके बाद शोभायात्रा वर्णी चौराहे से होकर मुख्य बाजार होते हुए डा. अम्बेड़कर पार्क पहुंची, जहां लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान लोगों ने बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान सपा एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से कहा कि संविधान जनक, समाजसेवी, रूढ़िवादी विचारधारा के सख्त विरोधी थे। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्यप्रदेश के महू में हुआ था। बचपन से उन्हे पढने लिखने की रूचि थे। जैसे जैसे वह बड़े होते गए उन्होंने सामाजिक परिवेश देखा, तो वह असहज हो उठे। समाज में व्याप्त कुरीतियों को देखकर उन्होंने सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी। जिसे लड़ते हुए आखिरकार उन्होंने अपने संविधान के द्वारा गरीब, शोषित, वंचितों को उनका हक दिलाया। इस दौरान सपा नेता हरीसिंह यादव, विक्की किलेदार, नेहा तिवारी, एड. बहादुर अहिरवार, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंकित यादव, मूरत सिंह यादव, प्रमोद यादव, उवेश खान, संजीव चौरसिया, मोन्टी शुक्ला, पुष्पेन्द्र सिंह बसवां, लक्ष्मीनारायण पटैरिया, राममूर्ति तिवारी सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई–टेंडरिंग निविदा सूचना
सं. 20/2024
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई–टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. 1; कार्य का विवरण:** इज्जतनगर/स्टोर डिपो में फाउंडेशन सहित 90x20 मीटर साइज का ढका हुआ शेड। **अनुमानित लागत(₹):** ₹2,86,35,237.31; **बयाना राशि(₹):** ₹2,93,200/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 09 माह; **क्र.सं. 2; कार्य का विवरण:** क्लटरबकगंज में ट्रैक कार्य को छोड़कर मौजूदा स्टेबिल लाइन और वॉशिंग लाइन को 600 मीटर तक विस्तारित करने के साथ 600 मीटर नई स्टेबलिंग लाइन और सीबीगंज छोर पर शंटिंग नेक बनाने का प्रावधान। क्लटरबकगंज के स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत मौजूदा स्टेबिल लाइन और वॉशिंग लाइन को 600 मीटर तक विस्तारित करने के साथ 600 मीटर नई स्टेबलिंग लाइन और सीबीगंज छोर पर शंटिंग नेक बनाने का प्रावधान।; **अनुमानित लागत(₹):** ₹3,95,73,274.68; **बयाना राशि(₹):** ₹3,47,900/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 माह; **क्र.सं. 3; कार्य का विवरण:** क्लटरबकगंज में ट्रैक कार्य के साथ मौजूदा स्टेबिल लाइन और वॉशिंग लाइन को 600 मीटर तक विस्तारित करने के साथ 600 मीटर नई स्टेबलिंग लाइन और सीबीगंज छोर पर शंटिंग नेक बनाने का प्रावधान। क्लटरबकगंज के स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत मौजूदा स्टेबिल लाइन और वॉशिंग लाइन को 600 मीटर तक विस्तारित करने के साथ 600 मीटर नई स्टेबलिंग लाइन और सीबीगंज छोर पर शंटिंग नेक बनाने का प्रावधान।; **अनुमानित लागत(₹):** ₹49,18,934.77; **बयाना राशि(₹):** ₹98,400/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 09 माह;
1. ई–निविदा दिनांक 10.05.2024 को 15:00 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भरतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें।
मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०)
मुजाधि/डब्ल्यू–17 इज्जरनगर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
ई–निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, मंडल रेल प्रबंधक, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई–निविदा सूचना सं. | 1131–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ– दिनांक 15.04.2024 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के अंतर्गत वॉशिंग लाइनों और सिक लाइनों में बिजली आपूर्ति के बुनियादी ढांचे में सुधार सहित अनुरक्षण डिपो में प्रीकूलिंग प्वाईंट, चार्जिंग प्वाईंट और प्रकाश में सुधार संबंधित कार्य। |
| अनुमानित लागत | ₹1,64,35,785.45 (एक करोड़ चौंसठ लाख पैंतीस हजार सात सौ पिच्चासी एवं पैंतालीस पैसा मात्र) |
| ई–निविदा की कीमत | शून्य; कार्य पूर्ण करने की अवधि: 06 माह |
| बयाना राशि | ₹2,32,200/- (रु० दो लाख बत्तीस हजार दो सौ मात्र) |
| ई–निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 15.05.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है |

सं.: 1131–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ
दिनांक 15.04.2024 1125/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मेनिफेस्टो, भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी: संजीव

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** भाजपा जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर प्रेस सभागार में भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता भारतीय जनता पार्टी के आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मेनिफेस्टो, भाजपा का संकल्प ÷मोदी की गारंटी÷ के संदर्भ में आयोजित किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड़ ने वार्ता करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने जो भी पिछले 2019 लोकसभा चुनाव में अपने संकल्प पत्र के अंतर्गत घोषणा किया था, उसे आज 05 वर्षों में पूरा किया और आज 2024 में जो संकल्प पत्र की घोषणा कर रहे उसे भी अगले 05 वर्षों में पूरा करेंगे। यही मोदी जी की गारंटी है। मुख्य वक्ता ने यह भी बताया कि कल देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे0 पी0 नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भाजपा का संकल्प, मोदी की गारंटी का लोकार्पण किया। जो कि संकल्प पत्र के रूप में जारी घोषणा पत्र में किये गये सभी वादों पर मोदी की गारंटी की मुहर लगी है। भाजपा ने अबकी बार 400 पार के मिशन को पूरा करने के लिए मोदी सरकार की पिछले 10 वर्ष की जनकल्याणकारी योजनाओं पर भरोसा जताया है और इसके विस्तार का वादा किया। जाँच एजेंसियों के दुरुपयोग के विपक्ष के आरोप को खारिज करते हुए, भाजपा ने साफ कर दिया कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्यवाही जारी रहेगी और इसमें नई तकनीक का उपयोग किया जायेगा। देश में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या और उनकी परेशानियों को देखते हुए भाजपा ने 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिकों को आयुष्मान भारत में शामिल करते हुए उन्हें सालाना 05 लाख रुपये तक का मुफ्त और कैशलेस इलाज देने का वादा किया है। साथ में उन्होंने यह भी बताया कि स्वरोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में मुद्रा और स्वनिधि योजनाओं की सफलता को देखते हुए सरकार ने इसका विस्तार करने का वादा किया। मुद्रा योजना में अब 10 लाख की जगह बिना गारंटी 20 लाख रुपये तक कर्ज दिया जाएगा। इसी प्रकार से रेहड़ी पटरी ठेला वालों को 50 हजार रुपये तक कर्ज देने वाली स्वनिधी योजना का विस्तार छोटे शहरों और ग्रामीण तक किया जायेगा और ऋण की सीमा भी बढ़ाई जाएगी। साथ में उन्होंने किसानों के बारे में बताया कि 10 करोड़ किसानों को सम्मान निधि मिलती रहेगी, पार्टी ने ग्रामीण इलाकों में फूड प्रोसेसिंग यूनिट बड़ी संख्या में लगाने का वादा भी किया है। सोशल, डिजीटल और फिजिकल तीनों क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में बताया बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली भाजपा ने इसकी गति और तेज करने का वादा किया है। नये शिक्षण संस्थाओं का निर्माण, 5-जी के विस्तार और 6-जी के तैयारी के साथ ही सर्विस सेंटरों व टेलीमेडिसिन का विस्तार साथ में सड़क, रेल, जलमार्ग के नेटवर्क को विस्तार के साथ अत्याधुनिक बनाया जायेगा। शहरीकरण की रफ्तार को देखते हुए नये नये सेटेलाइट, टाउनशिप बनाये जायेंगे।

# चार इनामिया गैंगेस्टर गिरफ्तार

- सद्दाम के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद

अवधानामा संवाददाता



**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रचलित लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत वांछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सिसोलर पुलिस व स्वाट टीम हमीरपुर के संयुक्त प्रयास से मुकदमा अपराध संख्या 122/2024 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1986 थाना मौदहा हमीरपुर के वांछित अभियुक्त विष्णुकांत श्रीवास पुत्र परमेश्वरी दयाल,पवन कुमार अहिरवार पुत्र सुनील कुमार अहिरवार,जमशेदुद्दीन पुत्र इमामुद्दीन को रागौल स्टेशन के पास अंबेडकर पार्क मौदहा पढोरी रोड पर तथा अभियुक्त मो0 सद्दाम पुत्र मो0 पीरगुलाम को किशनू बाबू शिवहरे डिग्री कॉलेज सिसोलर के पास उसके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद करते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त मो0 सद्दाम के पास से अवैध तमंचा व कारतूस की बरामदगी के आधार पर थाना सिसोलर पर धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए उक्त चारो वांछित इनामिया गैंगेस्टर अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया।

# एनटीपीसी सिंगरौली ने मनाया राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस

अवधनामा संवाददाता




**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर, सीआईएसएफ की अग्नि सुरक्षा शाखा द्वारा 14 अप्रैल को फायर स्टेशन पर अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीआईएसएफ द्वारा 14.04.2024 से 20.04.2024 तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जाएगा।

इस अवसर पर राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा शहीद स्तम्भ पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन उपेंद्र सिंह (उप कमांडेंट) द्वारा किया गया। राजीव अकोटकर ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को फायर सुरक्षा शपथ दिलाई। तत्पश्चात उन्होने अग्निशमन सेवा सप्ताह के लिए लीफलेट का विमोचन किया। अपने सम्बोधन में राजीव अकोटकर ने सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने में सीआईएसएफ की प्रतिबद्धता और समर्पण के लिए सराहना की। उन्होने आग की घटना और संपत्ति और मानव जाति की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस के उत्सव का उल्लेख करते हुए इसके महत्व का भी उल्लेख किया। मुंबई बन्दरगाह पर 14 अप्रैल 1944 में माल वाहक जहाज फोर्ट स्टीकेन में आग लग गई थी। लगी आग पर काबू पाने के प्रयास में 66 दमकलकर्मी शहीद हो गए थे। तभी से शहीदों की याद में हर साल 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम का समापन सीआईएसएफ के तरुन दत्ता, उप कमांडेंट (फायर) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के एल. के बेहरा, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट कन्स्ट्रकशन), जोसेफ बास्टियन, महाप्रबंधक (ऐश डाइक मैनेजमेंट), सिद्धार्थ मण्डल, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), वरिष्ठ प्रबन्धकगण, एवं सीआईएसएफ के अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## प्रधानाचार्य पर लगा नियमों की अनदेखी कर स्कूल खोलने का आरोप

**सुमेरपुर हमीरपुर।** नदेहरा का उच्च प्राथमिक विद्यालय शासनादेश के तहत नहीं बल्कि प्रधानाध्यापक के मन के मुताबिक संचालित हो रहा है। सुबह 7 बजे की बजाय यह 8 बजे के बाद खुलता है तब तक छात्र छात्राओं के साथ सहायक शिक्षक गेट पर बैठकर विद्यालय खुलने का इंतजार करते हैं। नदेहरा उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक पद पर अवधेश कुमार दीक्षित कार्यरत हैं। विद्यालय के सहायक शिक्षक प्रवीण खरे का दावा है कि प्रधानाध्यापक की मनमानी के कारण विद्यालय शासनादेश के मुताबिक कभी नहीं खुलता है। इस वजह से छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को प्रतिदिन गेट पर बैठकर विद्यालय खुलने का इंतजार करना पड़ता है। शिक्षक का दावा है कि सोमवार को सुबह 7.44 तक गेट में ताला लटक रहा था जबकि 7.30 से शिक्षण कार्य प्रारंभ हो जाना चाहिए। प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार दीक्षित ने बताया कि सहायक अध्यापक मानसिक रूप से बीमार हैं।

# मतदान केन्दों पर सभी आवश्यक मूल भूत सुविधायें उपलब्ध कराये

- सम्बन्ध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) /उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में मतदान केन्दों पर आवश्यक मूल-भूत सुविधायें उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में बैठक की गयी, बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी नें उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान केन्द्र/मतदेय स्थलों पर साफ-सफाई व्यवस्था के साथ पीने की पानी और शौचालय के मरम्मत का कार्य ससमय पूर्ण कर लिया जाये इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी विद्यायलय मतदान केन्द्र के रूप में चिन्हित किया गया है उसमें विद्युत आपूर्ति से सम्बन्धित आवश्यक कार्यवाही एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण कर ली जाये और जिला पंचायत राज विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए मतदान केन्द्र वाले विद्यालयों में बाउन्ड्रीवाल व गेट निर्माण कार्य भी पूर्ण कर लिया जाये इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करतें हुए कहा कि जिस भी विद्यालय में विद्युत कनेक्शन से अभी तक वंचित है उसमें विद्युत कनेक्सन से सम्बन्धित कार्य बेसिक शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित करके पूर्ण कर लिया जाये। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशिते हुए कहा कि नगरिय क्षेत्रों के अन्तर्गत मतदान केन्द्र है वहा पर पानी व शौचालय व्यवस्था पूर्ण न हो उसे शीघ्र पूर्ण कर ले और मतदान के दिन पेयजल की व्यवस्था निरन्तर बनी रहे और गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केन्दों पर पीने के पानी की व्यवस्था निरन्तर बनी रहे इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। इस दौरान बैठक में उप जिलाधिकारी सदर निखिल यादव, उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी ओबरा अजय कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, ए.डी.पी.आर.ओ. सुमन पटेल, समस्त नगर पालिका /नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहें।

## दो वांछित गिरफ्तार

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मौदहा पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 147/2024 धारा 379/411 आई0पी0सी0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1. विनोद कुमार पुत्र रामगोपाल व 2. सौरभ पुत्र रामसजीवन को उनके कब्जे से चोरी की 02 मोटरसाइकिल के साथ बीएसएनएल टॉवर के पास कस्बा व थाना मौदहा जनपद हमीरपुर से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र रामगोपाल की गिरफ्तारी के समय उसके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर नाजायज भी बरामद हुई। जिसके सम्बन्ध में थाना मौदहा पुलिस द्वारा थाना मौदहा पर मु0अ0सं0 152/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। उक्त दोनो अभियुक्तों को गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया।

# आग से आधा दर्जन किसानों की फसल राख

अवधानामा संवाददाता



**हमीरपुर।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गांव गुसियारी में थ्रेसरिंग के लिए खेतों में रखी गेंहू की सूखी फसल में आग जलकर राख हो गई है। वहीं घटना की सूचना के बाद लगभग एक घंटे तक दमकल की मशीन मौके पर न पहुंचने से ग्रामीणों में खासी नाराजगी दिखाई दी है।

गुसियारी निवासी किसान रामप्रकाश पुत्र चुनुबाद, रम्मू पुत्र बुद्धूलाल व जुगल किशोर पुत्रगण.बुद्धूलाल, दिबिया पुत्र जबरा सहित अन्य कुछ किसानों ने गेंहू की फसल को काटने के बाद खेतों में ही थ्रेसरिंग कराने के लिए ढेर लगा दिया था। सोमवार की दोपहर में अचानक इस ढेर में आग लग गई और देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया जबतक ग्रामीण भागकर खेतों में पहुंचे तब तक पूरा ढेर आग की चपेट में आ गया और देखते ही देखते गेंहू की सूखी फसल जलकर राख हो गई है। हलाकि ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने घटना की सूचना तत्काल अग्नि शमन दल को दी लेकिन आग लगने के एक घंटे बाद भी घटना स्थल पर दमकल की मशीन नहीं पहुंची है जिससे कि लोगों में खासा आक्रोश दिखाई दिया है हलाकि देर से ही सही लेकिन मौके पर पहुंची दमकल ने पानी की बौछार कर आग को शांत किया है। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है।

# फायरमैन जनता की सुरक्षा के लिए कृत संकल्पित: आर पी सिंह

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/अनपरा।** हिंडालको रेनूसागर पावर डिवीजन रेनूसागर प्लांट परिसर स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी लॉन में अग्निशमन सेवा दिवस का आयोजन किया गया तत्पश्चात बरिष्ठ अधिकारियो द्वारा 14 अप्रैल,1944 को शहीद हुए समस्त शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिन्होंने अपने कर्तव्य पालन में तेज उठती लपटों के बीच अपने प्राणों की आहुति दे दी। ततपश्चात अग्निशमन दिवस पर अधिकारियों ने एक-दूसरे को फायर सेफ्टी बैज लगाया। ध्वजारोहण के पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रेनूसागर पावर डिवीजन के यूनिट हेड आर पी सिंह ने कहा कि आग सबसे अच्छी सेवक और सबसे खराब स्वामी भी है,बस जरुरत है सदुपयोग की, उन्होंने कहा कि हमारे फायरमैन जनता की सुरक्षा के लिए कृत संकल्पित है, जब कभी कहीं पर आग लग जाती है तो फायर कर्मी घटनास्थल पर अटूट साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए धधकती हुई आग पर काबू पाने के लिए भरपूर कोशिश करते हैं तभी आग पर काबू कर पाते है। उन्होंने अग्नि से बचाव हेतु एक दूसरे को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया तथा कहा कि सभी लोग अपने कार्यस्थल पर साफ सफाई ,फायर के दौरान उपयोग किये जाने वाले उपकरणों की नियमित रूप से जांच करे, साथ ही साथ फायर टेंडर मशीनों की जांच, रख रखाव करना चाहिये । इसके पूर्व मुख्य अतिथि ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए फायर सेफ्टी जागरूकता नामक पुस्तिका का विमोचन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मैंटीनैंस हेड जगदीश पात्रा ने कहा कि फायर सर्विस कर्मी आग से खेलने का काम करते हैं इस खतरनाक काम को अंजाम देते हुए उन्हें अपनी जान की फिक्र भी नहीं होती है फिक्र होती है तो सिर्फ उस जलते मंजर या उसमें दूसरे कि जिंदगियों को बचाने की, ये फायर कर्मी अपनी जान कि परवाह न करते हुए जनता की रक्षा के लिए कृत

## छात्रों को बताए अग्नि सुरक्षा के उपाय

**सुमेरपुर हमीरपुर।** अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के तहत श्री गायत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय, मधु महाराज इंटर कॉलेज में अग्निशमन अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं शिक्षकों को आग से बचाव के तरीको से अवगत कराया साथ ही आग लगने पर कैसे सुरक्षित बचा जाए इसके टिप्स दिए। फायर ब्रिगेड अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह मना रहा है यह 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलना है। सोमवार को फायर ब्रिगेड के अधिकारी रमेश मिश्रा की टीम ने कस्बे के श्री गायत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय, मधु महाराज इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को आग से बचाव के तरीको से अवगत कराया। आग लगने के बाद कैसे काबू पाया जाए इसके टिप्स दिये। इस मौके पर श्री गायत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ अरुण कुमार मिश्रा, केंद्रीय विद्यालय प्रधानाचार्य राज मंगल यादव, मधु महाराज इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य लक्ष्मी नारायण आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या के प्रयास के अभियुक्त को दस का कारावास

**हमीरपुर।** थाना राठ मे धारा: 307,308,325,504,506 भारतीय दंड संहिता में 24 अक्टूबर 2017 को अभियुक्त मुन्नू यादव पुत्र कल्लू यादव निवासी सिकन्दरपुर कस्बा व थाना राठ जनपद हमीरपुर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरुप न्यायालय एडीजे चतुर्थ जनपद हमीरपुर, द्वारा अभियुक्त मुन्नू यादव उपरोक्त को दस वर्ष के कठोर कारावास तथा चौदह हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। वादी के पिता को अभियुक्तगण द्वारा एक राय होकर जान से मारने की नियत से नाजायज कट्टे से फायर कर मारपीट की थी। जिससे वादी को गम्भीर चोट पहुंची।

### हैंडपंप खराब होने के कारण पेयजल की किल्लत



**हमीरपुर।** कुरारा विकास खंड क्षेत्र के मिश्री पुर ग्राम पंचायत के मजरा सिमरा के टाक चंद्र के डेरा निवासी ग्रामीणों को हैंड पंप खराब होने के कारण पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के टांकी डेरा सिमरा में एक मात्र हैंडपंप ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगा हुआ है। गांव निवासी अजय कुमार ने बताया कि हैंड पंप खराब होने के कारण ग्रामीणों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि हैंडपंप खराब होने के कारण लोग परेशान रहते हैं। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को इसकी सूचना दी गई है। लेकिन अभी तक इसको ठीक नहीं कराया गया है। ग्रामीणों ने हैंड पंप ठीक कराए जाने की मांग की है।

### ओलावृष्टि से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने के लिए प्रधानों ने सौंपा ज्ञापन

**सुमेरपुर हमीरपुर।** सुमेरपुर ब्लाक की आधा दर्जन ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपकर ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने तथा मनरेगा मजदूरों का समय पर भुगतान दिलाने की मांग की है। सुमेरपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत बिरखेरा के प्रधान अशोक यादव, कुंडौरा के प्रधान प्रतिनिधि अरविंद प्रताप सिंह, स्वासा की प्रधान ममता तिवारी, बदनपुर की प्रधान साधना साहू, धुंधपुर के प्रधान रामेश्वर निषाद आदि ने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को समय से क्षतिपूर्ति दिलाने तथा ओलावृष्टि से प्रभावित पंचायतों के मनरेगा मजदूरों का प्रत्येक सप्ताह मजदूरी भुगतान कराए जाने की मांग की है। ग्राम प्रधानों ने कहा कि मनरेगा मजदूरी का समय से भुगतान न होने से मजदूर परेशान हो रहे हैं।

# एनसीएल में नव नियुक्त डंपर ऑपरेटरों के लिए आयोजित किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम

अवधानामा संवाददाता



**सोनभद्र/सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने 1 अप्रैल 2024 से 13 अप्रैल 2024 तक सीईटीआई, सिंगरौली में एचईएमएम ऑपरेटरों के 93वें बैच के लिए एक बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कुल 70 नए भर्ती हुए डंपर ऑपरेटरों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ऑपरेटरों को डंपर से जुड़े विभिन्न विषयों के बारे में बताया गया जिनमे एनसीएल की कोयला खदानों में नियोजित डंपर और उनके प्रकार, संचालन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, डंपरों के तकनीकी मानक, इंजन के प्रकार, हाइड्रोलिक सिस्टम, रख रखाव से जुड़ी जानकारी, प्राथमिक चिकित्सा, परिचालन तकनीक, आग की रोकथाम, सुरक्षा जांच, सिम्युलेटर प्रशिक्षण आदि शामिल हैं। इस बुनियादी पाठ्यक्रम के बाद ऑपरेटरों को अपनी संबंधित खदानों में 16 सप्ताह के प्रशिक्षण से गुजरना होगा। गौरतलब है कि एनसीएल कि खदानों में कोयला उत्पादन व अधिभार हटाने हेतु भारी संख्या में विशालकाय मशीनें कार्य करती हैं। मशीनों के संचालन के लिए कुशल ऑपरेटरों की अवश्यकता होती है।

## सपा जिलाध्यक्ष के पुत्र पर धमकी का आरोप

**मौदहा हमीरपुर।** मौदहा कस्बा निवासी एक किसान ने रुपए के लेन-देन में सपा जिला अध्यक्ष के पुत्र पर गाली गलौज करने व जान माल की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मौदहा कस्बा के मोहल्ला हुसैनगंज निवासी मलखान सिंह पुत्र छुट्टन निषाद ने कोतवाली पुलिस में तहरीर देकर बताया है कि 14 अप्रैल को लगभग 3:00 बजे जब वह खेत में अपने गेहूं की टथ्रेसिंग करा रहा था। तभी समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष इदरीश खान के पुत्र मुकीम ने फोन में उसके साथ गाली गलौज करते हुए अपना बीस हजार रूपया शीघ्र वापस करने को कहा और पैसा वापस न करने की स्थिति में उसके घर से मवेशी खोल ले जाने तथा गोली से उड़ाने की धमकी दी है।

# नवरात्र की सप्तमी को सुबह से मंदिरों में उमड़ी आस्था

**बबेरू।** चैत्र नवरात्र के सातवें दिन सोमवार को श्रद्धालुओं ने मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना की। बबेरू कस्बे की मढ़ीदाई मंदिर और बाकल की जोगिनी माता मंदिर में श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ रही। जगत माता के दरबार में मत्था टेकने वालों की लंबी फेहरिस्त रही। देवी मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ ही धार्मिक अनुष्ठान और कन्या भोज कराए जाने का सिलसिला भी तेजी के साथ चल रहा है। मातारानी के दरबार में मत्था टेकने वाले लोग दूर-दराज जनपदों से भी पहुंच रहे हैं।

सोमवार को मां कालरात्रि का जलाभिषेक कर श्रद्धालुओं ने पूजन-अर्चन किया। मढ़ीदाई मंदिर में भोर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर पहुंच गई। सभी ने मातारानी का जलाभिषेक करने के साथ ही आरती पूजा की। बबेरू के सिद्वपीठ मढीदाई मंदिर पर विगत 48 वर्षो से श्री दुर्गोत्सव समिति द्वारा भव्य दुर्गा माता का श्रंगार किया जा रहा है। यह सिलसिला पूरे नौ दिनों तक चलेगा। जगत भोर सबेरे से श्रद्वालु भक्त जलाभिषेक कर कलश की स्थापना की। जगत जननी दुर्गा माता के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि का भव्य श्रंगार किया गया। यमुना नदी किनारे बाकल की जोगिनी दाई में भी श्रद्धालु उमड़ रहे हैं।

# डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिला चिकित्सालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

अवधानामा संवाददाता

**बांदा।** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने आज जिला चिकित्सालय बाँदा का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम औषधि भण्डारण कक्ष, सीएमएस कार्यालय तथा चिकित्सकों की उपस्थित्ति, पुरुष एवं महिला वार्ड, औषधि वितरण केन्द्र, एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउण्ड कक्ष का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान औषधि भण्डारण कक्ष बन्द मिला। उन्होंने सीएमएस कक्ष से अस्पताल में संचालित कैमरों द्वारा निगरानी का निरीक्षण करते हुए सभी कैमरों को संचालित रखने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने हदय रोग के डाक्टर शिशिर चतुर्वेदी ड्यूटी में देरी से उपस्थित होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी चिकित्सकों को समय से उपस्थित रहने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान डॉ0 मोहित व डॉ0 देव, डॉ0 हदेश सिंह पटेल अनुपस्थित पाये गये तथा डॉ0 ए0 के0 राजपूत, डॉ0 हदय दयाल, डॉ0 आलोक उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 आर0के0 गुप्ता को निर्देश दिये कि सभी पैरा मेडिकल स्टाफ, नर्स व चिकित्सक समय से अस्पताल में अपनी ड्यूटी में उपस्थित रहें। उन्होंने आज अनुपस्थित पाये गये चिकित्सकों एवं स्टाफ के एक दिन के वेतन रोके जाने के निर्देश दिये। उन्होंने इमरजेन्सी वार्ड तथा आयुष्मान का निरीक्षण करते हुए इमरजेन्सी वार्ड में भर्ती किये जाने वाले मरीजों को तत्काल चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराये जाने एवं नियमित देखभाल रखे जाने के निर्देश दिये।



जिलाधिकारी ने दवा वितरण केन्द्र का निरीक्षण करते हुए अस्पताल में उपलब्ध दवाओं के स्टाक रजिस्टर का अवलोकन करते हुए निर्देश दिये कि प्रतिदिन दवाओं के वितरण के पश्चात स्टॉक में उपलब्ध बची दवाओं का अंकन किया जाए। उन्होंने महिला वार्ड एवं पुरुष वार्ड का निरीक्षण किया तथा वार्ड में भर्ती महिला मरीजों से अस्पताल द्वारा दी जा रही चिकित्सा सुविधा तथा डाक्टरों के द्वारा राउण्ड किये जाने व समुचित इलाज के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए निर्देश दिये कि नियमित रूप से डाक्टर वार्डो में भर्ती मरीजों का निरीक्षण कर बेहत्तर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायें। उन्होंने बर्न वार्ड में भर्ती मरीजों तथा एनआरसी सेन्टर में भर्ती बच्चों को दी जा रही चिकित्सा सुविधा का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिये कि बर्न वार्ड में भर्ती मरीजों का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बच्चा वार्ड में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य एवं इलाज की जानकारी ली, जिस पर बताया गया कि डायरिया से पीडित बच्चे भर्ती हैं, जिन्हें समुचित इलाज की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने पैथालॉजी का निरीक्षण किया तथा प्रतिदिन कितनी खून की जांच की जा रही है तथा उन्हें जांच रिपोर्ट समय से दिये जाने को चेक करते हुए निर्देश दिये कि जांच रिपोर्ट वितरण का अलग से विवरण तैयार किया जाए और सभी मरीजों को समय से रिपोर्ट दी जायें। उन्होंने एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउण्ड कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीन एक्स-रे मशीन संचालित पायी गयी तथा 30 एक्स-रे किये पाये गये। उन्होंने अल्ट्रासाउण्ड व एक्स-रे के मरीजों की संख्या अधिक होने पर सीएमएस को मेडिकल कॉलेज से रेडियोलॉजिस्ट को अटैच कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल के रसोई घर का निरीक्षण किया, जिसमें मरीजों के लिए भोजन तैयार करते हुए पाया गया। उन्होंने अस्पताल के शौचालय में गन्दगी मिलने पर साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट सहित मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं अन्य चिकित्सक गण उपस्थित रहे।

CMYK



# सीएम योगी ने बिहार में की विजय संकल्प रैली

- विपक्ष ने केवल दी समस्याएं, मोदी ने दिया समाधान
- यूपी में अपराधियों का राम नाम सत्यः योगी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ/औरंगाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी से दो कदम आगे बढ़कर परिवारवाद पर बड़ा हमला बोला है। औरंगाबाद के रतनुआ में भाजपा प्रत्याशी सुशील सिंह के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा में योगी ने लालू, मुलायम और कांग्रेस के परिवारवाद को लपेटे में लिया। परिवारवादियों से सावधान किया। योगी आदित्यनाथ ने रतनुआ में ही 2 मार्च को हुई पीएम मोदी की हुई सभा में मोदी के मगही में अभिवादन के शब्दों को दोहराते हुए भाषण के आरंभ में कहा कि रउवा सब प्रणाम करइत ही। इसके बाद उन्होंने उन्होंने शब्दों को धार दी।

यही हाल यूपी का भी था। हमने यूपी की सत्ता में आते ही गुंडो-माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। अब यूपी में जय श्रीराम के साथ-साथ राम नाम सत्य हो रहा है। अब हाल यह है कि यूपी में गुंडे तख्ती लगाकर चलते है कि जान बख्श दो। हमने एक तरफ राम का मंदिर बनाया। दूसरी तरफ गुंडों का राम नाम सत्य किया। यूपी में कानून नही मानने वालों का राम नाम सत्य हो रहा है। हमारे यहां सात साल से कोई दंगा नही हुआ है। कर्फ्यू नही लगा है। कहा कि पहले कांग्रेस और राजद वाले राम मंदिर पर सवाल उठाते थे। अब कहते हैं कि राम सबके हैं। इसलिए इनका भरोसा मत करना। कहा कि पहले काशी में 10 लोग एक साथ दर्शन नहीं कर पाते थे, लेकिन अब 5 लाख लोग आते हैं और कोई समस्या नहीं है। यह सब मोदी जी के कारण संभव हो पाया है। फिर लालू पर हमला करते हुए कहा कि राजद से कोई उम्मीद मत कीजिए। यह सिर्फ परिवार की पार्टी है। लालू को परिवार के आगे कुछ नहीं दिखता, वें अपने परिवार के लोगों को ही टिकट देते हैं। इस बार तो उनके परिवार के लिए ही टिकट कम गया।

योगी ने कहा कि विपक्ष ने केवल समस्याएं ही दीं है। कांग्रेस, राजद ने भ्रष्टाचार दिया। गरीबों के हक पर डाका डाला। समस्याएं दी। वहीं मोदी ने समाधान दिया। सभी समस्याओं का समाधान दिया। समस्याओं का समाधान मोदी की गारंटी है। इसलिए समस्या को पालने की जरूरत नही है बल्कि समाधान करने वाले को साथ देने की जरूरत है।

# इस बार मानसून में खूब भीगेगा यूपी

- प्रदेश में 17 फीसदी और लखनऊ में 6 फीसदी कम हुई थी बरसात



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** चढ़ती गर्मी के अहसास के बीच मौसम विभाग ने मानसून का पूर्वानुमान जारी कर सुखद संकेत दिया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इस साल मानसून में सामान्य से अधिक बरसात की उम्मीद है। यह मानसून आधारित कृषि वाले देश के लिए एक सुखद खबर है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक द्वय अतुल कुमार सिंह व मो. दानिश ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ऋतु जनवरी से सितंबर तक मानी जाती है। लानीना, हिंद महासागर के पास की परिस्थितियां, उत्तरी गोलार्ध में सामान्य से कम बर्फ का आवरण दक्षिण-पश्चिम मानसून ऋतु के लिए अनुकूल होगा। प्रदेश में वर्ष 2023 में 619.3 मिमी बरसात हुई थी जबकि सामान्य औसत 746.2 मिमी था। वहीं, लखनऊ में बरसात के औसत 683 की तुलना में 639 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई थी। इस तरह प्रदेश में 17 फीसदी और लखनऊ में छह फीसदी कम बरसात हुई थी। वहीं, पूर्वी यूपी की तुलना में पश्चिमी इलाके में ज्यादा बारिश हुई थी। पश्चिम में 672 मिमी और पूरब में 566.8 मिमी बरसात हुई थी। वर्ष 2023 में बिजनौर में सर्वाधिक 1,270 मिमी बरसात हुई थी, जबकि यहां औसत 904.40 था। दूसरे नंबर पर बाराबंकी था, जहां 1,260 मिमी बरसात हुई थी, यहां पर औसत 672.3 मिमी था।

# जयंत चौधरी की जनसभाओं में उमड़ा जन सैलाबः मयंक त्रिवेदी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव सह मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने कहा कि एनडीए के पक्ष में समर्थन की ज़बरदस्त लहर से विपक्ष घबरा गया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की जन सभाओं में उमड़ा जन सैलाब अपने आप में एक बड़ा सकारात्मक संदेश है। जिसे देखकर विपक्ष को अपनी पराजय काअंदाज़ा हो रहा है। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी द्वारा हाल ही में जारी किये गए चुनाव घोषणा पत्र की आलोचना भी की। मयंक त्रिवेदी ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी किये गए घोषणा पत्र पर मुख्यमंत्री जी की प्रतिक्रिया की अत्यंत सराहना की और इसे देश की तरक्की की लिए एक महत्त्वपूर्ण क़दम बताया।

# गोरखपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन के संचलन की तिथि व समय

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** रेलवे ट्रेन नम्बर 05053 व 05054 गोरखपुर बान्द्रा टर्मिनस गोरखपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन का संचलन गोरखपुर से 19 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा बान्द्रा टर्मिनस से 20 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को 11 फेरों के लिए चलायेगा। 05053 गोरखपुर बान्द्रा टर्मिनस ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन 19 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से 9:30 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद से 10:10 बजे, बस्ती से 10:40 बजे, गोंडा से 12 बजे, बादशाह नगर से 2:02 बजे, ऐशबाग से 2:40 बजे, कानपुर सेंट्रल से 4:10 बजे, टूण्डला से 7:10 बजे, आगरा फोर्ट से 8:25 बजे, गंगापुर सिटी से 11 बजे, दूसरे दिन कोटा से 1:05 बजे, भवानी मंडी से 2:20 बजे, शामगढ़ से 2:45 बजे, रतलाम से 6:25 बजे, वडोदरा से 10:30 बजे, सूरत से 12:28 बजे, वलसाड से 1:22 बजे, वापी से 1:42 बजे, पालघर से 4:12 बजे तथा बोरीवली से 5:15 बजे छूटकर बान्द्रा टर्मिनस 6 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05054 बान्द्रा टर्मिनस गोरखपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन 20 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को बान्द्रा टर्मिनस से 9:15 बजे प्रस्थान कर बोरीवली से 9:50 बजे, पालघर से 10:35 बजे, वापी से 11:36 बजे, वलसाड से 11:56 बजे, दूसरे दिन सूरत से 1:41 बजे, वडोदरा से 3:12 बजे, रतलाम से 6:50 बजे, शामगढ़ से 8:50 बजे, भवानी मंडी से 9:15 बजे, कोटा से 10:45 बजे, गंगापुर सिटी से 12:55 बजे, आगरा फोर्ट से 5:15 बजे, टूण्डला से 7 बजे, कानपुर सेंट्रल से 10:50 बजे, तीसरे दिन ऐशबाग से 12:55 बजे, बादशाह नगर से 1:20 बजे, गोंडा से 3:30 बजे, बस्ती से 4:45 बजे तथा खलीलाबाद से 5:15 बजे छूटकर गोरखपुर 6:25 बजे पहुंचेगी।

## डीआरएम ने 17 कर्मचारियों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागार में सोमवार को डीआरएम आदित्य कुमार ने वित्तीय वर्ष 2023.24 में भण्डार विभाग की ओर से निर्धारित स्क्रैप निस्तारण लक्ष्य 60 करोड़ के सापेक्ष्य 60.31 करोड़ का लक्ष्य प्राप्त करने के उपलक्ष्य में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले इंजीनियरिंग विभाग समेत 17 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। डीआरएम ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को ड्यूटी के प्रति उनकी कर्तव्य निष्ठा, लगन व परिश्रम के लिए बधाई दी। जिसमें इंजीनियरिंग विभाग से मजहर हुसैन, एनबी. अम्बेडकर, अनुप कुमार श्रीवास्तव, ईनामुल हक, शशिकांत सिंह एवं जाहिद अली, लेखा विभाग से राजकुमार, मुकेश कुमार श्रीवास्तव एवं अहिबरन सिंह, भण्डार विभाग से राकेश सिंह, कमलेश वर्मा, डीसी मीना, अमित सिंह समस्त लखनऊ जंक्शन, मदन लाल, विपिन कुमार वर्मा एवं भगवान प्रसाद डिपो सहायक तथा रेलवे सुरक्षा बल विभाग से दिलीप कुमार डिविजनल इंस्पेक्टर लखनऊ जंक्शन को पुरस्कृत किया गया।

## सिधौली से बिसवां को जाने वाला मुख्य मार्ग रहेगा बाधित

**लखनऊ।** कमलापुर सिधौली रेलखण्ड के मध्य समपार संख्या 51 स्पेशल पर रेलवे ट्रैक की ओवर हॉलिंग एवं अन्य मरम्मत कार्य कराया जाना अपरिहार्य है। यह कार्य 16 अप्रैल की रात्रि 11 बजे से 17 अप्रैल को शाम 5 बजे तक किया जायेगा। जिसके कारण सिधौली से बिसवां को जाने वाला मुख्य सड़क मार्ग बाधित रहेगा एवं अन्य मार्ग उपलब्ध रहेंगे।

## बाबा साहब के विचार बड़े सार्थकः आदित्य कुमार



**लखनऊ।** बाबा साहब के विचार बड़े सार्थक हैं, हम संकल्प लेते है कि उनके द्वारा बताये आदर्शों को अपनायेगें व उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग का अनुसरण करेगें। यह बात डीआरएम आदित्य कुमार ने पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय के बहुउददेशीय हाल में सोमवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति की मदद करें तथा बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें। सामाजिक समानता की स्थापना ही बाबा साहब के जीवन का मुख्य उद्देश्य था। कार्यक्रम के आरम्भ में मण्डल कार्मिक अधिकारी बसंत लाल ने बाबा साहब के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रस्तुत किये। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का व्यक्तित्व अपने आप में एक दर्शन है तथा उनके समानता के सिद्धान्त हमें चिरकाल तक प्रेरित करते रहेंगें। इसके उपरांत एससीएसटी एसोसिएशन के पूर्व मण्डल अध्यक्ष सम्पतलाल मीना तथा ओबीसी एसोसिएशन एवं नरमू के पधाधिकारियों ने बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। इससे पूर्व समारोह के अध्यक्ष डीआरएम ने दीप प्रज्जवलन किया एवं बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किया। मण्डल के कला समिति के कलाकारों ने सांस्कृतिक गीत प्रस्तुत किया।

## भीड़ को ध्यान में रखते हुऐ साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन के संचलन का शिड्यूल

लखनऊ यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुऐ 09189 व 09190 मुम्बई सेन्ट्रल कटिहार मुम्बई सेन्ट्रल साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन मुम्बई सेन्ट्रल से 20, 27 अप्रैल, 4, 11, 18, 25 मई, 1, 8, 15, 22, 29 जून हर शनिवार को तथा कटिहार से 23, 30 अप्रैल, 7, 14, 21, 28 मई 4, 11, 18, 25 जून एवं 2 जुलाई प्रत्येक मंगलवार को 10 फेरों के लिए किया जायेगा।

# एलडीए का अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान जारी




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। सोमवार को प्राधिकरण की प्रवर्तन जोन-5 की टीम ने जानकीपुरम विस्तार में पूर्व में सील किये एक अवैध निर्माण को दोबारा सील कराया। प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी राजकुमार ने बताया कि मनीष जैन व अन्य की ओर से जानकीपुरम विस्तार में भूखण्ड संख्या 3/1258 पर लगभग 2152 वर्गफिट क्षेत्रफल में सेटबैक को कवर्ड करते हुए बेसमेण्ट सहित दो मंजिला व्यवसायिक इमारत का निर्माण कराया जा रहा था। विहित न्यायालय ने वाद योजित करते हुए कार्रवाई के आदेश दिये थे, जिस पर प्रवर्तन जोन-5 की टीम ने पूर्व में निर्माणाधीन इमारत को सील कराया था। वर्तमान में स्थल निरीक्षण में बिल्डर के पुनः निर्माण शुरू कराने पर सहायक अभियंता एन.एन. चौबे के नेतृत्व में अवर अभियंता सुभाष शर्मा ने सोमवार को इमारत को दोबारा सील कराया।

## अब वाहन के फिटनेस के लिये नहीं करनी पड़ेगी भागदौड़

**लखनऊ।** अपने वाहन की फिटनेस के लिए अब वाहन स्वामियों को भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी। उत्तर प्रदेश के व्यवसायिक वाहन स्वामियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब वाहन स्वामी प्रदेश के जिस जिले में चाहे उस जिले के आरटीओ कार्यालय में वाहन की फिटनेस करा सकेंगे। इसी के मद्देनजर परिवहन विभाग ने एनीव्हेयर व्हकिल फिटनेस व्यवस्था लागू कर दी है। जहां कहीं से भी वाहनों के फिटनेस आवेदन करने पर वाहन 4.0 पोर्टल पर फिटनेस की नई व्यवस्था के तहत लाइव नजर आयेगा।

## जय हिन्द स्कूल में ईद मिलन समारोह संपन्न

**लखनऊ।** हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक होली,दिवाली, ईद आदि त्योहार हमारी सभ्यता और सौहार्द का प्रतीक रहा है, जब भी इस तरह का कोई पर्व आता है तो हम सब मिल कर एक दूसरे को बधाई देते हैं और गले मिल कर हम मिठाइयों और नमकीन, सिवाइयों का लुत्फ उठाते हैं। हिदू मुस्लिम एकता और सौहार्द हमारे देश की विशेषता है जिससे हमारे देश को बल मिलता है।इसी संस्कारों और सौहार्द भाई चारा एकता को अपनी पहचान और विरासत समझ कर जयहिंद मांटेसरी स्कूल के प्रबंधक श्री सरफराज हुसैन रिज़वी द्वारा ठाकुरगंज स्तिथ जयहिंद मांटेसरी स्कूल में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में शामिल होने वालों में श्री राजेश चौहान प्रदेश सचिव बीजेपी, अहद खान,क्षेत्र के लोकप्रिय पार्षद सीबी सिंह अपने दल बल के साथ शामिल हुए वहीं चित्रगुप्त समाज के अध्यक्ष अरुण निगम,नेता अजय श्रीवास्तव अज्जू भय्या अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिक समारोह में शामिल होकर ईद की बधाईयां दी।

## कांग्रेस ने लखनऊ पूर्वी उपचुनाव के लिए मुकेश को बनाया उम्मीदवार



**लखनऊ।** लखनऊ पूर्वी विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने सोमवार को प्रदेश महासचिव और नगर निगम पार्षद मुकेश सिंह चौहान को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस महासचिव संगठन के.सी. वेणुगोपाल ने सोमवार को इस संबंध में पत्र जारी किया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. अलीमुल्लाह खान ने कहा कि लोकप्रिय प्रत्याशी घोषित होने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ही क्षेत्रीय जनता में उत्साह है। डॉ. खान ने कहा कि हमें विश्वास है कि कांग्रेस भारी बहुमत से पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में जीत हासिल करेगी। मुकेश सिंह चौहान कांग्रेस संगठन से वर्षो से जुड़े रहे हैं और वर्तमान में इस्माईलगंज-प्रथम वार्ड से दूसरी बार पार्षद चुने गये हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष रहने के साथ ही श्री चौहान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू और राजबब्बर के कार्यकाल में प्रवक्ता पद के अलावा संगठन में तमाम जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। विदित हो कि भारतीय जनता पार्टी विधायक पूर्व मंत्री आशुतोष टण्डन के निधन से रिक्त हुई लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट पर 20 मई को मतदान होगा।

# ऑल इण्डिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड का 17 अप्रैल को विरोध प्रदर्शन का ऐलान

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ऑल इण्डिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव, मौलाना यासूब अब्बास के अवास, अवध प्वाइंट, नक्खास, लखनऊ में आज दिनांक 15 अप्रैल, 2024 को एक प्रेसवार्ता हुई जिसे ऑल इण्डिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष, मौलाना सैयद साएम मेंहदी और बोर्ड महासचिव, मौलाना यासूब अब्बास ने सम्बोधित किया।

मौलाना यासूब अब्बास ने बाताया कि आज से 101 वर्ष पूर्व जन्नतुल-बकी मदीना में रसूले इस्लाम स.अ. की बेटी जनाबे फातिमा स.अ. और हमारे 04 इमामों के रोजों को आले सऊद ने ध्वस्त कर दिया था जिसके विरोध में हर साल प्रर्दशन होते हैं और रौज़ों को दोबारा निर्माण कराने की मांग की जाती है लेकिन सऊदी अरब हुकूमत ने न तो रौज़ों को बनवाया है और न ही हमें बनाने की इजाजत देते हैं। मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि इस्लाम धर्म में जोर जबरदस्ती नहीं है अपने नज़रयात जबरदस्ती दूसरों पर लादने को इस्लाम मना करता है लेकिन सऊदी अरब अपनी विचारधारा को समस्त मुसलमानों पर लागू करना चाहता है इसी संदर्भ में मेरी ओर से 17 अप्रैल, 2024 को दिन में 12:30 बजे, शहीद स्मारक, लखनऊ में सऊदी हुकूमत के खिलाफ एक विशाल विरोध प्रदर्शन (एहतिजाज) का आयोजन किया गया है। जो शान्तिपूर्ण तरीके से सऊदी अरब की हुकूमत के खिलाफ होगा जिसमें बड़ी संख्या में उलेमा, खुतबा, मातमी अन्जुमनें, शोअरा और बहुत बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। बोर्ड के महासचिव, मौलाना यासूब अब्बास ने बड़ी संख्या में लोगों से इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की। इस प्रेसवार्ता में मौलाना मिर्जा जाफर अब्बास, मौलाना एजाज अतहर, मौलाना इन्तिजाम हैदर समेत कई अन्य धर्म गुरु शामिल हुए।

## डॉ.भीमराव आम्बेडकर के 133वें जन्म दिवस पर समारोह का आयोजन

**लखनऊ।** अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन में सोमवार को भारत रत्न डॉ.भीमराव आम्बेडकर के 133वें जन्म दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आरडीएसओ के महानिदेशक अजय कुमार राणा एवं अन्य उपस्थित अधिकारियों ने डॉ.आम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। महानिदेशक अजय कुमार राणा ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव आम्बेडकर का व्यक्तित्व बहुमुखी विशेषताओं का अद्भुत संगम था। उन्होंने कहा कि बाबा साहब एक कुशल संविधानवेत्ता, न्यायविद्, सामाजिक शिक्षाशास्त्री, प्रेरणा पुरूष और राष्ट्रवादी होने के साथ साथ एक विद्वान साहित्यकार भी थे एवं बाबा साहेब के जीवन से चुनौतीपूर्ण कार्य करने की प्रेरणा भी मिलती है।

# अमरोहा में एक मंच पर दिखेंगे राहुल और अखिलेश



- प्रियंका करेंगी रोड शो, जानिए शेड्यूल

अवधनामा ब्यूरो

**अमरोहा/लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के ठीक पहले इंडिया गठबंधन के नेता सक्रिय होने जा रहे हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी 20 अप्रैल को अमरोहा में संयुक्त रैली करेंगे। इसके लिए दोनों पार्टियां तैयारियों में जुट गई हैं। दूसरे फेज के चुनाव के लिए यह रणनीति बनाई गई है। इस चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा। यह दोनों नेता 17 को भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रहेंगे। राहुल गांधी और अखिलेश यादव संयुक्त रूप से गाजियाबाद में प्रेस कांफ्रेंस करेंगे, जबकि प्रियंका गांधी रोड शो करेंगी। कांग्रेस के प्रवक्ता अंशु दीक्षित ने बताया कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव इस प्रेस कांफ्रेंस के जरिए इंडिया गठबंधन के एजेंडे से वाकिफ कराएंगे।

इसी तरह कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी सहारनपुर में रोड शो करेंगी। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। रोड शो के दौरान वह पार्टी उम्मीदवारों को जीताने की अपील करेंगी।

# नैक मानको में मांगी गई जानकारी के अनुसार विवरण अंकित करेंः राज्यपाल

- कुलपति प्रत्येक क्राइटेरिया हेड के साथ बैठकर तैयारी का अवलोकन करें
- बेस्ट प्रैक्टिस अद्वितीय और अन्यतम बनाएं
- तीसरे और सातवें क्राइटेरिया में विशेष सुधार करें: राज्यपाल



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ की नैक ग्रेडिंग हेतु तैयार सेल्फ स्टडी रिपोर्ट की समीक्षा की। विश्वविद्यालय द्वारा पहली बार नैक के लिए तैयारी की जा रही है। राज्यपाल के दिशा निर्देशन में विश्वविद्यालय द्वारा आज से पूर्व भी विभिन्न बैठकों में मार्गदर्शन प्राप्त किया जा चुका है। राज्यपाल ने एस.एस.आर. दाखिल करने हेतु विश्वविद्यालय की तैयारियों की समग्र जानकारी लेते हुए रिपोर्ट के प्रत्येक क्राइटेरिया की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक क्राइटेरिया हेड से नैक मानको में मांगी गई जानकारी के अनुसार विवरण अंकित करने, प्रत्येक विवरण के साथ समुचित फोटो प्रमाण संलग्न करने, फोटो में प्रदर्शित गतिविधि का उल्लेख कैप्शन में आवश्यक रूप से करने को कहा। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन.बी. सिंह को विशेष रूप से निर्देशित करते हुए एस.एस.आर. के प्रत्येक बिन्दु पर सुदृढ़ तैयारी करने को कहा। उन्होंने कहा कुलपति स्वयं प्रत्येक क्राइटेरिया हेड के साथ बैठकर तैयारी का अवलोकन करें। राज्यपाल ने बैठक में निर्देशित किया कि टीम के सभी सदस्य एक साथ बैठकर तैयार रिपोर्ट का अवलोकन करें, जिससे फोटोग्राफ की पुनरावृत्ति न हो और सदस्य अन्य क्राइटेरिया के बिन्दुओं पर भी अपेक्षित सुझाव देकर रिपोर्ट को सुदृढ़ करने में अपना सहयोग दे सकें।

# रायबरेली-अमेठी में गांधी परिवार को कोई रियायत नहीं देगी बसपा

- दोनों ही जगह प्रत्याशी तय, घोषणा जल्द

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** देश की बहुचर्चित रायबरेली और अमेठी सीट पर यदि गांधी परिवार के सदस्य राहुल गांधी या प्रियंका गांधी चुनाव लड़ते हैं तो भी बसपा उनके साथ कोई रियायत नहीं करेगी। बसपा वहां से मजबूत और जिताऊ प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। रविवार को सुल्तानपुर आए बसपा के मुख्य सेक्टर प्रभारी पूर्व सांसद घनश्याम खरवार ने यह जानकारी देते हुए कहा कि दोनों सीटों पर प्रत्याशी तय हो गए हैं, जिनका जल्द ही ऐलान हो जाएगा। रायबरेली में कांग्रेस अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी इस बार चुनाव मैदान में नहीं उतर रही हैं। ऐसे में यहां से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के चुनाव मैदान में उतरने की चर्चाएं हैं। वहीं, अमेठी सीट पर इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस ने अभी किसी नाम का ऐलान नहीं किया है किंतु कांग्रेस नेता दावा करते हैं कि यहां पर राहुल गांधी ही चुनाव लड़ेंगे।

इसके साथ ही यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि अभी तक दोनों सीटों पर प्रत्याशी न घोषित करने वाली बसपा यहां गांधी परिवार को वॉकओवर दे सकती है किंतु बसपा में अयोध्या, देवीपाटन, आजमगढ़ और वाराणसी के मुख्य सेक्टर प्रभारी पूर्व सांसद घनश्याम चंद्र खरवार ऐसी किसी संभावना से इन्कार करते हैं।

# कानून को बनाए रखने में फॉरेंसिक साइंस की अपनी एक अलग भूमिका हैः अवनीश अवस्थी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अवनीश अवस्थी (से.नि. आई.ए.एस. अधिकारी) ने आज उ.प्र. स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस, लखनऊ के छात्रों को फॉरेसिंक साइंस कानून का राज स्थापित करने में सहायक विषय पर एक बृहद व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने व्याख्यान में कहा कि कानून को बनाए रखने में फॉरेंसिक साइंस की अपनी एक अलग भूमिका है। किसी भी गम्भीर अपराध के प्रकरण में फॉरेंसिक साइंस के माध्यम से साक्ष्यों को संकलित कर बड़े से बड़े प्रभावशाली व्यक्ति को जो अपराध में सम्मलित है, उसके विरुद्ध ठोस कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।

व्याख्यान का शुभारम्भ निदेशक यूपीएसआईएफएस, डॉ. जी.के. गोस्वामी के सम्बोधन से हुआ। डॉ. गोस्वामी ने यूपीएसआईएफएस द्वारा कम समय में हासिल की गई उपलब्धि पर प्रकाश डाला। उन्होंने यूपीएसआईएफएस में प्रचलित एवं आगामी पाठ्यक्रमों की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि आने वाले वक्त में इन कोर्सेस की अवश्यकता बढ़ेगी। इन कोर्सो में शिक्षित छात्रो को देश के साथ विदेशों में भी काम करने का भरपूर अवसर प्राप्त होगा। अवनीश अवस्थी ने भारतीय न्याय प्रणाली के अनुसार फोरेंसिक विज्ञान के लिए वन स्टॉप शैक्षणिक संस्थानों के रूप में यूपीएसआईएफएस के विकास हेतु डॉ. जी.के. गोस्वामी को बधाई दी। उन्होंने कानून के शासन को कायम रखने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक त्वरित न्याय पहुंचाने में फोरेंसिक के महत्व से संबंधित अपने अपर मुख्य सचिव के कार्यकाल के दौरान के विभिन्न अनुभवों को भी साझा किए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध शैक्षणिक और व्यावसायिक आदान-प्रदान के विभिन्न अवसरों पर चर्चा की।

CMYK